डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹71800 10 ग्राम
₹92000 01 किलो
सेंसेक्स 81,748.57 -384.55
डॉलर 84.880 +0.076

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 17 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-63, पृष्ठ-12 ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 दिल्ली में प्रदूषण से बढ़ती जा रही...

# पर्यटकों के लिए साले डैम में विदेशी पक्षियों का आगमन बना आकर्षण

## बार हेडेड गूज और ब्राह्मणी डक सहित विभिन्न प्रजातियों के पक्षी दिखे, वन विभाग की सुरक्षा उपायों की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के साले डैम में इस बार विदेशी पक्षियों का आगमन हुआ है, जिसमें हजारों किलोमीटर दूर से आकर बार हेडेड गूज और रडी शेल डक जैसी प्रजातियां शामिल हैं। यह पक्षी अब यहां डेरा जमाए हुए हैं और आसमान में उनके झुंड मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं, जो आसपास के लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों के अनुसार, बार हेडेड गूज तिब्बत, कजाकिस्तान, रूस और मंगोलिया से हर साल चिल्का झील तक यात्रा करती हैं, और इस बार इन पक्षियों ने महुआडांड़ की आवोहवा को पसंद किया है। ये पक्षी अपने सफर के दौरान 28,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भरते हैं और लगभग 16,000 किलोमीटर की दूरी तय करते हैं।

साले डैम में दिखने वाली रडी शेल डक, जिसे ब्राह्मणी डक भी कहा जाता है, यूरोप, मंगोलिया और पश्चिमी चीन से आई है। इस पक्षी की खूबसूरत रंगत और अनोखा रूप इसे खास बनाता है। हालांकि, वन विभाग ने इस क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने और इन पक्षियों की सुरक्षा के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं, जिससे इन विदेशी पक्षियों के शिकार का खतरा बढ़ सकता है।



वनपाल कुंवर गंझू ने बताया कि वन टेकर को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है और जल्द ही सुरक्षा उपायों के तहत सुचनापट्ट लगाए जाएंगे। साथ ही, साले डैम को पर्यटक स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रचार प्रसार की योजना पर भी काम चल रहा है।

### विदेशी पक्षियों का आगमन और उनकी विशेषताएं

1. साले डैम में बार हेडेड गूज और रडी शेल डक जैसी विदेशी पक्षियाँ आई हैं।
2. बार हेडेड गूज लगभग 16,000 किलोमीटर का सफर तय करती हैं।
3. रडी शेल डक का प्रमुख प्रजनन क्षेत्र दक्षिण-पूर्व यूरोप से मंगोलिया और पश्चिमी चीन तक है।
4. वन विभाग द्वारा पक्षियों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।
5. साले डैम को पर्यटक स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रचार प्रसार किया जाएगा।
6. बार हेडेड गूज लगभग 16,000 किलोमीटर का सफर तय करके महुआडांड़ पहुंचती हैं।
7. ये पक्षी 28,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकती हैं।
8. बार हेडेड गूज सर्दी के मौसम में प्रजनन के लिए नदी किनारे अंडे देती हैं।
9. यह पक्षी महुआडांड़ की ठंडी जलवायु को पसंद करते हैं और हर साल वापस लौट सकते हैं।
10. इन पक्षियों का सफर तिब्बत, कजाकिस्तान, रूस, मंगोलिया से लेकर चिल्का झील तक का होता है।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई दो की मौत, एक घायल



**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के पांडेयमहुआ के समीप रविवार देर रात अनियंत्रित कार पेड़ से टकराने से कार सवार दो लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार पेड़ से टकराने के कारण कार क्षतिग्रस्त हो गया। चालक रात का अंधेरा का लाभ उठाकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही सहायक पुलिस अवर निरीक्षक उपेंद्र नारायण सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतकों की पहचान सिमरिया के बगरा निवासी महेंद्र प्रसाद केसरी के पुत्र राजा राम केसरी(38) एवं लावालौंग के प्रताप सिंह भोक्ता के पुत्र रोहित गंझू (27) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि कार पर मृतकों के साथ दो अन्य व्यक्ति इटखोरी की ओर जा रहे थे। इस क्रम में गिद्धौर थाना क्षेत्र के पांडेयमहुआ के समीप कार अनियंत्रित होकर एक आम के पेड़ में जा टकरायी।

## जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो सहित तीन हिरासत में

# जेएसएससी का घेराव करने पहुंचे छात्रों पर चलीं लाठियां

- पुलिस ने छात्रों को रोकने की कोशिश की, नहीं माने तो दौड़ा-दौड़ाकर मारा
- जेएसएससी में चल रहा सीजीएल के चयनित अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन रोके जाने का अभियान चलाने वाले छात्र सोमवार को जेएसएससी कार्यालय के बाहर दिनभर प्रदर्शन करते रहे। इन छात्रों पर पुलिस ने लाठियां बरसाईं।




घेराव करने के लिए झारखंड के विभिन्न जिलों से छात्र एकत्रित हुए थे। उनकी अगुवाई झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता देवेंद्र नाथ महतो कर रहे थे। घेराव करने जा रहे छात्रों को पहले पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मानने पर उनपर लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर मारा। मौके पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मधु रजक और मनोज कुमार महतो को हिरासत में ले लिया गया। ज्ञात हो कि जेएलकेएम सहित कई छात्र समूहों ने जेएसएससी की **शेष पेज 11 पर**

### जेएसएससी ने किया 430 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**रांची।** जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षाफल के आधार पर शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी। 20 दिसंबर तक 2,145 अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच होगी और इसके बाद रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी की जाएगी। जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार ने बताया कि 430 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया है। आगे भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जारी रहेगा। झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में लगभग दो हजार पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर को राज्य में 823 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा संपन्न होने के दूसरे दिन से ही अभ्यर्थियों ने पेपर लीक और प्रश्न पत्रों में पिछले वर्षों की रद्द परीक्षाओं के प्रश्न बड़ी संख्या में दोहराए जाने के आरोपों को लेकर हंगामा किया था।

## झारखंड में जनजातीय पर्यटन को बढ़ावा देने पर लोकसभा में सांसद ने उठाए सवाल

- पर्यटन मंत्रालय की योजनाओं के उपयोग और होमस्टे पहल पर चर्चा



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पर्यटन मंत्रालय से झारखंड में जनजातीय पर्यटन और एथनिक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों की है, लेकिन केंद्र सरकार स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने पूछा कि झारखंड को स्वदेश दर्शन योजना के तहत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित 30.44 करोड़ रुपये की राशि पूरी तरह से उपयोग में लाई गई या नहीं। यदि नहीं, तो कम उपयोग के कारण और कठिनाइयों के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

सांसद ने यह भी पूछा कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत 1000 होमस्टे विकसित करने की पहल में झारखंड के लिए कितने प्रस्तावित हैं और इसके लिए कितनी राशि आवंटित की गई है। पर्यटन मंत्री ने जवाब में कहा कि मंत्रालय विभिन्न पहल के माध्यम से झारखंड में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ-साथ अन्य गंतव्यों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के तहत स्वदेश दर्शन योजना में जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत नए निर्माण के लिए प्रति इकाई 5 लाख रुपये, नवीकरण के लिए 3 लाख रुपये और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए 5 लाख रुपये की सहायता शामिल है। यह जानकारी संसद के निजी सचिव अलग दुबे ने दी।

## ऑटो चालकों का आंदोलन तेज, समाधान को लेकर प्रशासन पर दबाव

# मांगें पूरी न होने पर अनशन और चक्का जाम की चेतावनी

- ऑटो चालकों के आंदोलन से पलामू की जनता परेशान
- जिला प्रशासन पर उदासीनता का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन और झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के तत्वाधान में पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता और केंद्रीय संगठन सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। उपायुक्त कार्यालय के समक्ष चल रहे आंदोलन और तीसरे दिन के चक्का जाम के बावजूद जिला प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ठंड में लगातार आंदोलन कर रहे चालकों ने प्रशासन पर तानाशाही और दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया। आंदोलन स्थल पर पहुंचे डाल्टनगंज विधायक **शेष पेज 11 पर**

## मंत्री के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने पर डीएसओ और डीसीओ को स्पष्टीकरण

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश कुमार सिंहा और जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को स्पष्टीकरण जारी किया है। यह स्पष्टीकरण 15 दिसंबर को हुए वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास, संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने के कारण किया गया। खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत जिले के सभी पैक्सों में धान अधिप्राप्ति कार्य की शुरूआत होनी थी, और इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में निर्देश दिए गए थे। हालांकि, मंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान दोनों अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम में असुविधा उत्पन्न हुई। मंत्री ने इस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की, इसके बाद डीसी ने यह स्पष्टीकरण किया है।

# हाथियों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** हाथियों के आतंक से आक्रोशित चिरका गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को चिनियां थाना चौक पर गढ़वा चिनियां मुख्य सड़क को घंटे जाम कर दिया। एएसआई कृष्णा साह, वनरक्षक प्रेमचंद दास के काफी समझाने के बाद भी ग्रामीण डीएफओ को बुलाने के जिद पर अड़े थे। चिनियां प्रखंड विकास पदाधिकारी सुबोध कुमार के काफी समझाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को हटाया। बीडीओ ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि 3 दिन के अंदर हाथी के आतंक से निजात दिलाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग से मिलकर पहल किया जा रहा है। सोमवार को हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए पीड़ित परिवार को 50-50 किलो चावल व खाने की सामग्री देने की बात कही। मामले को हल करने के लिए वन क्षेत्र पदाधिकारी **शेष पेज 11 पर**

### आज | कल




### इंडिया

# समय की मांग है पकड़ौआ शादी के मूल कारणों की समीक्षा की



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

बिहार के पकड़ौआ विवाह का खूनी चेहरा एक चेतावनी है कि विवाह जबरन नहीं सर्वसम्मति से हो तो सभी को खुशी देता है। पर क्या मजबूरी है कि बिटिया की शादी बंदूक के बूते कराई जाती है? भारतीय संस्कृति ही नहीं सभी धर्म-संप्रदायों में विवाह को बहुत ही पवित्र संस्कार माना जाता है,वैदिक संस्कृति में भी स्वयंवर से लेकर अनेक प्रकार के विवाहों को मान्यता मिली हुई है जिसमें प्रेम विवाह की तरह गंदर्भ विवाह की भी चर्चा है और सबसे खुशी वाले पलों से सजे पारंपरिक विवाह में सामाजिक रीति रिवाज इस तरह समाहित होते हैं कि पूरा परिवार ही नहीं समाज तक उसमें सम्मिलित हो जाता है, कुछ रीति रिवाज तो ऐसे भावपूर्ण होते हैं जिन्हें देखने के लिए परिजन वर्षों से दिन गिनते हैं और अतिथि घंटों की प्रतीक्षा करते हैं पर बिहार के एक विशेष प्रकार के विवाह ने समाज ही नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है और 17 फरवरी की घटना ने नीति निर्धारकों के साथ देश को झकझोर कर रख दिया है और एक बार फिर पकड़ौआ विवाह चर्चा में आ गया है। 1970-80 में तिलक दहेज और राजसी ठाटबाट वाली शादियों से असमर्थ लोगों ने इसे कुप्रथा पर जबरन रोक के नाम पर बेगूसराय जिले में बढ़ाया था। पकड़ौआ विवाह असल में वो होता है जिसमें शादी के लायक संपन्न या नौकरी वाले लड़के का अपहरण किया जाता है और फिर डरा-धमकाकर जबरन उसकी शादी करवा दी जाती है। नवंबर 2023 में पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ विवाह के एक मामले को रद्द कर दिया था। जस्टिस पीबी बजंथरी और अरुण कुमार झा की पीठ ने कहा था कि विवाह का पारंपरिक हिंदू रूप 'सप्तपर्व' और 'दत होम' के अभाव में वैध नहीं होता है। यदि सप्तपदी' पूरी नहीं हुई है, तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट के सामने दायर याचिका में याचिकाकर्ता एक सैन्यकर्मी ने कहा कि बंदूक की नोक पर बिना किसी धार्मिक या आध्यात्मिक अनुष्ठान के उसे लड़की की मांग में सिंदूर भरने के लिए मजबूर किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने आदेश पर रोक लगा दी है। हाल की दुखद घटना में पकड़ौआ शादी के बाद डेढ़ साल से लड़की अपने मायके में ही रह रही थी। जब लड़के के बड़े भाई की शादी की खबर लड़की के परिवार को हुई तो वे अपनी बेटी को लेकर उसके ससुराल पहुंचे,उन्हें लगा कि शायद अब उनकी बेटी के ससुराल वाले उसे अपना लेंगे। लेकिन लड़के के घर वालों ने लड़की को अपने यहां रखने से साफ इनकार कर दिया और बहस के दौरान लड़के के पिता ने लड़की, उसके पिता और भाई को गोली मार दी। 1970 के दशक में इस प्रकार की शादी की शुरूआत हुई थी तब शादी के बाद सामाजिक दबाव से वर के परिजन को वधू ले जाने के लिए राजी कर लिया जाता था। सामाजिक दबाव का इस्तेमाल करने के कारण पकड़ौआ शादी की सफलता का प्रतिशत 90 से भी ज्यादा था। दौर बदला और पकड़ौआ शादी की सफलता का प्रतिशत बढ़ता दिखा तो 1980 की दशक के बाद पकड़ौआ शादी का रूप बदलने लगा। दोस्तों व शुभचिंतकों की सहायता से पकड़ौआ शादी करने की परंपरा का व्यावसायीकरण होने लगा। कई गिरोह ने वर उठाने का काम शुरू कर दिया। धड़ल्ले से विभिन्न अपराधी गुट चिन्हित लड़के को उठाते थे तथा उनकी शादी मारपीट कर दी जाती थी। वधू पक्ष द्वारा चिन्हित लड़के को अपराधी गिरोह तमंचे की नोक पर अपहरण कर लेते थे तथा चिन्हित जगह पर अपहृत वर को पहुंचा दिया जाता था। और घर में जब शादी की रस्म शुरू होती थी तब उसे पता चलता था कि रात उसकी शादी है। 1985 के दौर में धीरे-धीरे पकड़ौआ विवाह ने पूरी तरह से व्यावसायिक रूप ले चुका था। 5 से 10 हजार रुपए में लड़का उठाने का काम धड़ल्ले से होने लगा था। 1990-95 के दौरान वर उठाने का गिरोह चलाने वाले सरगनाओं ने भी अपने घर की लड़कियों की शादी अच्छे घर के लड़कों से कराने का काम शुरू कर दिया और यही वह समय था जब पकड़ौआ शादी के असफल होने का प्रतिशत एकाएक बढ़ने लगा। आज बेगूसराय हो जहां से यह विवाह शुरू हुआ था या फिर पटना,मोकामा, कटिहार, गया जैसे जिले हों अब पकड़ौआ विवाह के मामले कम हुए हैं। पकड़ौआ शादी के बाद कई ऐसे मामले सामने आए जिसमें लड़कियों को प्रताड़ित किए जाने की बात सामने आई। लोगों की धारणा बदली है। लोग गरीब घर में बेटी की शादी कर लेने को तैयार हैं लेकिन पकड़ौआ शादी करने को तैयार नहीं हैं। इस प्रथा पर कई तरह की फिल्में और टीवी सीरियल बन चुके हैं। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक बिहार में 2020 में जबरन शादी कराने के 7,194, 2019 में 10,295, 2018 में 10,310 और 2017 में 8,927 मामले सामने आए। हालांकि, इसमें से अधिकांश मामले आपसी सहमति से निपटाए गए या प्रकाश में नहीं। आज के सभ्य समाज के लिए इसे कलंक ही माना जाएगा जिस पर अब सभी को सोचना चाहिए।



## ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला को मिला 'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण' में प्रथम पुरस्कार



- ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए 752 इकाइयों में से क्लोर अल्कली श्रेणी में मिला प्रथम स्थान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिवीजन, रेहला को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 14 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा बीईई (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी) के तत्वावधान में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'ऊर्जा संरक्षण दिवस' कार्यक्रम में दिया गया। इस वर्ष ग्रासिम, रेहला को क्लोर अल्कली क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण के लिए पहला पुरस्कार प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि, भारत के उपराष्ट्रपति माननीय जगदीप धनखड़ ने यह पुरस्कार ग्रासिम के क्लोर अल्कली डिवीजन के सीईओ मयंक शर्मा और ग्रासिम, **शेष पेज 11 पर**

# नए साल में खरमास के बाद 74 दिन है विवाह मुहूर्त, एक माह नहीं होंगे मांगलिक व शुभ कार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** नया साल 2025 शुभारंभ होने का आगाज लोगों में उत्सुकता के साथ आने का है। 15 दिसंबर 2024 से खरमास के दिन भी शुरू हो गये हैं। इस संबध में एक वार्ता में विद्वान ज्योतिषाचार्य पं. कुंडल तिवारी ने बताया कि नया साल 2025 में कुल 74 दिन वर- वधु के विवाह का मुहूर्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में खरमास के दौरान किसी भी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य को करने की वर्जित होती है। वर्तमान में 15 दिसंबर से खरमास शुरू हो गया है। जो 14 जनवरी 2025 को होगा। 15 दिसंबर की रात 10 बजकर 19 मिनट पर ही सूर्य धनु राशि में गोचर कर गये हैं। जिसे धनु संक्रांति कहा जाता है। सूर्य के धनु राशि में गोचर करते ही खरमास शुरू हो गया है। यह 14 जनवरी तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मिथिला पंचांग के अनुसार जनवरी 2025 में 10 दिन, फरवरी में 14 दिन, मार्च में पांच दिन, अप्रैल में नौ दिन, मई में 15 दिन और जून में पांच दिन शादी - विवाह का अच्छा मुहूर्त है। इसके अलावा नवंबर और दिसंबर महीने में भी अन्य कई दिनों में यह मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि इन तिथियों में कोई कार्य को करने से पूर्व हिन्दू धर्म के लोगों को सावधानी बरतने की जरुरत है।

### 14 जनवरी के बाद शुरू होगा विवाह का लग्न

**मोहम्मदगंज** रविवार से खरमास शुरू हो गया है। इस संबंध जानकारी देते हुए पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि खरमास में मांगलिक कार्य करने की मनाही रहती है। उन्होंने धार्मिक पंचांग के हवाले से बताया कि 15 दिसंबर को रात 10 बजकर 19 मिनट पर सूर्य धनु राशि में गोचर कर गए हैं। जिसे धनु संक्रांति कहा जाता है। सूर्य के धनु राशि में गोचर करते ही खरमास शुरू हो गया है। जो 14 जनवरी तक रहेगा। इसके पश्चात सुदिवस शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि मिथिला पंचांग के अनुसार 2025 में 74 दिन शादी-विवाह का मुहूर्त रहेगा। इसमें जनवरी में 10,फरवरी 14, मार्च 5, अप्रैल 9, मई 15 और जून में 5 दिन शादी-विवाह का अच्छा मुहूर्त रहेगा।

# विधायक ने अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

## सरकारी आदेश के बाद नहीं शुरू हो सकी दोनों पाली में ओपीडी सेवा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय के हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने रविवार की शाम किया। अस्पताल परिसर में विधायक के पहुंचते ही एकमात्र उपस्थित एएनएम ने आकर बताया कि सुबह नै बजे से अपराह्न तीन बजे तक ही ओपीडी संचालित होता है। दूसरी पाली में यहां कोई भी चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी नहीं रहते। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल प्रभाव से सभी सरकारी अस्पतालों में दूसरी पाली में भी शाम चार से छह बजे तक ओपीडी का संचालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इसके बावजूद इस व्यवस्था को चालू नहीं होने से अये दिन रोगियों को अन्यत्र लेकर भागदौड़ करना पड़ता है। तत्काल कई रोगियों का प्राथमिक उपचार तक नहीं होने से असमय काल के गाल में समाना भी पड़ा है। राजद प्रदेश सचिव रिजवान खान, कलामुद्दीन खान व अजहर अली ने इस अस्पताल में महिला चिकित्सक की पदस्थापना कराने का आग्रह विधायक से किया है। चार वर्ष से आपातकालीन सेवा सहित शाम तीन बजे के बाद ओपीडी सेवा बंद रहने से मरीजों को अन्यत्र लेकर ही भागदौड़ करना पड़ता है। बता दें कि 24 घंटा निरंतर ओपीडी सेवा मिलने वाली इस अस्पताल में 14 जनवरी 2020 को मरीजों के परिजन व स्वास्थ्य कर्मियों के बीच हंगामा व मारपीट के बाद यह सेवा बंद किये जाने के बाद आज तक चालू नहीं होने से आम मरीजों की परेशानी कायम है। विधायक ने इस समस्या को स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन उपस्थित लोगों को दिया है।

## एक नजर

### पुलिस ने बच्चे को ढूंढ कर परिजन को सौंपा

**उंटारी रोड।** पांडू पुलिस ने करमडीह निवासी चार वर्षीय गौरी कुमारी पिता मनोज सिंह को तीन घंटा के खोजबीन के बाद उसे परिजनों को सौंपा। बताते चले कि पत्रकार मनोज सिंह कि पत्नी अपनी चार वर्षीय पुत्री के साथ बाजार गई थी। इस दौरान उनकी पुत्री गौरी कुमारी दुकान में समान खरीदने के दौरान गुम हो गई। बच्ची गुम होने के बाद मनोज सिंह ने पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने विजय कुमार रजक के साथ टीम बनाकर पीसीआर टीम को भेजा। पीसीआर कि टीम ने लगातार तीन घंटे खोजबीन के बाद बच्ची को खोज कर परिजनों को सौंप दिया।

# विधायक ने किया कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के इस्लामगंज में विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने सोमवार को जिला कल्याण मद से बनने वाले कब्रिस्तान चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। इस शिलान्यास कार्यक्रम के बाद विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी का निर्माण हो जाने के बाद कब्रिस्तान में गंदगी और आवारा पशुओं का अन्यंत्र विचरण से मुक्ति मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा की हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, युवा नेता रवि यादव, राजेश कुमार सिंह,पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम, जुल्फिकार अली, नेहाल असगर, मोहिउद्दीन अंसारी, बैबुल अमीन, डॉ. एजाज आलम, शाकिर अली, बबलू हुसैन, आमीन खान, बीरेंद्र राम समेत कई लोग मौजूद थे।

# एसडीपीओ ने चौकीदारों की ली परेड मामलों की समीक्षा कर कार्रवाई का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को एसडीपीओ मो. याकूब ने चौकीदारों की परेड ली। इसके साथ ही उनके कार्य, कर्तव्य और दायित्व बोध को समझाया। उन्होंने कहा कि इस थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के बीच कई तरह की समस्याएं आती रहती है। उन्हें संबंधित क्षेत्र गांवों में ही किसी भी मामले को सलटाने का प्रयास किया जाना चाहिए। साथ ही कहीं अप्रिय घटना, अपराध की सूचना भी समय पर अपने थाना तक पहुंचाने की जिम्मेवारी बनती है। उन्होंने इस दौरान वर्तमान और लंबित पंजीकृत कई कांडों की समीक्षा उपरांत अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को दिया। मौके पर थाना प्रभारी अफजल अंसारी के अलावे रामचंद्र राम, गुड्डु कुमार, कमलेश राम, महेन्द्र राम, आजम खान सहित कई अन्य चौकीदार शामिल थे।

# प्रशासन ने की अलाव की व्यस्था, राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** अंचल कार्यालय की ओर से कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्टेशन रोड और नहर चौक पर सोमवार की शाम अलाव की व्यवस्था कर दी गई है। बताया गया कि इस मुदे को सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह और पंसस ममता देवी ने पंचायत समिति की बैठक में भी उठाया था। इसके अलावा राष्ट्रीय नवीन मेल में भी 14 दिसंबर को 'दिन भर साफ मौसम और खिली धूप में भी ठंड का एहसास, सर्द हवाओं का बढा प्रभाव, चौक-चौराहों पर अलाव की व्यस्था हो : महेंद्र' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। इसे ही गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार ने अलाव की व्यस्था करा दी है। इससे लोगों खासकर, मुसाफिरों को ठंड से राहत मिलने लगी है।

# टिटही गांव का सरकारी स्कूल भगवान भरोसे, छह माह से एमडीएम बंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा दिलाने की तमाम कोशिशों के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों का लापरवाही पूर्ण रवैया नजारा आ रहा है। शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। ऐसे ही हालात ऊंटारी रोड प्रखंड के मुरमाखुर्द पंचायत अन्तर्गत ग्राम टीटही के राजकीय प्राथमिक विद्यालय स्कूल का है। ग्रामीणों के मुताबिक प्रतिदिन विद्यालय नियमित रूप से नहीं खुलता है। महीने में चार दिन ही विद्यालय खुलता है। हालात यह है कि बच्चे बैग टांगे स्कूल के ताला लगे गेट पर शिक्षकों का इंतजार करते रहते हैं और कई बार जब शिक्षक 12 बजे तक भी नहीं आते तो बच्चे वापस घर लौट जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक से शिकायत के बाद भी विद्यालय में कोई सुधार नहीं हो रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती। केवल कारवाई के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है। मिलीभगत से शिक्षक कर रहे मौज, ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय एक ही शिक्षक के भरोसे संचालन होता है। शिक्षक घर बैठे वेतन प्राप्त करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि हम खुद परेशानी उठाकर अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजते है। हालात यह है कि, सोमवार को जब क्षेत्र भ्रमण के दौरान गांव पहुंचे तो विद्यालय में ताला लगा था। शिक्षकों के मनमाने रवैये से परेशान ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सुधार की कोशिश की लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीण अशरफ अंसारी, शफीक अंसारी, नेयामत अंसारी, महफूज अंसारी, जलालूदिन अंसारी, यूसुफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, जावेद अंसारी के साथ कई ग्रामीणों ने बताया कि हमे अपने बच्चों के भविष्य की चिंता है। गांव का सरकारी स्कूल समय से नहीं खुलता और खुलता है तो शिक्षक पढ़ाते नहीं है, इस कारण बच्चों को अध्यापन कार्य प्रभावित होता है ,मध्याह्न भोजन भी 6 महीने से बंद है इसलिए ऐसे शिक्षक पर कारवाई होनीचाहिए। शिक्षक संजय सिंह से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह अपने विभाग को बता दिए हैं कि उनकी तबियत खराब है। इस कारण वह अवकाश पर हैं।

### शिक्षक से स्पष्टीकरण पूछा जाएगाः बीईईओ

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेंद्र प्रजापति ने बताया कि स्कूल बंद की सूचना मिली है। शिक्षक द्वारा मुझे जानकारी नहीं दिया गया है कि तबियत खराब है। वह बिना बताए अवकाश पर है। इसलिए शिक्षक को स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। अब देखना यह है कि विभाग द्वारा इस पर क्या कारवाई किया जाता है।

# म्यूटेशन व दाखिल खारिज का मामला लंबित

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार की आकंठ में डूबी है। अंचल में बिना पैसे दिए काम कराना संभव नहीं है। अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज, जमीन का ऑनलाइन आदि को लेकर सैकड़ों आवेदन लंबित हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार नावाबाजार अंचल में वर्तमान समय दाखिल खारिज के लिए 15 दिसंबर तक 165 आवेदन किए गए हैं। जिसमें से 15 आवेदन को अंचल कार्यालय द्वारा कारण बता रिजेक्ट कर दिया गया। प्राप्त 165 आवेदन में केवल 36 आवेदन का निपटारा किया गया। जो अपने आप में सक्षम है या फिर बिचौलियों के माध्यम से अंचल कार्यालय में संपर्क बना सके। इसके पूर्व भी अंचल कार्यालय की उपलब्धि बहुत अच्छी नहीं रही है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में 267 आवेदन किए गए। जिसमें केवल 62 आवेदन को हीं निपटारा किया गया। बाकी 205 आवेदन को रिजेक्ट कर दिए गए। वित्तीय वर्ष 2021-22 पर नजर डालें तो म्यूटेशन कार्य को लेकर 337 आवेदन किए गए। इनमें केवल 50 आवेदन हीं निपटारा हो सका।बाकी 287 आवेदन को अंचल कार्यालय के द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 पर नजर डालें तो म्यूटेशन कार्य को लेकर 386 आवेदन किए गए। इनमें केवल 99 आवेदन हीं निपटारा हो सका। बाकी 287 आवेदन को अंचल कार्यालय के द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाता है। वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 पर नजर डालें तो म्यूटेशन कार्य को लेकर 384 आवेदन किए गए। इनमें केवल 105 आवेदन हीं निपटारा हो सका। बाकी 279 आवेदन को अंचल कार्यालय के द्वारा रिजेक्ट कर दिया जाता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के 15 दिसंबर तक 165 आवेदन जमीन म्यूटेशन को लेकर किए गए। जिसमें केवल 36 आवेदन का निपटारा किया गया। 9 आवेदन पर आपत्ति जताई गई। 15 आवेदन को रिजेक्ट कर दिए गए। 105 आवेदन आज भी पेंडिंग हैं।

# रेल फाटक पर तीन साल बाद भी नहीं मिला सड़क जाम से छुटकारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** डीडीयू रेलमंडल के बीडी सेक्सन में हैदरनगर रेलवे स्टेशन से जुड़े रेल फाटक संख्या एलसी नं. 50/बी/टी पर तीन साल बाद भी जाम से वाहन संचालकों व आम राहगीरों को छुटकारा नहीं मिल सका है। इस रेल फाटक को यातायात सुगम व सुचारु रखने के लिये घंटों फाटक का बंद करना पड़ता है। इससे मुख्य पथों पर वाहनों सहित लोगों की भीड़ का रेला लगता रहा है। हालांकि रेलवे के थर्ड लाईन निर्माण कार्य को लेकर कई छोटे रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का निर्माण करा चुकी है। किन्तु अति व्यस्ततम इस रेल फाटक पर आरओबी का निर्माण अधर में लटके रहने आमजनों को आपात स्थिति में सरकारी अस्पताल, ब्लॉक व थाना परिसर तक आवागमन में बड़ी कठिनाई खड़ी है। इस समस्या के प्रति रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति पलामू के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला पार्षद संगीता देवी, हैदरनगर पूर्वी पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह, सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा सहित विभ्न्नि संगठनों के कार्यकताओं ने सांसद से अविलंब आरओबी निर्माण कराकर जाम से छुटकारा दिलाने का आग्रह किया है। उन्होंने रेल महाप्रबंधक हाजीपुर व डीआरएम तक पत्राचार भी कई बार किया। बावजूद समस्या यथावत रहने से लोगों में नाराजगी है। वहीं दो माह पूर्व ही विभागीय सूत्रें से जानकारी मिली है कि आरओबी के लिये सर्वे के बाद मंत्रालय को स्वीकृति के लिये भेजा गया है। किन्तु सड़क मार्ग का घंटों कनेटिविटी अवरुद्ध होने व बाधित आवागमन में शामिल लोगों ने रेल प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है।

# मुख्य नहर के जीर्णोद्धार का काम 5 साल में भी पूरा नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीमबराज से निकली उत्तर कोयल मुख्य नहर के रिमॉडलिंग का काम 5 साल में भी पूरा होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में खरीफ सीजन के बाद कार्यकारी मौसम की वजह से रबी फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को पानी नहीं मिल पाता है। इस बार भी रिमॉडलिंग वर्क को लेकर चालू रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की कम ही संभावना व्यक्त की गई है। इसी वजह से भीमबराज में संग्रह से अतिरिक्त पानी कोयल नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। हालांकि पहले कई बार काम नहीं हो पाने की स्थिति में ही अंतिम समय में नहर में पानी छोड़ दिया जाता रहा है। इस रबी सीजन में भी नहर में पानी नहीं छोड़ा गया। वजह काम का चालू होना बताया गया। युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह और शुभम कुमार सिंह का कहना है कि तय समय सीमा में रिमॉडलिंग वर्क के पूरा नहीं हो पाने के कारण रबी सीजन में इस फसल के पटवन को लेकर किसानों के समक्ष विकट स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसी स्थिति में अधिकांश किसानों ने रबी फसल की बोवाई ही नहीं कर पाने से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जबकि बरसात के बाद भी चालू मौसम में भीमबराज में काफी पानी जमा कर रखा जाता है। जबकि पहले तो इस सीजन में या तो भीमबराज में पानी जमा नहीं हो पाता था। या नहीं तो पानी के जमा होने की स्थिति में उसे कोयल नदी में प्रवाहित कर दिया जाता था।

### वर्ष 2019 में शुरू, जून 2025 में पूरा करने का लक्ष्य

2019 में सीडब्ल्यूसी के फंड से मुख्य नहर की रिमॉडलिंग का काम प्रारंभ किया गया था। इस दौरान तत्कालीन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इसमें घटिया निर्माण को उजागर करते हुए इसकी जांच भी कराने का काम किया। इसी बीच कंपनी ने ही अचानक इस कार्य को बंद कर दिया। बाद में मूल कंस्ट्रक्शन कंपनी वेबकोस और इस कार्य को करा रही सेमी कांट्रेक्टर केसीपीएल के बीच पैसे के लेन-देन के विवाद का मामला पुलिस तक पहुंच गया था। जिसमें सुलह भी हो गया। तब भी इस काम में विलंब और विवाद को देखते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के निर्देश पर 13 अगस्त 2023 को भीम बराज के कंट्रोल रूम में पलामू के वीडी राम के अलावा औरंगाबाद व चतरा के निवर्तमान सांसदों ने अभियंताओं व निर्माण कंपनी के साथ बैठक में अबतक कराए गए कार्यों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए जल्द काम पूरा करने की हिदायत दी थी। तब कंपनियों ने नवंबर से कार्य युद्धस्तर पर कराने का वादा किया और काम किया भी। मगर अब तक के काम की गति को देखते हुए इसके तय समय सीमा जून 2025 तक पूर्ण होने की उम्मीद नजर नहीं आती है। जैसा कि उक्त बैठक में कंपनियों ने सांसदों के समक्ष वचन दिया था। इन्हीं कंपनियों को पुलों का भी निर्माण करना है। जिनकी भी हालत काफी जर्जर हो गई है। किसानों ने रबी सीजन में सिंचाई के अभाव में फसलों के लगातार नुकसान को देखते हुए नहर के रिमॉडलिंग कार्य में विलंब के मद्देनजर इसे इस कंपनी से वापस लेकर किसी अन्य योग्य कंपनी से इसे युद्ध स्तर पर पूरा करा कर हुसैनाबाद की 11780 के अलावा बिहार की एक लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि को निर्बाध रूप से पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की जरूरत बताया है।

# मुखिया ने इमली नाला पुलिया का किया उद्धाटन

**रमना** पिछले 20 वर्षो से ठंड, गर्मी और बरसात के मौसम में अधूरा पड़ा इमली नाला से गुजरने के लिए सिलीदाग पंचायत के अति पिछड़ा ग्राम छपरदगा के ग्रामीण विवश थे। गर्मी में तो कम दिक्कत थी, लेकिन सर्दी और बरसात के मौसम में इस रास्ते से लोगों को गुजरने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को ग्रामीणों ने मुखिया अनीता देवी को सुनाया तो मुखिया ने इस अधूरे योजना को पूर्ण करने की सहमति दे दी। अधूरे पुलिया के लिए 15 वें वित्त से 15,2800 रुपए की लागत से पूरा करा दिया। सोमवार को छपरदगा ग्राम के इमली नाला पुल का उदघाटन कर मुखिया ने इस हाड़ कंपाती ठंड में ग्रामीणों को नाला से पार होने की समस्या को दूर किया। मौके पर वार्ड सदस्य प्रभा देवी, प्रदीप कुमार, कलावती देवी, रीना देवी, हलकनिया देवी,दलेस्वर यादव विश्वनाथ यादव इत्यादि शामिल थे।

## आस्था

### मारूति नंदन महायज्ञ भक्ति भाव से संपन्न

# 7 दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के तेतराई पंचायत स्थित सरौना गांव में आयोजित 7 दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री मारूति नंदन महायज्ञ रविवार को धूमधाम और भक्तिभाव से संपन्न हुआ। यज्ञ के अंतिम दिन देव पूजन, पूर्णाहुति, महाआरती, नगर भ्रमण और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा नेत्री लवली गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में विशेष रूप से कथा वाचक मानस गंगा प्रियंका पांडे (उत्तर प्रदेश, बनारस), रोहित शास्त्री (बक्सर) और रामलीला का झांकी प्रस्तुत करने वाले कलाकार शामिल हुए। अयोध्या से आए यज्ञाचार्य धर्मेंद्र पांडे और रविंद्र पांडे के नेतृत्व में यज्ञ विधिपूर्वक संपन्न हुआ। सहयोगी पंडितों ने वैदिक रीति-रिवाज से यज्ञ के सभी विधि-विधान संपन्न किए। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद यज्ञ परिसर में रविंद्र पांडे ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के दोहे और चौपाइयों की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मन, कर्म और वचन में सामंजस्य से ही सफलता मिलती है, और हनुमान जी की सफलता भी इसी कारण थी। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद लिया। यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष हरिहर शर्मा, सचिव संतोष शर्मा, उप सचिव रामप्रवेश सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश सिंह और डॉ. रविंद्र शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कंबल वितरण व अलाव की व्यवस्था कराने की मांग, आन्दोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए हुसैनाबाद सिटी में कंबल वितरण कराने व अलाव की व्यवस्था कराने की मांग पलामू डीसी से की हैं। उन्होंने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र मे अभी शीतलहर का प्रकोप जारी है। इसके बावजूद यहां अबतक राज्य सरकार द्वारा न तो कंबल वितरण किया जा रहा है और ना ही अलाल की व्यवस्था ही की जा रही हैं। ऐसे में गरीब व असहाय परिवार ठंड में किसी तरह जीवन बसर कर रहे हैं। जबकि यह क्षेत्र सोन नदी से सटे होने के कारण इस क्षेत्र में ठंड का प्रकोप काफी ज्यादा हो गई है। यहां प्रत्येक वर्ष दिसंबर माह में ठंड काफी बढ़ जाती है। इस वर्ष हुसैनाबाद अनुमंडल के शहरी क्षेत्रों में कहीं पर भी नगर पंचायत के द्वारा अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह के अंदर उक्त व्यवस्था पर अमल नहीं किया गया तो आन्दोलन करेंगे। हुसैनाबाद नगर पंचायत सहित रेलवे स्टेशन परिसर में भी रिक्शा चालक, ठेला चालक, फुटपाथ पर रहने वाले सहित राहगीर इस सर्दियों व कनकनाती ठंड हवा के झोंके से लोगों को सड़क पर चलना भी काफी मुश्किल हो गया है। शाम होते ही सभी सड़कें सुनी हो जा रही है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से भी करेंगे।और इसका समाधान कराने की पहल करनेकी बात कहीं हैं।

### पलामू में धान अधिप्राप्ति की धीमी शुरूआत से किसान परेशान

# 41 केंद्रों में से केवल 7 केंद्र शुरू, 2 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य अधर में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत पलामू जिले में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति शुरू हो गई है, लेकिन व्यवस्था की धीमी गति ने किसानों को निराश कर दिया है। जिले के 41 अधिप्राप्ति केंद्रों में से अब तक केवल 7 केंद्र चालू हो सके हैं। सहकारिता और खाद्य आपूर्ति विभाग की धीमी कार्यशैली के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है।




**धान खरीद का लक्ष्य और स्थिति:** इस वर्ष जिले में 2 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक जिले में 10,000 से अधिक किसानों ने निबंधन कराया है। अधिप्राप्ति केंद्रों की धीमी शुरूआत के कारण, सोमवार तक केवल 100 क्विंटल धान की खरीद हो सकी है। ऐसे में यह लक्ष्य पूरा करना चुनौतीपूर्ण दिख रहा है। जिले के अधिकांश 34 अधिप्राप्ति केंद्रों का उद्घाटन तक नहीं हुआ है। उद्घाटन हो चुके केंद्रों में भी काम ठप है। उदाहरण के लिए, चैनपुर व्यापार मंडल और पैक्स केंद्रों में रविवार को उद्घाटन के बावजूद सोमवार को खरीद शुरू नहीं हो पाई। नीलांबर पीतांबर के कोटखास और लेस्लीगंज पैक्स केंद्रों में भी स्थिति जस की तस है। धान क्रय केंद्रों की निष्क्रियता के कारण, किसान मजबूरी में अपनी फसल महज 1500-1800 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर महाजनों को बेच रहे हैं। सरकारी दर 2040 रुपए प्रति क्विंटल होने के बावजूद किसान इससे वंचित हो रहे हैं।

धान अधिप्राप्ति केंद्रों के संचालन में देरी किसानों को बड़ा नुकसान पहुंचा रही है। किसान न केवल आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं, बल्कि उन्हें ठंड के मौसम में फसल भंडारण की भी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को जल्द से जल्द सभी 41 केंद्रों को चालू कर किसानों के लिए खरीद प्रक्रिया सुचारू बनानी होगी। 2 लाख क्विंटल के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सहकारिता विभाग को सजगता दिखानी होगी। वहीं, किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए विभागीय अधिकारियों को गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है।

# सद्दीक मंजिल चौक पर चला सघन वाहन जांच अभियान

**लाइसेंस और हेलमेट के बिना चलने वालों पर कार्रवाई, 53150 रुपये का जुर्माना वसूला**



**मेदिनीनगर।** सोमवार को सद्दीक मंजिल चौक स्थित कोयल नदी पुल के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने कचहरी चौक पर भी वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। 12 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया और चालान फाइन के लिए व्यवहार न्यायालय, पलामू भेजा गया।

जांच के दौरान कुल 53150 रुपये जुमार्ने के रूप में वसूले गए। इसमें जिला परिवहन कार्यालय से 1150 रुपये ई-रिक्शा का चालान और 15 दोपहिया वाहनों का चालान जुमार्ना राशि 52000 रुपये शामिल है।

**वाहनों की स्टैंड पर व्यवस्था: शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए पांच टेंपो स्टैंड निर्धारित किए गए हैं:**

**चैनपुर:** चैनपुर से आने वाले टेंपो को टेंपो स्टैंड के पास रोका जा रहा है।

**सतबरवा और लहलहे:** इन क्षेत्रों से आने वाले टेंपो चियांकी के पास रुकेंगे।

**पड़वा और नवा बाजार:** इन क्षेत्रों से आने वाले टेंपो बीसफुट्टा चौक पर रुकेंगे।

**पाटन:** पाटन से आने वाले टेंपो टीवी टावर के पास रुकेंगे।

**पांकी और लेस्लीगंज:** इन क्षेत्रों से आने वाले टेंपो पोखराहा नगर निगम बोर्ड के पास रुकेंगे।

पुलिस ने बताया कि इसका उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सड़कों पर सुरक्षित यात्रा व्यवस्था बनाए रखना है।

# कांग्रेस की समीक्षा बैठक में हार के कारणों पर गहन मंथन

**प्रशासन पर पक्षपात का आरोप, विस्तृत रिपोर्ट होगा तैयार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू और गढ़वा जिलों के तीन विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को अनुकूल परिणाम नहीं मिले। इसके बाद पार्टी ने समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक (बिट्टू पाठक) ने की। बैठक में प्रदेश से नियुक्त अध्यक्ष रविंद्र सिंह, सदस्य विनय टीपू सिन्हा और भीम कुमार मौजूद रहे। बैठक में गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भाग लिया। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी को हराने का प्रयास किया। काउंटिंग के दिन दो ईवीएम की गिनती नहीं हो सकी, जिससे कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। विश्रामपुर विधानसभा में कांग्रेस उम्मीदवार सुधीर चंद्रवंशी और कार्यकताओं ने राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार नरेश सिंह के पक्ष में समर्थन दिया। अन्य विधानसभा क्षेत्रों की हार पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सभी क्षेत्रों के रिपोर्ट तैयार किए गए। बैठक में लाल सूरज, विजय चौबे, विनोद तिवारी, लक्ष्मी सुरेंद्र तिवारी, नारायण तिवारी, रामाशीष पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



### राष्ट्रीय युवा महोत्सवः जिला स्कूल मैदान में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# युवाओं की भागीदारी रही कम जूरी सदस्यों को भी हुई परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला खेल कार्यालय, एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र की पलामू यूनिट द्वारा स्थानीय जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामूहिक लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, फोटोग्राफी सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू और जिला खेल पदाधिकारी द्वारा किया गया।




हालांकि, कार्यक्रम में अपेक्षित संख्या में युवाओं ने भाग नहीं लिया, जिससे आयोजकों को निराशा हुई। विज्ञान प्रदर्शनी और लोक नृत्य जैसे आयोजनों में भी प्रतिभागियों की कमी रही। इसके अलावा, जूरी सदस्य भी आयोजन के दौरान संशय में दिखे, क्योंकि कार्यक्रम की गति में निरंतर बदलाव होने से निर्णय प्रक्रिया में कठिनाई आई। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार राशि और प्रमाणपत्र दिए जाएंगे, और जिला स्तर के विजेता प्रमंडल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इस आयोजन में जिला खेल कार्यालय के सिकंदर और एनएसएस कोऑर्डिनेटर सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## पलामू जिला में मोतियाबिंद ऑपरेशन की मुहिम तेज, 16,346 मरीजों का लक्ष्य

**मेदिनीनगर।** डीबीसीसी (जिला अंधापन नियंत्रण समिति) के सौजन्य से पलामू जिला में 2024-25 के दौरान मोतियाबिंद ऑपरेशन की शुरूआत हो गई है। इस मुहिम के तहत 16,346 मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि, 15 दिसंबर तक महज 4,022 मरीजों का ऑपरेशन किया जा सका है, जिससे निर्धारित लक्ष्य से 12,304 मरीजों का ऑपरेशन अभी बाकी है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मार्च तक यह लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार कर रहा है, जिसमें सहिया और एनएएम के जरिए गांव-गांव में लोगों को ऑपरेशन के लिए जागरूक किया जा रहा है। ऑपरेशन के बाद मरीजों को दवा और लेंस भी मुहैया कराया जा रहा है। पिछले साल, 2023-24 में 16,825 मरीजों का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया था, और इस साल भी लक्ष्य को पूरा करने की पूरी उम्मीद है।

## प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिलेगा राज्य स्तरीय दौड़ में मौका

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 दिसंबर 2024 को पलामू जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता जी.एल.ए. कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम में सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए एएफआई (एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। खिलाड़ियों को अपने साथ उम्र प्रमाण पत्र और आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। उम्र प्रमाण के लिए मैट्रिक की मार्कशीट या एसडीओ/नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र स्वीकार किए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा, जो जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी। इसकी जानकारी पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी।

# सीसीएल राजहरा क्षेत्र ने सीएसआर मद से 50 केवीए जनरेटर और व्हीलचेयर का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज 16 दिसंबर 2024, सोमवार को सीसीएल राजहरा क्षेत्र द्वारा सीएसआर मद के तहत 50 केवीए (डी.जी. सेट) जनरेटर का उद्घाटन महाप्रबंधक श्री मनीष कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीसीएल राजहरा क्षेत्र द्वारा रेड क्रॉस पलामू को एक व्हीलचेयर भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में सीसीएल राजहरा क्षेत्र के डॉक्टर सच्चिदानंद (मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी), श्री एडाम (मुख्य प्रबंधक, खनन), एम.पी. गुप्ता (मुख्य प्रबंधक, विद्युत), सौरभ भारद्वाज (सहायक प्रबंधक) और डॉक्टर अनिल उपस्थित रहे। वहीं, रेड क्रॉस पलामू के सदस्य डॉक्टर अनिल सिंह (उपाध्यक्ष), डॉक्टर सत्यजीत गुप्ता (सचिव), सुधीर सिंह (कोषाध्यक्ष), सुधीर अग्रवाल (संयोजक), अलोक वर्मा, कृष्णा प्रसाद अग्रवाल, और अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सर्किट हाउस में कांग्रेस नेताओं के बीच विवाद समीक्षा बैठक में न बुलाए जाने पर भिड़े कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को सर्किट हाउस में कांग्रेस के कुछ नेताओं के बीच विवाद हो गया। यह विवाद तब हुआ जब कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में शामिल न किए जाने को लेकर नाराज हो गए और कार्यक्रम के संयोजक रविंद्र सिंह से मिलने पहुंचे थे।

इस दौरान कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव रामाशीष पांडे से उनकी बहस बढ़ गई, जो बाद में तीखी बहस में बदल गई। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष जीशान खान ने आरोप लगाया कि रामाशीष पांडे ने विधानसभा चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया, जिसके कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। इस पर जमकर कहासुनी हुई। हालांकि, इस दौरान कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता बीच-बचाव करते भी नजर आए।



यह घटना तब घटी जब कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक में कई कार्यकताओं को शामिल नहीं किया गया था। इस मुद्दे पर जीशान खान ने विरोध जताया और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक से सवाल किया कि अल्पसंख्यक विभाग को बैठक से क्यों बाहर रखा गया। जिला अध्यक्ष ने इस पर सफाई दी कि रांची में मीटिंग में व्यस्त रहने के कारण अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष को नहीं बुलाया गया था। ज्ञात हो कि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी दो गुटों में बटी हुई है, एक गुट जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक का है और दूसरा गुट के.एन. त्रिपाठी का।

# चैनपुर जलापूर्ति वॉटर ट्रीटमेंट का सफाई कार्य पूरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त जावेद अहमद के निर्देश पर चैनपुर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का सफाई कार्य सोमवार को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। एक सप्ताह से चल रहे इस सफाई कार्य का उद्देश्य स्वच्छ जल सप्लाई सुनिश्चित करना था। इससे पहले नगर निगम आयुक्त ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था और पाइपलाइन निरीक्षक छोटेलाल गुप्ता को स्वच्छ पानी की आपूर्ति के लिए सख्त निर्देश दिए थे।

नगर प्रबंधक दिलीप कुमार और कनीय अभियंता अवध शाह ने अपनी देखरेख में इस कार्य को पूरा कराया। इस अवसर पर नगर प्रबंधक दिलीप कुमार ने लोगों से अनुरोध किया कि वे समय पर पानी का बिल भुगतान करें, ताकि उन्हें निरंतर और सुचारू रूप से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो सके।



# अस्पताल में ठंड से राहत के लिए हीटर की व्यवस्था करने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में ठंड की बढ़ती लहर और तेज हवाओं के चलते मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती मरीजों को राहत देने के लिए अस्पताल प्रशासन ने ठंड से बचाव के लिए हीटर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। अस्पताल के पुराने भवन में कुछ मरीज ठंडी हवाओं का सामना करने के लिए मजबूर हो रहे थे, जिनकी स्थिति का संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रबंधन ने खिड़कियों को बंद कर दिया और जल्द ही हीटर की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

अस्पताल प्रबंधक ने बताया कि मंगलवार से मरीजों के लिए हीटर की व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### उप विकास आयुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा सहित पांच क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और सुधार के लिए समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम में विभिन्न सुचकांकों की समीक्षा, अधिकारियों को सुधार के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य पांच प्रमुख क्षेत्रों के सुचकांकों की समीक्षा की गई। पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट पेश की, जिसमें जिले की क्षेत्रवार स्थिति का विवरण दिया गया।

बैठक में बताया गया कि अगस्त माह में डेल्टा रैंक में सुधार हुआ है, जो 80 से घटकर 62 पर पहुंच गया है। शिक्षा क्षेत्र में जिले का रैंक 44, स्वास्थ्य और पोषण में 35, कृषि और जल संसाधन में 30, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास में 102 और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में 111 है। अनिल गुप्ता ने आगे बताया कि जिले में केंद्रीय मंत्री का आगमन संभावित है, इसलिए सभी संबंधित विभागों को सितंबर, अक्टूबर और नवंबर माह की रिपोर्ट जल्द ही जमा करने का निर्देश दिया गया, ताकि समेकित रिपोर्ट तैयार की जा सके।



उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत सभी क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए आपसी समन्वय के साथ काम करें। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# पलामू में कड़ाके की सर्दी का कहर



**बारिश की संभावना से और बढ़ेगी ठंड**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू समेत पूरे प्रमंडल में कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। सुबह कुहासे के साथ बढ़ी कनकनी ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है। जिले में तीन दिनों से पारा 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है। शहरी क्षेत्रों में सुबह के समय सड़कों पर सन्नाटा है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग शाम होते ही घरों में बंद हो जा रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार 20 और 21 दिसंबर को हल्की बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन के असर से राज्य का मौसम बदलने की आशंका है, जिसका प्रभाव पलामू में भी देखने को मिलेगा। सोमवार को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोनों तापमान सामान्य से तीन डिग्री नीचे चल रहे हैं।

### ठंड से राहत की उम्मीद नहीं

मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों में तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है, लेकिन ठंड से राहत मिलने की उम्मीद कम है। संभावित बारिश और शीतलहर के कारण ठंड का असर और बढ़ सकता है।

## एक नजर

### दीवार गिरने से दबकर एक बच्चे की मौत, तीन घायल

**केतार।** थाना क्षेत्र के आमवाडीह गांव के छावनी टोला में सोमवार की देर शाम पक्का घर का दीवार गिरने से एक लड़की की मौत हो गई। तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए है। परिजनों ने बताया कि उक्त चारों बच्चे प्रधानमंत्री आवास के पांच इंच ईंट का दीवा पर खेल रहे थे। इस क्रम में दीवार अचानक गिर गया। जिससे दीवार के नीचे उक्त चारों बच्चे दब गये। इसमें संजय उरांव की पुत्री प्रियंका कुमारी (7)को गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं परिजनों ने आनन-फानन में प्रियंका कुमारी, प्रीति कुमारी, अमरेन्द्र कुमार, प्रिया कुमारी को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। घायल तीनों का प्राथमिक इलाज कर रेफर कर दिया गया।

# नशे के कारोबारी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर छोड़ा, ग्रामीणों में आक्रोश

## महिला के घर से कच्चा गांजा, कफ सिरफ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** नशीली दवाओं के कारोबार में पिछले कई वर्षों से संलिप्त महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर रात्रि में छोड़ दिया। नशीली दवाओं के कारोबारी महिला को छोड़े जाने पर पुलिस की कार्यशैली पर ग्रामीणों ने सवाल खड़ा किया है। ग्रामीणों के अनुसार घटना रविवार की सुबह करीब 11:00 बजे की है। बाड़ी खजूरी गांव स्थित संपत बांध के उत्तर पश्चिम दिशा की ओर तीन लड़के खुद से अपने हाथों में नशीली दवा का इंजेक्शन नश में लगा रहें थे। उनके इस हरकत को देख आस-पास के ग्रामीण उनसे पूछताछ करने लगे और उनके पॉकेट की जांच की तो उनके पास से सिरिंज मिला। ग्रामीणों को उक्त इंजेक्शन नशीला होने का शक हुआ और इसकी सूचना बड़गड़ थाना को दी। पुलिस के पहुंचने तक ग्रामीण उक्त तीनों युवको को अपने कब्जे में रखे हुए थे। ग्रामीणों को



शिकायत पर पहुंची पुलिस उक्त तीनों लड़कों को अपने कब्जे में कर उक्त दवा के बारे में पूछताछ करने पर उन्होंने अपने शरीर में इस्तेमाल कर चुके तथा पास में रखे दवाओं को नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाली दवा होने की बात स्वीकारी। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर किया दवा उन्हें कहां से मिलती है तो उन्होंने बोडरी गांव के दीपा टोली में रहने वाली पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी का नाम बताया। नशा खुरानी के शिकार तीनों युवकों के निशानदेही पर उन्हें साथ लेकर पुलिस दल बल के साथ पूर्णिमा कुमारी उर्फ रनिया के घर पहुंच उसके घर की तलाशी लेने पर नशीले दवा का इंजेक्शन व कफ सिरप सहित आंगन में सूखने के लिए रखा कच्चा गांजा की फसल को बरामद किया। छापेमारी के दौरान दो अन्य युवक वहां नशीली दवा खरीदने पहुंचे थे। पुलिस ने उनके साथ नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी, उसकी मां को गिरफ्तार कर बड़गड़ थाने ले गई। ग्रामीण रमेश बखला,सुपर नगेशिया, ग्राम प्रधान बसंत नगेशिया,सोमारु सिंह, प्रशांत लकड़ा,अजय टोप्पो, ललन कुजूर, कृष्णा भुंइहर आदि ने बताया कि देर शाम बड़बड़ पुलिस ने बुला कर उक्त घटना का बनाया हुआ वीडियो जबरन डीलिट करा दिया। साथ ही सादे पन्ने पर हस्ताक्षर करा कर थाने भेज दिया। उन्होंने कहा कि उसी रात पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी सहित सभी आरोपी को पुलिस ने छोड़ दिया जो संदेहास्पद है। नशीली दवा के कारोबार से जुड़े ऐसे अपराधी को छोड़े जाने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

### पीआर बांड पर सभी को छोड़ा गया: थाना प्रभारी

पूछे जाने पर प्रभारी थाना प्रभारी रामसिंह गगाराई ने बताया कि पकड़े गए सभी युवकों और मुख्य अभियुक्त पूर्णिमा कुमारी उर्फ रानी को पीआर बांड पर छोड़ दिया गया है। बरामद नशीली दवा को जांच के लिए जिला भेजा दिया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

# हाथी ने दो घर को किया ध्वस्त, बेघर परिवार पेड़ के नीचे रहने को विवश



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के चिरका गांव में सोमवार की सुबह 6 बजे जंगली हाथी ने दो गरीब परिवार का खपरैल घर पूरी तरीके से ध्वस्त कर देने से पीड़ित परिवार अब महुआ पेड़ के नीचे रहने को विवश है। गनिमत रही की परिवार समय रहते घर से बाहर निकल कर अपनी जान बचाया। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की सुबह 6 बजे झुंड से बिछड़ा एक हाथी गांव में पहुंचा और चिरका गांव निवासी अवधेश भुइंया पिता स्वर्गीय झुबल भुइंया, नंदू भुइंया पिता शिवनाथ भुइयां के घर पर हमला बोलकर दोनों घर को पूरी तरीके से ध्वस्त कर घर के अंदर रखा सारा अनाज को चट कर दिया। इसके अलावा घर के अंदर रखा चारपाई, चौकी, अलमीरा, बिस्तर आदि सामग्री गिरे घर के मलबे में दब गया। इससे दोनों गरीब परिवार के सामने रहने की समस्यां उत्पन्न हो गई है। दोनों घर के परिवार अब खाने को भी मोहताज हैं। फिलहाल दोनों पीड़ित परिवार पास के ही महुआ पेड़ के नीचे रहने को मजबूर हैं। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। साथ ही बर्बाद सामग्री व ध्वस्त मकान के आकलन में जुट गई। चिनीयां के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया की घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर हाथी द्वारा घर को ध्वस्त करने के दौरान वन विभाग की टीम हाथी को भगाने का काफी प्रयास किया, लेकिन हाथी भाग नहीं रहा था। बड़ी मशक्कत के बाद हाथी को किसी तरह भगाया गया। दोनों पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा की राशि दिलाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भवनाथपुर।** रविवार रात्रि दो अलग अलग स्थानों पर बाइक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया ।जहां चिकित्सक अभिनीत विश्वास और सुबक कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आयशा बीबी को गढ़वा रेफर कर दिया गया। पहली घटना बेल पहाड़ी में हुई। वहां आयशा बीबी अपने पति हकीमुद्दीन अंसारी के साथ बाइक से यूपी से अपने घर लौट रही थी। इस दौरान घर पहुंचने के कुछ ही दूरी पर बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से वह बेहोश गई। दूसरी घटना भवनाथपुर पीएनबी बैंक के समीप राहुल कुमार पैदल सड़क पर जा रहा था। उसे अज्ञात बाइक धक्का मारकर फरार हो गया। उसका एक पैर चोटिल हो गया।

# विधानसभा का तकदीर व तस्वीर बदलने का काम किया जाएगा: अनंत प्रताप



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** झामुमो के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव के जीत पर विशुनपुरा प्रखंड में स्वागत सह आभार यात्रा निकाली गयी। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि झामुमो ने झारखंड में प्रचंड बहुमत हासिल किया है। भाजपा ने सिर्फ हिन्दू मुस्लिम कर बांटने की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि चुनाव में राजनीति कर मांस भी फेंकवाने का कार्य किया गया था। फिर भी की जनता ने आशीर्वाद देने का कार्य किया। सरकार ने मंईयां सम्मान योजना का जो वादा किया था, उसे 1 हजार से 2500 सौ रु देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2009 में जब विधायक बना था. तब विशुनपुरा सबसे पिछड़ा प्रखंड था। उसे विशुनपुरा, मझिआंव व नगर तक पक्की सड़क से जोड़ने का कार्य किया गया है। विशुनपुरा में 5 एकड़ जमीन देकर थाना, ब्लॉक बनवाने का कार्य किया था। विधानसभा का तकदीर व तस्वीर बदलने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में तालाब सुंदरीकरण, सड़क सहित सभी विकास योजनाओं का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जिस लाभुकों का राशन कार्ड नही बना है, उसे जिला से लॉगिन छोड़वाने का कार्य किया जाएगा। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद आशीर्वाद मांगने आया हूं। आने वाले 5 वर्षों में विकास कर क्षेत्र को बेहतर बनाने का कार्य किया जाएगा। विधायक ने विष्णु मंदिर पहुंच कर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना किया। मौके पर मंदिर समिति के सदस्यों ने विधायक अनंत प्रताप देव को भगवान की फोटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, शिवबचन यादव, संजय गुप्ता, बलराम पासवान, नारायण शर्मा, मंदिर कमिटी सचिव, ज्वाला प्रसाद, गौरीशंकर गुप्ता, अजय यादव, शिवप्रसाद सहित कयी लोग उपस्थित थे।

#### पुराने सभी योजनाओं को बंद करने का निर्देश

# काम नहीं करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी:डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्र ने सोमवार को डंडई प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में डीडीसी ने सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुसार सभी अबुआ आवास का रजिस्ट्रेशन और स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने अबुआ आवास के अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का भी रजिस्ट्रेशन और स्वीकृति पत्र लाभुकों को देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर काम नहीं करने वाले कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीडीसी ने मनरेगा में अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही पुराने सभी योजनाओं को बंद करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने विभाग वार सभी कर्मियों से योजनाओं के बारे में पूछताछ कर उसका समीक्षा की इससे पूर्व डीडीसी को प्रखंड कार्यालय पहुंचने की जानकारी मिलते ही प्रखंड के सभी पदाधिकारी व कर्मी सोमवार को निर्धारित समय पर प्रखंड कार्यालय पहुंच गए थे। बैठक में बीडीओ देवलाल करमाली,बीपीओ रंजन कुमार, मनरेगा क?ीय अभियंता नंदकिशोर प्रसाद, विशाल कुमार के साथ-साथ प्रखंड भर के पंचायत सचिव व अन्य पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

# दो पंचायतों को जोड़ने वाली सड़क जर्जर, विधायक से उम्मीद



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाबर-नावाडीह गांव की मुख्य सड़क मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हो गयी है। सड़क में नुकीले पत्थर और जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। जिस कारण ग्रामीणों, राहगीरों और स्कुली बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। यह सड़क मुकुन्दपुर और केतार पंचायत को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क है। उक्त सड़क की एक ओर नावाडीह गांव तो दूसरी ओर बेलाबार गांव की बड़ी आबादी है। उक्त सड़क दोनों गांवों को आपस में जोड़ती है। वावजूद मरम्मतीकरण कार्य पिछले 10 वर्षों से उपेक्षित है। इस कारण सड़क काफी जर्जर हो गयी है। सड़क की लम्बाई लगभग 2.5 किलोमीटर है। ग्रामीणों का कहना है की सड़क जर्जर होने से आवागमन में परेशानी होती है। खासकर बरसात के दिनों में इस सड़क से होकर गुजरने में गिरने कि संभावना बनी रहतीं हैं। दो पहिया वाहन चालकों को गिरकर चोटिल होना नियति बन गई है, ग्रामीणों को पैदल चलना मुश्किल भी हो जाता है। जबकि इस सड़क के दोनों ओर मुख्य बस्ती और कृषि भूमि रहने , मुकुन्दपुर और केतार पंचायत की सीमा होने के कारण ग्रामीणों का आना-जाना लगा रहता है। इस बदहाल सड़क का मरम्मतीकरण कराने की मांग दोनों गांवों के ग्रामीणों ने निवर्तमान विधायक भानू प्रताप शाही से कई बार किया था, लेकिन उक्त सड़क की मरम्मती कार्य नहीं हो सका। इसका खामियाजा बेलाबर-नावाडीह गांव के ग्रामीणों के साथ मायर और मुकुन्दपुर गांव के ग्रामीणों को भी भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों की अब आखिरी उम्मीद नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव से है। उन्हें उम्मीद है कि नये विधायक इस गांव की जर्जर व बदहाल सड़क का निर्माण जरूर करायेंगे।

### राजनितिक उपेक्षा के कारण नहीं बनी सड़क: हकीमुद्दीन



बेलाबार गांव निवासी हकीमुद्दीन अंसारी ने कहा कि इस सड़क का मरम्मतिकरण पिछले 10 वर्षों से नहीं होने के कारण जर्जर हो गयी है। यह सड़क उपेक्षित राजनीतिक के कारण नहीं बना। नवनिर्वाचित विधायक से उम्मीदें है कि वह इस सड़क का मरम्मत कार्य करायेंगे।

### सड़क पर नुकीले पत्थर से परेशानी:मुजाहिदीन



नावाडीह गांव निवासी मुजाहिदीन अंसारी ने कहा की उक्त सड़क काफी जर्जर हो गई है। सड़क में सिर्फ नुकीले पत्थर और गढ्ढा है। ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी होती है। सड़क का मरम्मत होने से ग्रामीणों को सहुलियत होती।

### सड़क की मरम्मत से आवागमन होता सुलभ: शाकिर



नावाडीह गांव निवासी शाकिर अंसारी ने कहा की सड़क का निर्माण होने से दोनों गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो जाता। फिलहाल सड़क काफी जर्जर है। इसका मरम्मत कार्य जनप्रतिनिधि को अविलंब कराना चाहिए।

### राजनीतिक का शिकार हुआ सड़क: अजीमा



मुकुन्दपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने कहा कि यह सड़क राजनीतिक का शिकार हुआ है। पूर्व विधायक ने सड़क बनाने का प्रयास नहीं किया। नवनिर्वाचित विधायक से मिलकर मुख्य पथ से विद्यालय होते हुए पंडा नदी तक सड़क निर्माण कराने का आग्रह करूंगी।

# सर्व शिक्षा अभियान के सीआरपी का निधन, शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बालिका मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दमयंती पाठक के 53 वर्षीय पति संतोष कुमार पाठक की मृत्यु रविवार के शाम हार्ट अटैक के कारण हो गई। वह मूल रूप से मेराल प्रखंड के बाना गांव के रहने वाले थे। संतोष कुमार पाठक सर्व शिक्षा अभियान में सीआरपी के पद पर कार्यरत थे। परिवार वालों के अनुसार रविवार को तबियत बिगड़ने के बाद गढ़वा के डॉक्टर पंकज प्रभात के पास इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जांच के बाद बीमारी की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टर प्रभात ने उन्हें तुरंत रांची ले जाने की सलाह दी। एंबुलेंस से रांची ले जाने के दौरान लातेहार के पास संतोष पाठक की हृदय गति रुक जाने उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन उन्हें वापस आवास गढ़वा लाया गया। सोमवार को दानरो नदी में अंतिम संस्कार किया गया। संतोष पाठक की असामयिक मौत से परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है। उनकी मृत्यु पर परिवार वालों के साथ राकेश तिवारी, अरुण चौबे, उमेश्वर पांडेय, धर्मेंद्र कुमार मिश्र, अमरेंद्र मिश्र, अनूप मिश्रा, शैलेश पाठक, अरुण मिश्रा, संतू दास, बबन दास, गुलाम सरवर, आलोक यादव, गढ़वा जिला शिक्षक संघ व बीआरपी, सीआरपी संघ के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# पशुओं के लिए नहीं बन सका शेड, जाड़ा में परेशानी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के पशुपालकों के बीच पशु का वितरण हुए 2 वर्ष से भी अधिक का समय बीत गया। आज तक उनके लिए एक शेड का निर्माण नहीं हो सका। नतीजन पशुपालकों को खुले आसमान के नीचे अपने पशुओं को बांधना मजबूरी हो गयी। प्रखंड क्षेत्र में पड़ रहे 4.50 डिग्री न्यूनतम तापमान की ठंड के बीच भी मवेशियों को खुले आसमान के नीचे बंधा देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत गव्य विकास विभाग गढ़वा द्वारा 2 वर्ष पूर्व प्रखंड के सभी पंचायतों में पशुपालकों के बीच दो या चार पशुओं का वितरण किया गया था। उस दौरान गव्य विकास पदाधिकारी ने बीडीओ को उन्हें



रहने के लिए शेड बनाने का निर्देश दिया था। अभी तक पशुओं के रहने के लिए शेड का निर्माण नहीं हो सका। पशुपालक बिंदा देवी, कौशल्या देवी, संजू देवी ,शाहजरा बीबी, फुला देवी ने बताया कि गव्य विकास विभाग ने सभी को 2 वर्ष पहले ही पशु दे दिया है, लेकिन आज तक उन्हें रहने के लिए शेड का निर्माण नहीं कराया गया। उन्होंने कहा कि पशु वितरण के दौरान उक्त पदाधिकारी के द्वारा हम लोगों को बताया गया था कि इन पशुओं को रहने के लिए शेड बनाने को लेकर बीडीओ को निर्देश दे दिया गया है। प्रखंड क्षेत्र के सोनेहारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय पासवान ने बताया कि पशुपालकों का शेड और डीपीआर धरातल पर नहीं उतर सका। डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने बताया कि खुले आसमान के नीचे रह रहे पशुओं को लेकर पहले जानकारी हासिल की जाएगी ।उसके बाद उचित कदम उठाया जाएगा।

## प्रतियोगिता | जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2024

# प्रतियोगिता में साहिल बना प्रखंड टॉपर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** डीपीएससीसी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 में मेराल प्रखंड के एसडी मेमोरियल एकेडमी के विद्यार्थी साहिल राजा,पिता मैनुद्दीन अंसारी ने 72 अंक प्राप्त कर मेराल ब्लॉक का टॉपर बना। बता दें कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रतिभा खोज प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जाती है, जिसमें कक्षा 3 से लेकर 10 वीं तक की परीक्षार्थी अलग-अलग ग्रुप में शामिल होते हैं। डीपीएससीसी द्वारा 2024 में 20वीं जिला स्तरीय टैलेंट सर्च परीक्षा इस वर्ष भी आयोजित की गई थी, जिसमें जिला मुख्यालय के अलावा विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा में मेराल प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हुए थे,जिसमें एसडी मेमोरियल एकेडमी के वर्ग चार का विद्यार्थी साहिल राजा ने 72 अंक लाकर प्रखंड का टॉपर बना। डीपीएससीसी द्वारा प्राप्त मेडल,प्रशस्ति पत्र तथा नकद राशि ब्लॉक टॉपर के लिए उपलब्ध कराया गया था। सोमवार को विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र एवं शिक्षकों ने टॉपर विद्यार्थी साहिल को मेडल प्रशस्ति पत्र तथा नगद राशि देकर पुरस्कृत करते हुए उसके साथ अन्य विद्यार्थियों का भी हौसला अफजाई किया। निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के कम संसाधन संपन्न अभिभावकों के बच्चों को भी संस्कार युक्त,आधुनिक तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करना विद्यालय का संकल्प है ताकि उनका सर्वांगीण विकास के साथ बेहतर भविष्य बन सके।इस अवसर पर प्राचार्य अरुण कुमार शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्र जयप्रकाश पांडे मृत्युंजय पांडे रामजीत शाह, गौतम कुमार अजय कुमार सिंह देव कीर्ति टोप्पो अनिमा कुजूर,मीना केरकेट्टा,निशा सिंह,नसरीन एवं विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे।

### रिश्वत लेने का आरोप,बीडीओ को सौंपा आवेदन

**गढ़वा।** केतार प्रखंड के परती कूशवानी पंचायत निवासी सुखाड़ी राम ने सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार को आवेदन देकर अबुआ आवास की दूसरी किस्त की राशि भुगतान के एवज में 6 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि मेरी पत्नी संगीता देवी के नाम पर अबुआ आवास आर्वंटित है। पहली किस्त की राशि मिलने पर प्लींथ लेबल तक कार्य सात माह पूर्व करा दिया हूं। दूसरी किस्त की राशि भुगतान के लिए जीओ टैग कराकर प्रखंड कोऑर्डिनेटर अनुप कुमार से राशि भुगतान कराने के लिए कहा तो उन्होंने भुगतान के एवज में पैसे की मांग की।

# जरूरतमंदों व वंचितों को दी गई कानूनी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में को झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तहत विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ श्रीबंशीधर नगर सिविल कोर्ट के मजिस्ट्रेट शरद निशीथ कुजूर, प्रमुख शोभा देवी वकील अनूप कुमार ओझा, बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम एवं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उक्त शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद और वंचित वर्ग के लाभुको को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पहुंचाना था। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों को उपस्थित अधिकारियों ने लोगो को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रियाओं की जानकारी दी। मौके पर मजिस्ट्रेट शरद निशीथ कुजूर कहा कि सिविल मुकदमा में फैसला आने में देरी होती है, लेकिन जागरूकता शिविर में कानून की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर अपनी किसी भी समस्याओं का समाधान आसानी से करा सकते है। उक्त शिविर में दस अबुआ आवास तथा दस मईयां सम्मान योजना के योग्य लाभुको प्रमाण पत्र दिए जाने के साथ ही मुसहर जाति के दस परिवारों के बीच कंबल और मच्छरदानी का वितरण किया गया। इस मौके पर थाना के एसआई प्रदीप उरांव, कोर्ट के नीतीश कुमार पासवान, पीएलवी शाहिना प्रवीण, उप प्रमुख पिंटू टोप्पो, मुखिया बेबी देवी, रामप्रताप यादव, पंचायत सचिव अजीत सिंह, सतीश सिंह, नवनीत कुमार, राजगीर कुमार, बीपीओ आनंद राज, प्रखंड कर्मी पंकज कुमार, चंदन कुमार, आलोक गुप्ता, आंगनबाड़ी सेविका, जेएसएलपीएस के सदस्य उपस्थित थे।

### धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुरू, किसानों को मिलेगा समर्थन मूल्य व बोनस

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के सिसरी स्थित पैक्स में को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने किया। मौके पर उन्होंने किसानों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। धान अधिप्राप्ति केंद्र पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2300 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। साथ ही सरकार द्वारा किसानों को अतिरिक्त 100 प्रति क्विंटल बोनस भी प्रदान किया जाएगा। यह प्रक्रिया 15 दिसंबर से शुरू हो गयी, जिसमें क्षेत्र के सभी पात्र किसानों से धान की खरीद की जाएगी। धर्मराज पासवान ने कहा कि यह पहल सरकार का किसानों की आय बढ़ाने और उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने किसानों से समय पर पंजीकरण कराने और सही दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपील की, ताकि किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जग्रनाथ साह, अशोक ठाकुर सहित पैक्स अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों की तस्करी व खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें : उपायुक्त



नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने को लेकर एनसीओआरडी समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया हैं बैठक के दौरान जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती के अलावा नशाखोरी की घटनाओं, चिंता के क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में जानकारी लेते हुए जिले में अफीम, भांग की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके निमित्त संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और इसके खेती में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से जिले के सभी ब्लॉकों में संबंधित क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को शामिल करते हुए सेंसिटिव क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान शुरू करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा नशीली दवाओं के प्रसार, खपत और ऐसे नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़, बिपिन कुमार दुबे, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, औषधि निरीक्षक, संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, भूमि और सीमांकन की समीक्षा

# समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह का शेष लक्ष्य को पूरा करें : उपायुक्त




नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा, भू-लगान, दाखिल-खारिज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ विपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हाथियों ने राशन दुकान में अनाज बर्बाद किया

बालूमाथ। वन क्षेत्र अंतर्गत हाथियों का उत्पात जारी है। रविवार मध्य रात्रि वन क्षेत्र अंतर्गत हेवना ग्राम के राशन दुकान में रखें दर्जनों बोड़ी अनाज को खाकर चट कर गए। कई बोड़ी अनाज तहस-नहस कर दिया। घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। राशन दुकानदार को काफी नुकसान हुआ है। बता दे कि बीते कुछ दिनों से इस क्षेत्र में हाथी प्रतिदिन ग्रामीण, किसानों को क्षति पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीण किसान भयभीत हैं। साथ ही भय के साए में जीने को विवश हैं। वन विभाग के उदासीनता के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने वन विभाग से हाथियों को दूर घने जंगल में भेजने की मांग की है।

### टू इंडियन ने गिद्धौर को 118 रनों से हराया

गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड मुख्यालय के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान खेले जा रहे लीग मैच में सोमवार को टू इंडियन बनाम गिद्धौर के बीच मैच खेला गया। टू इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खो कर 259 रन बनाया। प्रशांत कुमार ने 70 व राहुल वर्धन ने 60 रन का योगदान दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी गिद्धौर की टीम ने 25 ओवर में 9 विकेट खो कर मात्र 142 रन ही बना पाया।इस तरह से टू इंडियन ने गिद्धौर को 118 रनों से हराया।मैच ऑफ द मैच प्रशांत कुमार को दिया गया। मौके पर एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा सदस्य मिथिलेश कुमार राय जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम कुमार राणा अंपायर रिशु कुमार स्कोर सचिन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### निधन पर शोक व्यक्त

चंदवा। शहर के बुधबाजार स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में शौंडीक जायसवाल समाज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने की। बैठक में सामाजिक एकता व सामाज को मजबूत बनाने पर चर्चा की। बैठक में पिछले साल का लेखा-जोखा पेश किया गया। राजस्व को बढ़ाने पर भी चर्चा कि गई। बैठक के अंत में विजय जायसवाल की आकस्मिक मृत्यु पर समाज की ओर से शोक व्यक्त किया गया। मौके पर रामनाथ गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता,संतोष प्रसाद साहू,वीरेंद्र प्रसाद, भोला गुप्ता, गुड्डा जयसवाल, विनय विद्यार्थी, दिलीप प्रसाद, दिनेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, आदर्श रवि राज, मोहनिश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस

लातेहार। लातेहार विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम सोमवार को सड़क दुर्घटना मे हुई युवक जितेंद्र कुमार गुप्ता की मौत के बाद सदर प्रखंड के शीशी गांव पहुंचे। मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत ही दुःखद घटना है। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मिलने वाले मुआवजा समेत अन्य सहयोग के लिए पहल करने की बात कही। इसके अलावा गत माह एक कार्यकर्ता राजाराम के परिजनों से भी विधायक ने मुलाकात कर मदद का भरोसा दिलाया। यहां बताते चले कि जितेंद्र पॉलिटेक्निक कॉलेज से अपने घर शीशी बाइक से जा रहा था। वहां एक मिक्सर मशीन वाले वाहन ने उक्त बाइक को अपने चपेट मे ले लेने से उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार,अनिल सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### पारिवारिक विवाद में दो ने फांसी लगा ली

महुआडांड़। नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटुआटोली में रविवार को अलग अलग घटना में दो ने फांसी लगाकरआत्महत्या कर ली। पहली घटना रविवार सुबह की है। नामिता कुमारी पिता स्वा. बीतन वृजिया ने आपसी विवाद में घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना में रविवार रात को ही बटुआटोली में रूपशे बड़ाईक पिता स्वा, असुर बड़ाईक ने भी आपसी विवाद में घर में ही फांसी लगा ली। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि दोनों ही घटनास्थल में पूछताछ करने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर दोनों ने फांसी लगा ली। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से पूरे गांव में मातम छाया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### शिविर लगाकर बिरहोर परिवारों को दिया गया लाभ

मयूरहंड (चतरा)। करमा बिरहोर टोला में सोमवार को बिरहोर परिवारों को सरकारी लाभ पहुंचाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख मिक्की देवी,जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी,मुखिया रामनाथ यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत बिरहोर परिवार को देने को लेकर विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। शिविर में जन्म प्रमाणपत्र 66,राशन कार्ड का ई के वाईसी 13,नया आधार 07,आधार अपडेट 12,बैंक खाता 09,पेंशन10,नया राशन कार्ड अप्लाई04,महिला समूह 02,जॉब कार्ड 05,जाति आवासीय04,आयुष्मान कार्ड01बनाया गया। वहीं वेबसाइट नहीं खुलने के कारण श्रम कार्ड नहीं बनाया जा सका।मौके पर बीपीओ सतीश कुमार मिश्रा,कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार ,पंचायत सचिव मनीष कुमार के अलावा अन्य विभाग के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### राशन कार्ड केवाईसी के लिए ग्रामीण 20 किलोमीटर दूरी तय कर जा रहे प्रज्ञा केंद्र

महुआडांड़। महुआडांड़ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम व झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित राशन कार्डधारियों का आधार सीडिंग, केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्गत व छूटे हुए लाभुकों को ग्रीन कार्ड राशनकार्ड निर्गत का निर्देश सभी जनवितरण दुकानदारों व आधार कार्ड सेन्टर सहित प्रज्ञा केंद्र को मिला है। इसे लेकर महुआडांड़ मुख्यालय में केवाईसी लेकर जनवितरण दुकान में व डीलर के घर में काफी भीड़ जमा हो रही है। ग्राम पेरवा,तिसिया,चेतमा,गोयारा,बन्दवा सहित कई गांव है जो मुख्यालय से 15 से 20 किलोमीटर दूर से केवाईसी कराने आ रहे हैं। काफी पैसा लगाकर प्रतिदिन मुख्यालय जाकर केवाईसी कराने के लिए लाइन लगा रहे हैं। साथ ही परिवार के सभी सदस्य को केवाईसी के लिए आने के कारण कई स्कूली बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। साथ ही सर्वर डाउन होने से अधिक परेशानी बढ़ गई है। उप प्रमुख अभय मिंज ने जिला प्रशासन सभी पंचायत भवन में केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया

हेरहंज। प्रखंड परिसर में स्थित झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन गोदाम में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हेरहंज जिला परिषद सदस्या चंचला देवी, सहायक गोदाम प्रबंधक सूर्य प्रकाश,प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शिवनन्दन मुंडा ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सहायक गोदाम प्रबंधक सूर्य प्रकाश ने बताया कि झारखंड सरकार के निर्देश पर धान क्रय केन्द्र में प्रखंड क्षेत्र के किसानों से निर्धारित मूल्य 2300 सौ रुपये प्रति किवंटल की दर से धान खरीदा जाएगा। इसके अलावे किसानों को बोनस के रूप में 100 रुपये प्रति किवंटल दिया जाएगा। धान की बिक्री के लिये किसानों को पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। धान का पैसा सीधे किसानों के खाते में दिया जाएगा। धान की जांच के लिये मशीन भी लगाया गया है। यह मशीन धान की नमी का पता मांपने का कार्य करता है। धान क्रय केंद्र का उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से बीसीओ सुमन कुमार सिंह,पूर्व प्रमुख राजेश्वरी देवी,गोदाम संचालक अध्यक्ष बालदेव उरांव,सचिव निखिल राणा,समाजसेवी शिवनाथ रजक,नकुल यादव समेत महिला सखी मंडल के महिलाएं, दर्जनों ग्रामीण व किसान मौजूद थे।

### पुलिस ने पोस्ता फसल नष्ट किया

हेरहंज। जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया के नेतृत्व में सोमवार को भी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत आशुवे ग्राम के वनभूमि पर 3-4 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की मदद से हल चलवाकर नष्ट किया गया। थाना प्रभारी श्री पवैया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सोमवार को भी आशुवे ग्राम के वनभूमि में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट किया गया है। यह खेती किसके द्वारा लगाया गया है पुलिस जांच कर रही है। जांच करने के बाद खेतिहरों के उपर कारवाई करेगी। मौके पर पंकज कुमार पासवान के अलावा कई जवान मौजूद थे।

### महिला पुलिस उपाधीक्षक के साथ रेकी कर बदसलूकी करने के दो आरोपी को जेल

मयूरहंड (चतरा)। थाना क्षेत्र के परोरिया मोड़ पर चतरा पुलिस उपाधीक्षक का रेकी व बदसलूकी करने वाले दो युवकों को मयूरहंड थाना प्रभारी अमित कुमार ने न्यायिक हिरासत में भेजा। दोनों युवक के विरुद्ध मयूरहंड थाना प्राथमिकी दर्ज किया गया।आरोपियों में इटखोरी थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव निवासी अखिलेश सिंह एवं परोका के निर्भय सिंह का नाम शामिल है। जानकारी अनुसार रविवार सुबह पुलिस उपाधीक्षक चतरा अमीषा लकड़ा कांड अनुसंधान करने मयूरहंड आ रही थी। इस दौरान इटखोरी के मुहाने नदी में अवैध बालू उत्खनन करने वाले गिरोह के दो युवक रेकी कर रहे थे। दोनों को गिरफ्तार कर मयूरहंड पुलिस को सौंप कानूनी कार्रवाई का निर्देश उपाधीक्षक ने थाना प्रभारी को दिया था। दोनों युवकों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### 39 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बतख व चूजा का वितरण

बारियातू। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25का योजना 90 से 75 प्रतिशत अनुदान पर बारियातू, साल्वे व अमरवाडीह पंचायत के 39 लाभुकों के बीच 15-15 बतख चूजा का वितरण किया गया। साथ में रोग से बचाव के लिए दवा भी प्रत्येक लाभुक को वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहदेव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी, डाढ़ा मुखिया सुरेश उरांव मौजूद थे। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत ग्रामीणों के आय में वृद्धि व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने ने सभी लाभुकों को सही तरह से बतख चूजा को पालन कर अपने आय में वृद्धि करने को कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के बारे में विस्तार से महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही रख-रखाव के बारे मे कई आवश्यक सुझाव भी दिया। पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे व बिनोद बैठा ने चूजों का रख-रखाव व आवश्यक दवाओं के संबंध मे जानकारी दी।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम बुधवार को

लातेहार। डीजीपी के निर्देश पर 18 दिसंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन होना है। लातेहार पुलिस भी जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम आगामी 18 दिसंबर को लातेहार जिला के सभी अनुमंडल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों की समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों को सुनना है। पुलिस प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि सभी जन शिकायतों पर तत्परता से ध्यान दिया जाएगा और त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस महकमा इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी है। लातेहार में यह कार्यक्रम टॉउन हॉल में किया जायेगा। लातेहार व चंदवा के लोगों की समस्यायें सुनी जायेगी। बालूमाथ पुलिस अनुमंडल का बालूमाथ थाना में बालूमाथ, बारियातू व हेरहंज के लोगों की, बरवाडीह पुलिस अनुमंडल का बरवाडीह थाना में बरवाडीह, मनिका व छिपादोहर, महुआडांड़ पुलिस अनुमंडल का महुआडांड़ थाना में महुआडांड़,नेतरहाट, गारू व बारेसांढ़ थाना क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जायेगी।

### शेरशाह एलेवन ने रॉयल सीसी को 83 रनों से हराया

लातेहार। सीनियर जिला क्रिकेट लीग के मैच में सोमवार को शेरशाह इलेवन व रॉयल सीसी के बीच खेला गया। शेरशाह एलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरो में 5 विकेट के नुकसान पर 218 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। प्रियांशु चौबे 106, मनीष तिवारी 38 रनों का योदान दिया। रॉयल सीसी की ओर से अमरेंद्र कुमार यादव ने 4 विकेट लिए. जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल सीसी ने निर्धारित ओवर में ही 7 विकेट खोकर महज 135 रन ही बना सकी। अजय कुमार सिंह 28,पियूष राज 25, अमरेंद्र ने 23 रनों का योगदान दिया। शेरशाह एलेवन की ओर से गौरव पाल ने 2 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शेरशाह एलेवन के प्रियांशु चौबे को संघ के कार्यकारणी सदस्य सह वरीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार उपाध्याय के द्वारा दिया गया। मैच के अंपायर श्रवण महली, रौनक दुबे थे। स्कोरिंग समरेश बादल ने किया। एक अन्य मैच में शेरशाह स्ट्राइकर व एलसीसी ब्लू के बीच खेला गया। एलसीसी ब्लू ने शेरशाह स्ट्राइकर को 9 विकेट से हराकर मैच जीत लिया। शेरशाह स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवर में सभी विकेट खोकर 81रन पर पूरी टीम ढ़ेर हो गयी। दीपांशु चौधरी 40, कुमार आस्तिक ने 11रन का योगदान दिया। एलसीसी ब्लू की ओर से अजय कुमार साहू 5, प्रभात कुमार सिंह ने 3विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलसीसी ब्लू ने 9 ओवर में ही 1 विकेट खोकर 85 रन बना कर मैच को जीत लिया। अजय कुमार साहू 44, तथा जय देव नाबाद 28 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एलसीसी ब्लू के अजय कुमार साहू को दिया गया। मैच में अंपायर श्रवण महली, समरेश बादल, स्कोरिंग आनंद सिंह ने किया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, अश्विनी सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लैंपस में धान खरीदारी शुरू किसानों को मिलेगा उचित मूल्य

गारू (लातेहार)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी लैंपस में सोमवार से धान खरीदारी शुरू कर दी गई। इसका उद्घाटन जिप सदस्य जीरा देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अंकित एक्का, मुखिया प्रभा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। प्रखंड प्रमुख सीता देवी ने कहा कि लैंपस में धान की खरीदारी शुरू होने से किसानों को काफी राहत मिलेगी। अब उन्हें साहूकारों और छोटे दुकानदारों के पास धान बेचने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सरकार 24 रुपये प्रति किलो के समर्थन मूल्य पर धान खरीद रही है। इससे किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब दाम मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मुखिया संघ जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की यह योजना किसानों के हित में है। उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया कि वे सरकारी लैंपस में अपना धान बेचें और उचित लाभ प्राप्त करें।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाली रैली



नवीन मेल संवाददाता

कुंदा (चतरा)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में जनाक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व सर्व सनातन समाज के बैनर तले किया गया था। आक्रोश रैली की अध्यक्षता अंबिका सिंह भोक्ता व संचालन अजीत कुमार मिश्रा ने किया। रैली में विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। जनाक्रोश रैली महावीर मंदिर मेन चौक से शुरू होकर दुर्गा मंड,बनिया टोला एवं नीचे टोला से होते हुए प्रखंड कार्यालय के पास पहुंच कर धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया। आक्रोश मार्च के बाद सर्व सनातन समाज के बैनर तले धरना- प्रदर्शन कर कई वक्ताओं ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार और क्रूरता से हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर अपनी अपनी बातों को रखा। कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू ने कहा कि बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमला चिंताजनक विषय है। केंद्र सरकार हिंदुओं के सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए। आरएसएस के हजारीबाग समरसता प्रमुख इंद्रु राम ने कहा कि आज के दौर में हिंदू सुरक्षित नहीं है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर वीभत्स अत्याचार हो रहा है। हिंदू मारे जा रहे हैं। मौके पर हजारीबाग विभाग सह संगठन मंत्री सतीश गुप्ता,कार्यक्रम के संयोजक लवकुश कुमार गुप्ता,मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, अंबिका सिंह भोक्ता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता,पूर्व मुखिया रेखा देवी,आशीष कुमार गुप्ता, विक्की कुमार,सीमा प्रभात दिव्या भोक्ता, जितेंद्र सौंडीक, ऋषि कुमार,घनश्याम यादव,राजू रंजन समेत हजारों सर्व सनातन के लोग मौजूद थे।

## खेल में भी प्रतिभा दिखा रहे आईटीडीए निदेशक प्रवीण गागराई, जीता पदक



नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। प्रवीण कुमार गागराई लातेहार जिले में परियोजना निदेशक के पद पर कार्यरत है। शायद ही किसी को पता होगा कि वह खिलाड़ी भी हैं। खेल से उनका खासा लगाव है। अपने व्यस्तम समय के बाद भी वह कुछ समय खेल के लिए निकाल लेते हैं। राजधानी रांची के मेगा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में आयोजित रश्मि और समीर कच्छप झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ प्रथम बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिलीप तिर्की के साथ चैम्पियन बने। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई पर एक अधिकारी होने के साथ खेल में रूची रखने और निरंतर प्रयास के कारण उन्हें यह सफलता मिली है। उनकी जीत पर जिलेवासियों ने उन्हें बधाई दिया है। प्रतियोगिता में पूरे राज्य से दिलीप कुमार, राहुल कुमार, प्रवीण गागराई, रामनारायण, सुषमा नीलम सोरेंग, अजय रजक, ब्रजेश श्रीवास्तव, नीलेश मुर्मू, प्रणव अम्बष्ठ, जितेंद्र मुंडा, प्रमोद गुप्ता, अमित बेसरा, सुमंत तिर्की सहित कई पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था।

### जीवन में अनुसाशन जरूरी : प्रवीण गागराई

प्रवीण कुमार गागराई ने कहा कि जीवन में अनुसाशन और लगन बहुत जरूरी है, तभी आप किसी कार्य को सफलता पूर्वक कर सकते हैं। खेल या कोई अन्य कार्य में यह संभव है।

## अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध सख़्त एक्शन लें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिले में अवैध खनन के रोक थाम को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 7 अक्टूबर से अब तक खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण में 54 वाहनों को जब्त कर 16 प्राथमिकी दर्ज गई है। 12,61,600 लाख रुपए जुमार्ना राशि की वसूली की गई। उपायुक्त ने जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों , थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कारवाई करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण, आदि की समीक्षा कर निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्रों में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए किए जा रहे डोजरिंग सहित अन्य कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने परियोजनावार महाप्रबंधकों व अंचल अधिकारी से उनके क्षेत्र में कहीं पर भी अवैध खनन ना होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार , जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, कोल कंपनियों के अधिकारी व सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी जुड़े थे।

## बाजार की सुरक्षा को लेकर व्यावसायिक समिति की बैठक में सीसीटीवी लगाने का निर्णय

### चोरी की घटना के उद्भेदन को लेकर पुलिस कर रही छापामारी : एसडीपीओ



नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। बरवाडीह मुख्य बाजार शेड में व्यावसायिक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने की। बैठक में बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी भरत राम, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार व स्थानीय दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 4 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर चर्चा करना था। अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि चोरी की घटना के बावजूद अब तक पुलिस प्रशासन को इस मामले में सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस प्रशासन लगातार इस घटना के उद्भेदन को लेकर छापेमारी कर रही है, ताकि इस घटना का उद्भेदन जल्द हो। एसडीपीओ ने कहा कि चोरी की घटना का उद्भेदन के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक स्वयं इस मामले पर अपनी नजर रखें हुए हैं। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी दुकानदारों के सहयोग से बाजार के विभिन्न चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही पहले से लगे कैमरों को और मजबूत किया जाएगा। सभी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर रोशनी के लिए बल्ब लगाने का निर्देश दिए गए, ताकि रात में भी बाजार सुरक्षित और रोशन रहे। दुकानदारों ने अपनी अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। इस बैठक में कन्हाई प्रसाद, बिरेंद्र ठाकुर, मनोज जयसवाल, स्वरित छाबड़ा, पवन सोनी, अख्तर खान, मनीष सोनी, सोनू सरदार, अमीर खान, धीरेन्द्र गोस्वामी, राहुल अग्रवाल, रिंकू खान, विशाल अग्रवाल, मुकु अग्रवाल, पवन जयसवाल, मदन लाल और विजय ठाकुर प्रमुख थे।

# भंडरा में आग लगने से धान के साथ पुआल जलकर राख

*अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचकर आग पर पाया काबू*





**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमानो पंचायत के टोटो ग्राम में सोमवार शाम को आग लगने से धान के साथ पुआल भी जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने किसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। इसके बाद अग्निशमन (दमकल) मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य किया। भुक्तभोगी किसान बछवा उरांव एवं सुरेश उरांव ने बताया कि आग लगने से खलिहान में रखें धान लगभग 15 क्विंटल जल कर राख हो गया, जिससे उन्हें भारी भरकम आर्थिक नुकसान हुआ है। साथ ही किसान ने बताया कि घर में 10 की संख्या में गाय बैल है, तथा 4 भैंसा भी है। अब उनके समक्ष चारा के लिए किसी भी प्रकार का पुआल नहीं बचा है। मवेशी खिलाने के लिए चारा की चिंता सता रही है। क्योंकि धान के बाद जो पुआल बचता है उसी से साल भर किसान मवेशी को चारा के रूप में खिलाते है। मौके पर अग्निशमन विभाग के प्रभारी शौकत अली, अग्निचालक अजीत कुमार वर्मा, अग्नि चालक अभिजीत कुमार वर्मा, अग्नि चालक सुनील बेसरा, शामिल थे।

# कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि व श्रद्धांजलि सभा आज

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि 17 दिसंबर 2024 को आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय, ब्लॉक मोड, लोहरदगा में सुबह 11:00 बजे से मनाई जाएगी। इसमें आजसू पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जिले के तमाम सामाजिक संगठन तथा आम नागरिक एवं झारखंड आंदोलनकारी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। झारखंड आंदोलन को एक नई धार देने वाले और झारखंड विधानसभा में झारखंड की हितों की बात पूरे सजगता से रखने वाले स्वर्गीय कमल किशोर भगत का देहांत 17 दिसंबर 2021 को हो गया था ।आज भी कमल किशोर भगत झारखंड के आंदोलनकारीयों के दिलों में बसते हैं। ऐसे झारखंड के सच्चे सपूत का हमारे बीच से जाना अत्यंत दुखद है। अतः सभी कार्यकताओं एवं सम्मानित तथा सभी सामाजिक संगठन एवं आम नागरिकों से आग्रह होगा कि इस श्रद्धांजलि सभा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर एक आंदोलनकारी को सच्ची श्रद्धांजलि दें।

# उपायुक्त ने किया एनआईएलपी के जागरूकता रथ को रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 2021-22 की बजट घोषणाओं के अनुरूप व्यस्क शिक्षा के सभी पहलुओं को कवर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिए 'न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम (नव भारत साक्षरता कार्यक्रम)' को मंजूरी दी गई थी। जिसके तहत सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी) 2024 का आम लोगो के बीच प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षा विभाग, लोहरदगा के जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना, महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाना (जैसे वित्तीय, डिजिटल, व्यावसायिक, स्वास्थ्य आदि), कौशल विकास, सतत शिक्षा (कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि) है। सभी डिजिटल सामग्री टीवी, रेडियो, मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होगी। यह योजना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के गैर-साक्षर लोगों को कवर करेगी। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम जीवन नायक व अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वर्तमान में सभी बैंको के कार्यों की



समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा सभी बैंको के प्रतिनिधियों से बैंकिंग ऋण से संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और निदेश दिया गया कि बैंक शाखाओं में प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति हेतु सकारात्मक प्रयास करें और ऋण भुगतान का कार्य किया जाय। आवेदनों को सही तरीके से जांच कर उन्हें अग्रसारित करें। बैठक में मत्स्य, डेयरी समेत अन्य ऋण में सुधार करने के लिए कहा गया। किसान क्रेडिट कार्ड को बढ़ाने के लिए नया सेक्टर खोलने का निर्देश दिया। जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड अच्छादित हो सके। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,आर बी आई के प्रतिनिधि, अग्रणी बैंक प्रबंधक और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपायुक्त द्वारा पीएमईजीपी वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑनलाइन विवरणी भी विस्तृत समीक्षा की। इसमें उद्योग विभाग द्वारा बताया गया कि जिला का लक्ष्य, बैंक द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गए लाभुकों की संख्या और भुगतान किए गए लाभुकों की संख्या से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा ससमय युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए।

## नदी में गिरने से अधेड़ की हुई मौत जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही ग्राम स्थित नदी में शव मिलने की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई। इस घटना की जानकारी सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को दिया गया। सूचना सत्यापन के पश्चात थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में ले जांच पड़ताल करते हुए अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दिया गया। वही मृतक की पहचान बरही निवासी घूरन लोहरा का 53 वर्षीय पुत्र मोहन लोहरा के रूप में किया गया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन लोहरा शुक्रवार को ही अपने घर से निकला था। जो बरही ग्राम अन्तर्गत केरा टोली गया था। मोहन लोहरा मजदूर वर्ग का है। और ईंट भट्ठा कमाने बाहरी प्रदेश जाता है। जो हाल में ही हाल में ही प्रदेश से लौटा था। वह किसी कार्य से केरा टोली गया हुआ था। वहां से घर लौटने के क्रम में नदी के पानी मे मुंह के बल गिरने से हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस प्रशासन के द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच आरम्भ है।

# 'पोषण भी पढ़ाई भी' कार्यक्रम आयोजित आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नन्दी रानी कच्छप की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के सभी सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं का पोषण भी पढ़ाई भी के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में दिया जा रहा है। वही प्रशिक्षक जिला बाल विकास समन्वयक सह प्रशिक्षक गौतम दत्ता एवं महिला पर्यवेक्षिका किस्को रोसा बाड़ा के द्वारा सभी सेविकाओं को नव चेतना के माध्यम से 0 से 3 वर्ष तक बच्चे बच्चियों को बाल्य अवस्था का देख भाल, शिक्षा और पोषण के बारे विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही पोषण के द्वारा खान पान, शाररिक विकास, मानसिक विकास, सज्ञानात्मक विकास और खेल के माध्यम से शिक्षा देने के बारे में बताया गया। साथ ही बच्चे बच्चियों को कुपोषण से मुक्त के बारे में जानकारी दिया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर, बॉबी कुमारी नायक के अलावे रजनी देवी, शांता मिंज, टिंकी देवी, सलिखा खातून, किरण कुमारी,हुमा समरीन, रेणु देवी, समेरुन खातून, अहिल्या देवी, सीता देवी सहित अन्य सभी सेविकाएं उपस्थित थे।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, गढ़वा

### शिशु पंजी/बाल पंजी अद्यतनीकरण हेतु

### आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रभारी सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 4316 दिनांक– 29.11.2024 के निदेशानुसार जिले के सरकारी प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं उच्चतर विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2024–25 के शिशु पंजी संधारण/अद्यतनीकरण का कार्य किया जाना है, जिसमें 3–18 आयुवर्ग के बच्चों की जनसंख्या का आकलन बच्चों के विद्यालय में नामांकित रहने या अनामांकित रह जाने/ड्रॉपआउट हो जाने से संबंधित जानकारी उद्देश्य से जिले के सभी सरकारी शिक्षकों को आवंटित गाँव/टोले घरों का सर्वेक्षण कार्य दिनांक– 04.01.2025 तक किया जाना है। संबंधित सर्वेक्षण कार्य जिला कार्यालय के पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी/प्रबंधक, CRP, BRP के द्वारा सतत् अनुश्रवण उक्त अवधि में किया जाएगा ताकि त्रुटि रहित आँकड़ों का संधारण हो सके।

घर–घर सर्वेक्षण कार्य के क्रम में आंगनबाड़ी, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति, स्वयंसेवी संस्था, पंचायत समिति के सदस्य/जन प्रतिनिधि, समाजसेवियों एवं अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने–अपने क्षेत्राधीन गाँव/टोले घरों का एक भी बच्चा इस सर्वेक्षण कार्य से वंचित न रहें।

इस कार्य में आप सबों का विशेष सहयोग अपेक्षित है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 342058 Human Resource Developement(24-25)D


# न्यूज | बॉक्स

## शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का समापन



**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को संकुल स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता सम्पन्न हो गया। उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैरो थाना प्रभारी नीरज झा,संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, वीर हनुमान और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। सभी प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा,जीवन में खेल कूद का बड़ा महत्व है। प्रतियोगिता में शिला अग्रवाल विद्या मंदिर ओवर ऑल चैंपियन रहा। शिशु वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम -सुंदरी देवी से निर्भय एक्का ,द्वितीय-कैरो से अमित उरांव,-तृतीय -तृतीय हंशिका कुमारी कुडू से इसी वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम -नितेश उरांव, बहन में प्रथम -आकृति कुमारी,द्वितीय साक्षी कुमारी,-तृतीय -अमृता कुमारी। बाल वर्ग 200 मीटर दौड़ में प्रथम करमचंद भगत, द्वितीय जगदीश उरांव, तृतीय मुस्कान कुमारी, 400 मीटर में प्रथम -कार्तिक उरांव, द्वितीय -अंकिता उरांव -तृतीय -अनिशा उरांव सफल रहें। लम्बी कूद में प्रथम - कमलेश उरांव,द्वितीय अंशु कुमारी, तृतीय आर्या सिंह, 400 मीटर दौड़ में प्रथम आकाश उरांव,द्वितीय -नैंसी उरांव, तृतीय अमन टोप्पो सफल रहें। समापन सत्र व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यातिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य उपस्थित रहीं जिन्होंने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया और सम्बोधन में कहा आपके उत्साह से हम अभिभूत हुए हैं।

## चट्टी में गीता पाठशाला का उद्घाटन



**भंडरा।** भंडरा क्षेत्र में लोगों में अध्यात्मिक चेतना जाग्रति करने और राजयोग के द्वारा नकारात्मक प्रवृत्ति से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज रांची की ओर से गीता पाठशाला का उद्घाटन चट्टी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्राता अवधेशनाथ तिवारी जी रहे। इससे पूर्व कलश यात्रा को ब्रह्माकुमारी सीमा बहन ने झण्डी दिखाई। पूरे चट्टी में शान्ति का संदेश देने के उपरांत यात्रा झारो चट्टी स्थित सेवाकेन्द्र पहुंची। मुख्य अतिथि भ्राता ने विश्व कल्याण के लिए ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा की जा रही सहज राजयोग के सेवा की सराहना की। उन्होंने बताया कि इस सेवाकेन्द्र से इस क्षेत्र की जनता को आध्यात्मिक जागृति लाने में बहुत मदद मिलेगी। सेवा केंद्र प्रभारी बीके सीमा बहन ने बताया कि जीवन में सच्चा सच्ची सुख- शान्ति, आनन्द की प्राप्ति के लिए सहज राज सबसे सहज मार्ग है। उन्होंने कहा कि यह विश्व विद्यालय विश्व के 140 देश में वर्ष 1936 से निःशुल्क रूप से मानव के सर्वांगिक विकास के लिए लोगों में आध्यात्मिक जागृति लाकर उनके जीवन को सुख में बनाने का कार्य कर रही है। विश्व विद्यालय बिना कोई भेदभाव के सभी जाति, धर्म, संप्रदाय, उच्च नीच सभी को श्रेष्ठ परमात्मा ज्ञान से मानव को जागरूक करता है। ब्रह्माकुमारी निशा बहन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसंबर को

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 18 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन,लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मोबाईल नम्बर 9470546635 पर या ई-मेल आईडी Janshikayat.ldg@jhpolice.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## एबीडीएम का नवनिर्वाचित विधायकों का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज 19 जनवरी को

**कुडू/लोहरदगा।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश के द्वारा विधानसभा चुनाव में विजयी दो विधायकों तथा धोबी समाज के प्रत्याशियो के द्वारा विधानसभा चुनाव में कि स्मत आजमाने वाले आधा दर्जन उम्मीदवारों का नागरिक अभिनंदन सह प्रदेश स्तरीय वन भोज कार्यक्रम का आयोजन अगामी 19 जनवरी को रांची के रूक्का डैम परिसर में आयोजित किया गया है। धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि धोबी समाज के दो उम्मीदवारों कांके से कांग्रेस के टिकट पर सुरेश कुमार बैठा तथा चंदनकियारी से झामुमो के टिकट पर उमाकांत रजक चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे तथा झारखंड में धोबी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। दोनों विधायकों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। अगामी 19 जनवरी को रांची के रूक्का डैम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नागरिक अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विशुनदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक विधायक सुरेश कुमार बैठा, उमाकांत रजक विधानसभा चुनाव मे गिरीडीह गांडेय से प्रत्याशी रहे अर्जुन बैठा सहित विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन प्रत्याशियों सहित साल 2024 में विभिन्न सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया शामिल होंगे। कार्यक्रम 19 जनवरी की सुबह दस बजे से शुरू होगा इसमें विभिन्न जिलों के अध्यक्ष अपनी रूपरेखा पेश करेंगे इसके बाद संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा, दोपहर दो बजे लंच के बाद अतिथियों का संबोधन के बाद शाम चार बजे कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश पदधारियो के द्वारा विभिन्न जिलों में बैठक करते हुए तैयारियों की समीक्षा हो रहीं हैं।

### राष्ट्र की रक्षा ही हमारा व्रत है

## वीर शहीदों को शत-शत नमन : हवलदार धर्मराज



**लोहरदगा।** विजय दिवस पर सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। घोष वादन के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। वंदना सभागार में दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। मंच की शोभा को गोकुल उरांव, रुक्मी देवी, मनोज कुमार, रनिया देवी एवं धर्मराज महतो ने बढ़ाया। विद्यालय के आचार्य गणेश प्रसाद साहू द्वारा विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बहन आद्यया पाठक, शर्मिष्ठा पाठक, परिधि कुमारी के द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। गीत के बोल थे हम भारत मां की संताने हम मातृभूमि हित जीते हैं... तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन रहे ना रहे 1971 की देशभक्ति की वीरगाथा को उन्होंने बताया। हवलदार धरमराज महतो ने 1971 के जंग की कहानी को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि इस जंग में बांग्लादेश का उदय हुआ और भारतीय सैनिकों को विजय मिली। इस युद्ध में 3800 सैनिक मारे गए तथा 1200 सैनिक घायल हुए। 93000 पाकिस्तानी सैनिक हमारे सैनिकों के समक्ष आत्म समर्पण किया। इस अवसर पर भारत माता एवं अल्बर्ट एक्का की जयकार की ध्वनि से पूरे वंदना सभा गूंज उठी। देशभक्ति की भावना का संचार बच्चों के हृदय में किया गया मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी सहित भैया बहन उपस्थित रहे।

### विजय दिवस पर सम्मानित हुए सीआरपीएफ व आर्मी के जवान

# देशभक्ति का जुनून पैदा करती है सेना की वर्दी : लालदेव उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सोमवार को विजय दिवस समारोह आयोजित हुओ विजय दिवस समारोह पर 7 सीआरपीएफ जवान व आर्मी जवान सहित कार्यरत आर्मी जवान सम्मानित किए गए। जवानों में नवीन भगत, परमेश्वर उरांव, आनंद भगत, लोकेश तिर्की, जितेंद्र उरांव, महावीर भगत व लालदेव उरांव को सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की भूमिका रश्मि साहू ने रखा। विजय दिवस पर शहीदों और भारतीय सेना के सम्मान में महाविद्यालय के भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। लालदेव उरांव ने कहा कि फौजी यूनिफॉर्म पहनने से फौजियों में जुनून साहस और देशभक्ति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को एक अवसर ऐसा जरूर मिलना चाहिए कि जिसमे उन्हें देश सेवा करने का अवसर मिले। महावीर भगत ने सीआरपीएफ प्रशिक्षण के बारे में बताया और कहा कि देश के लिए मर मिटने का जुनून एक अलग चीज होती है। उन्होंने बताया कि कैसे 1971 की लड़ाई में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के सामने घुटने टेक दिए। जितेंद्र उरांव ने सैनिकों के संघर्षों के बारे में बतलाया। इसके पूर्व अतिथियों का परिचय एवं स्वागत ऋद्धि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन यशोदा कुमारी ने किया। मौके पर रेणु कुमारी, कविता कुमारी, सत्यम सतलज, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित महाविद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


## ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

### ई- प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**22/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 16.12.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 2 | Construction of Model Storage Facilities for Seized Narcotics Drugs and Psychotropic Substances, Latehar | 68,86,600 /- | 06 (Six) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23/12/2024 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 30/12/2024 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 31/12/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 342107 Building (24-25)_D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION, DALTONGANJ

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/17/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 24.12.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 26.12.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 26.12.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 3120000.00 | 62500.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 2. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Bishrampur, Daltonganj, Palamu. | 3120000.00 | 62500.00 | 5000.00 | 06 Months |

**निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–**

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

PR 342089 Building (24-25)_D

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj

## बघिमा गांव से पिकअप वाहन की चोरी

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के बघिमा गांव में रविवार रात अज्ञात चोरों ने घर के सामने खड़े पिकअप वाहन को चुरा लिया। वाहन मालिक कृष्णा साहू ने घटना की जानकारी सोमवार को पालकोट थाना में दी, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बघिमा गांव निवासी कृष्णा साहू रविवार को खेत से धान लेकर अपने पिकअप वाहन से घर लौटे थे।

## चमरा लिंडा ने किया आश्रम बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण, छात्राओं से की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को सिसई स्थित आश्रम बालिका आवासीय उच्च विद्यालय कुम्हार मोड़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल और छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्राओं से संवाद किया। मंत्री ने विद्यालय की स्थिति और सुविधाओं को लेकर प्रधानाध्यापिका कविता तिर्की की मांगों को गंभीरता से सुना और आवश्यक सुधार के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।



निरीक्षण के दौरान मंत्री लिंडा ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई, खानपान और अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिया कि मैट्रिक परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत और उच्च कोटि का हो। उन्होंने अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी ताकि छात्राओं को भविष्य में एनसीईआरटी आधारित पढ़ाई में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

प्रधानाध्यापिका कविता तिर्की ने मंत्री से विद्यालय और छात्रावास की चारदीवारी के जीर्णोद्धार, खेल मैदान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग की। इस पर मंत्री ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने छात्राओं के साथ विद्यालय में भोजन भी किया और व्यवस्थाओं को परखा। इस मौके पर शिक्षिका फिजी कुमारी महतो, प्रतिमा लकड़ा, फूल कुमारी, मेंस इंचार्ज पिंटू कुमार समेत अन्य कर्मचारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे। मंत्री के दौरे से छात्राओं और विद्यालय प्रशासन में उत्साह का माहौल रहा।

### गुमला के रामजड़ी गांव में उपायुक्त ने कांस्य क्लस्टर का किया उद्घाटन, कहा

# पारंपरिक कारीगरी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाया जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** गुमला के उपायुक्त ने आज बसिया में महत्वाकांक्षी कांसा कलस्टर केन्द्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने रामजड़ी गांव में रहने वाले पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जायजा भी लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर उपायुक्त ने रामजड़ी ग्राम में ब्रास एवं ब्रॉन्ज क्लस्टर का उद्घाटन करते हुए उपस्थित लोगों को बताया कि इस क्लस्टर का उद्देश्य कारीगरों को सामूहिक रूप से एक मंच प्रदान करना है। इस मंच के माध्यम से वे अपनी पारंपरिक कला और व्यवसाय को नया आयाम दे सकते हैं। इस व्यवसाय से जुड़े कारीगरों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने इस पारंपरिक व्यवसाय को सुदृढ़ करने के तरीकों और संबंधित समस्याओं की जानकारी लेते हुए आधुनिक तकनीकों के साथ बाजार तक पहुंच बनाने में मदद का आश्वासन दिया।

इसके साथ साथ कारीगरों के लिए एक सामुदायिक सुविधा केंद्र भवन और संबंधित मशीनों के वितरण की प्रक्रिया को अविलंब प्रारंभ करने का भरोसा भी दिया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यम विकास बोर्ड और हिंडाल्को के उरफ कार्यक्रम के तहत कुल पचास कांस्य कारीगरों को सुरक्षा उपकरणों का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि कांसा उद्योग की दृष्टि से पूरे झारखंड में अपनी अलग पहचान रखने वाले बसिया के रामजड़ी गांव में सदियों से पारंपरिक कुटीर उद्योग का संचालन किया जाता है। दुर्भाग्यवश बर्तन क्षेत्र के मशीनीकरण और बाजार में समकक्ष उत्पादों की उपस्थिति के कारण हाल के वर्षों में इन कारीगरों के अस्तित्व पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में उपायुक्त ने सराहनीय पहल करते हुए आज इन कारीगरों की परेशानियों का अध्ययन करते हुए तत्संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया। कारीगरों को सहकारी समितियों से जोड़ने और उनके उत्पादों का रजिस्ट्रेशन करवाने के भी निर्देश देते हुए उन्होंने कारीगरों को झारखंड से बाहर व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री करने के अवसर प्रदान करने का भरोसा भी दिया। आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ, अंचल अधिकारी, जिला उद्यमी समन्वयक, वन कर्मी और अन्य संबंधित अधिकारी के साथ साथ बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति दर्ज की गई।



## डीसी ने विकास परियोजनाओं व सार्वजनिक सेवाओं का निरीक्षण

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज बसिया और पालकोट प्रखंड का दौरा करते हुए जिले में चल रही विकास परियोजनाओं और जनसेवा से जुड़ी सुविधाओं का निरीक्षण किया। दौरे का उद्देश्य इन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए दिशा-निर्देश देना था। उपायुक्त ने बसिया में हाल ही में निर्मित अनुमंडल स्तरीय इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने इसके रखरखाव और उपयोग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का दौरा करते हुए स्थानीय युवाओं को पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पालकोट स्थित लैंपस (धान अधिप्राप्ति केंद्र) का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने सहकारी समितियों को प्रभावी कार्य प्रणाली अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को नियमित जांच सुनिश्चित करने का आदेश भी दिया। इसके अलावा, बाबा भीम राव आंबेडकर पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए उन्होंने इसे और सुदृढ़ बनाने और स्थानीय नागरिकों को लाभान्वित करने की बात कही। इस निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के साथ अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, बीडीओ पालकोट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने इन सेवाओं और परियोजनाओं को जनसाधारण के लिए अधिक उपयोगी और सुलभ बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।



### गुमला में टीबी मुक्त अभियान का हो रहा क्रियान्वयन

## डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण और किया सराहना



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले में 100 दिन का टीबी मुक्त अभियान तेजी से प्रगति कर रहा है। सोमवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य प्रतिनिधि डॉ. भी . सुदर्शन के नेतृत्व में घाघरा और बिशुनपुर प्रखंडों में अभियान की समीक्षा और औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं, अभियान की प्रगति और स्कैनिंग प्रक्रिया का गहन आकलन किया गया। निरीक्षण में पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संजीत एक्का, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुशल एक्का और एसटीएफ अधिकारी अमित प्रसाद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। टीम ने सबसे पहले घाघरा प्रखंड के टोटाम्बी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का दौरा किया। यहां उन्होंने टीबी मरीजों की पहचान और स्कैनिंग प्रक्रिया का बारीकी से अध्ययन किया। स्वास्थ्यकर्मियों से अभियान में आ रही चुनौतियों और उनके समाधान के उपायों पर चर्चा की गई।

इसके बाद घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आधार आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया गया। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि ने यहां अभियान में जुटी टीमों के कार्यों की प्रशंसा की और उनकी समस्याओं को समझते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बिशुनपुर प्रखंड के बनारी गांव में आयोजित निश्चय शिविर में भी टीम ने भाग लिया। इस दौरान अभियान से जुड़े अधिकारियों, जैसे मुखिया, डीपीएम मुकेश कुमार मिश्रा, पिरामल गांधी फेलो रुद्र प्रताप सिंह और एसटीएस विकास मिंज से अभियान की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। टीम ने टीबी मुक्त अभियान के लिए गांव-गांव तक सेवाओं को पहुंचाने और निश्चय शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया।

### डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि ने की अभियान की प्रशंसा

डॉ. भी सुदर्शन ने अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल जिले को बल्कि पूरे राज्य को टीबी मुक्त बनाने में सहायक साबित होगा। उन्होंने अभियान से जुड़े कर्मचारियों की कार्यशैली की प्रशंसा की और इसे और प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी दिए। डॉ. सुदर्शन ने सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान बढ़ाने और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### गुमला के 14 आवासीय विद्यालयों की जांच पूरी, सुविधाओं में होगा सुधार



**गुमला।** जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गुमला जिला प्रशासन ने व्यापक कदम उठाए हैं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी 14 आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों की गहन जांच के लिए 12 विशेष टीमों का गठन किया गया। परियोजना निदेशक, पीडीआईटीडीए, रीना हांसदा के नेतृत्व में बनी इन टीमों ने विद्यालयों में बुनियादी ढांचे, शैक्षणिक सामग्री, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों के लिए यूनिफॉर्म, स्वास्थ्य जांच, किताबें, जूते, और भोजन की गुणवत्ता जैसे प्रमुख बिंदुओं का आकलन किया। इसके अलावा, विद्यालय भवनों की स्थिति, बेंच-डेस्क की उपलब्धता और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सुदूर इलाकों में स्थित विद्यालयों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और उनकी आधारभूत संरचना को मजबूत करना है। परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने कहा की यह पहल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए शुरू की गई है। निरीक्षण के पहले चरण में सभी विद्यालयों की समस्याओं का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई है। यह रिपोर्ट दूसरे चरण में सुधार कार्यों की दिशा तय करेगी। सुधारात्मक कदमों के तहत विद्यालय भवनों की मरम्मत, शौचालयों की व्यवस्था, और स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी।

### विजय दिवस समारोह का आयोजन, शौर्य और पराक्रम की गाथा सुनाई



**चैनपुर।** परमवीर लांस नायक अल्बर्ट एक्का कॉलेज में विजय दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के योद्धा, ऑनरेरी कैप्टन वी नायर उपस्थित रहे। वे वर्तमान में केरल से वानप्रस्त आश्रम मँझाटोली में रह रहे हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय वायु सेना के वेटरन सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह, नौसेना के वेटरन ऑनरेरी लेफ्टिनेंट हरिनारायण साहू और जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी गुमला, कमांडर रामाराव साहब भी शामिल हुए। कॉलेज के प्राचार्य ने मेहमानों का स्वागत किया, और सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने लांस नायक अल्बर्ट एक्का की रणभूमि, गंगासागर युद्ध, का प्रोजेक्टर द्वारा चित्रण किया।मंच पर उपस्थित थल, जल और नभ सेना के योद्धाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए आर्मी, नेवी और वायु सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा सुनाई। मुख्य अतिथि कैप्टन नायर ने मुक्तिवाहिनी बल को प्रशिक्षण देने के अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी ने युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया।सभा में सार्जेंट अभिजीत दास, वारंट ऑफिसर एस सेन, बी एस एफ के सुनील कुजूर, सेना के के के तिवारी सहित कई अन्य अतिथि उपस्थित थे।यह कार्यक्रम राष्ट्रीयता और वीरता की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण रहा।

### दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के पुराना थाना के पास सोमवार देर शाम दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान भरनो के गढ़ाटोली निवासी सूरज उरांव (18) के रूप में हुई है। घायलों में सूरज के दोस्त अमृत उरांव (20) और बेड़ों थाना क्षेत्र के हुटरी नवाटोली निवासी पास्टर नमन बागे (49) शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, नमन बागे अपनी बाइक से गुमला से हुटरी नवाटोली जा रहे थे। इसी दौरान भरनो के पुराना थाना के पास एक पल्सर बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार युवक सड़क पर गिर गए। सूरज उरांव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अमृत उरांव और नमन बागे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को पुलिस वाहन और ऑटो की मदद से भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सूरज उरांव को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया।

### चौकीदार भर्ती: शारीरिक दक्षता परीक्षा नागफेनी आईआरबी कैंप में शुरू

**गुमला।** जिले में चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा नागफेनी स्थित आईआरबी कैंप ग्राउंड में आयोजित की जा रही है, जहां दौड़, साइकिलिंग, और अन्य शारीरिक मापदंडों पर अभ्यर्थियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षा के पहले दिन 442 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 75 महिलाएं और 367 पुरुष शामिल रहे। यह परीक्षा सुबह 7 बजे से शुरू हुई और पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चलेगी। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा में सरकार के सभी दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया है। प्रशासन ने परीक्षा स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की हैं, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अभ्यर्थियों को उचित मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाएगी। परीक्षा के सफल समापन के बाद अंतिम चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों ने प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना की और भर्ती प्रक्रिया को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया।

### करंज थाना में साइबर ठगी से बचाव के लिए बैठक, प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मिली हिदायतें



**गुमला।** साइबर ठगी की घटनाओं को रोकने और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से करंज थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी आशीष केशरी ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी ने साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और प्रज्ञा केंद्र संचालकों को ठगी से बचाव में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि साइबर अपराधी अक्सर ग्रामीणों को अपने जाल में फंसाकर प्रज्ञा केंद्रों के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवाते हैं। ऐसे में प्रज्ञा केंद्र संचालक यदि सतर्क रहेंगे, तो ग्रामीणों को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सकता है। बैठक के दौरान यह भी बताया गया कि प्रज्ञा केंद्रों पर पैसे जमा और निकासी के दौरान सावधानी बरतना आवश्यक है, क्योंकि साइबर अपराधियों की नजर अक्सर इन केंद्रों पर रहती है। थाना प्रभारी ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रज्ञा केंद्र संचालकों द्वारा पैसे की निकासी में ग्रामीणों के साथ किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

## बच्चियों के बीच किया गया गर्म कपड़ों का वितरण

**बसिया।** डब्ल्यूसीएसएफ चैरिटी स्पिरिट फाउंडेशन के तत्वाधान में स्थानीय उर्सलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विधालय कोनबीर नवाटोली में अत्यंत गरीब परिवार की छात्राओं के लिए एक कैंप का आयोजन किया गया। विद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस कैंप के माध्यम से अत्यंत गरीब परिवार की दस छात्राओं के बीच गर्म कपड़ों का निःशुल्क वितरण किया गया। डब्ल्यूसीएसएफ की स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रियंका कुमारी सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा प्रतिवर्ष गुमला जिले के सभी प्रखंडो में बालिकाओं को स्कॉलरशिप के साथ साथ सामान्य जरूरत की तमाम सामग्रियां उपलब्ध कराई जाती है। स्थानीय उसुलाईन कॉन्वेंट में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था की स्टेट कॉऑर्डिनेटर प्रियंका कुमारी सिंह, ब्लॉक कोऑडिनेटर दीपशिखा साहु, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, तमाम शिक्षक और क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## पासवान युवा सेना का गठन

### समाज के कमजोर वर्गों को मदद देने का किया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गांधी नगर सिसई रोड स्थित एक बैठक में गुमला जिले के दुसाध समाज की संरक्षक, मोहन पासवान की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से गुमला चंवर पासवान युवा सेना के गठन का निर्णय लिया गया। संगठन के विस्तार के लिए 11 सदस्यीय टीम का चयन किया गया, जिसमें गंदुर पासवान, मनोज पासवान, दिलीप पासवान, संदीप पासवान, अभिमन्यु पासवान, अमरनाथ पासवान, विनोद पासवान, अजय पासवान, उपेंद्र पासवान, राजेश पासवान और विजय पासवान शामिल हैं। बैठक में समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं की घोषणा की गई। पासवान युवा सेना द्वारा प्रत्येक महीने दो परिवारों को चावल, दाल, तेल और कंबल वितरित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, समाज के ऐसे बच्चे जिन्हें गरीबी के कारण मैट्रिक और इंटर की परीक्षा देने का अवसर नहीं मिल पाया है, उन्हें पढ़ाई के लिए मदद दी जाएगी। बैठक में मोहन पासवान ने कहा की हम युवा ऊर्जा का उपयोग कर समाज को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। हर रविवार को पासवान युवा सेना की बैठक आयोजित की जाएगी। अगली बैठक में पासवान समाज के परिवारिक मिलन समारोह के आयोजन पर विचार किया जाएगा, जो नागफेनी कोयल तट के किनारे आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में जिलेभर से समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में हरिराम ने भी अपने विचार साझा किए और कहा की इस पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा और कमजोर वर्गों की मदद करने का मार्ग प्रशस्त होगा। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्य भी अपने विचारों को साझा किया। बैठक में गंदुर पासवान, मनोज पासवान, दिलीप पासवान, संदीप पासवान, अभिमन्यु पासवान, अमरनाथ पासवान, विनोद पासवान, अजय पासवान, उपेंद्र पासवान, राजेश पासवान, विजय पासवान, गणेश पासवान उपस्थित थे।

## स्वच्छ पेयजल के नाम पर हो रहा धोखा अनजाने में आम लोग हो रहे इसका शिकार

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** खाद्य सुरक्षा के तमाम दावों के बावजूद जिले के इस अंचल में खाद्य प्रशासन की गतिविधियों की कोई जानकारी किसी को नहीं है। इसका नतीजा यह है कि पेयजल के कारोबार तक में स्वच्छता का यहाँ खयाल रखने में कोताही बरती जा रही है और लोग जाने अनजाने बीमारी को न्यौता देनेवाले खरीददारी को अभिशप्त हो रहे हैं। बताते चलें कि परंपरागत रूप से यहाँ के हाट बाजारों में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों की खुले में बिक्री होती है। इनपर लगाम लगाना शायद थोड़ी मुश्किल भी है। दूसरी श्रेणी में यहाँ होटल, रेस्टोरेंट और जलपान के काऊंटर भी हैं। इन जगहों में थोड़ी बहुत खाद्य सुरक्षा के शर्तों का अनुपालन होता भी है क्योंकि इनका सीधा संबंध आम उपभोक्ताओं से बना रहता है। हाल के वर्षों में विभिन्न कारणों से आम लोगों में खाद्य सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ी है। स्थापित होटलों व दुकानों में इसका दबाव काम भी करता है और सामान्यतः होटल संचालक साफ सफाई को लेकर एक दबाव में रहने लगते हैं। उल्लेखनीय है कि खाने पीने की बस्तुओं को लेकर हाल के वर्षों में संवेदनशीलता में पर्याप्त इजाफा हुआ है। इसका नतीजा यह है कि अब लोग बोतल बंद पानी की मांग को लेकर सामने आने लगे हैं। इस मांग में व्यक्तिगत आवश्यकता के अनुरूप एक लीटर पानी के बोतल की मांग तो होती ही है परन्तु सार्वजनिक आयोजनों व पारिवारिक मांग के अनुरूप बीस लीटर पानी के जार की मांग भी की जाने लगी है। ऐसे में पेयजल प्लांट के नाम पर जगह जगह इसके आपूर्ति की व्यवस्था बढ़ गई है। इस मामले में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि खुल रहे स्वच्छ जल के इनके दावों के लिए न प्रशिक्षण की जरूरत महसूस की जा रही है न तथाकथित रूप से स्वच्छ किए गए पेयजल के रखरखाव की ओर किसी का ध्यान है। इतना ही नहीं इनके द्वारा पानी को साफ किए जाने की प्रक्रिया और प्रशासनिक निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बहरहाल यहाँ बहस का विषय अब यह बन रहा है कि साफ सफाई के आलोक में उपभोक्ता जार वाले जिस पानी पर भरोसा जता रहे हैं वही पानी उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनकर मुंह चिढ़ाने में लगा हुआ है।



## गुमला के युवाओं ने प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में लहराया परचम



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में गुमला जिला के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किए। कला, साहित्य, नृत्य और विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की यह सफलता जिले के लिए गौरव का क्षण है। गुमला जिला के युवा प्रतिभागियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। यह सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की पहचान है, बल्कि जिले के युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा और संभावनाओं को भी उजागर करती है।

गुमला के युवाओं की यह उपलब्धि जिले के अन्य युवाओं को भी प्रेरित करेगी। यह आयोजन उनके लिए एक मंच साबित हुआ, जहां उन्होंने अपनी क्षमताओं को दशार्या और जिले का नाम रौशन किया।

### विजेताओं की सूची

**पेंटिंग प्रतियोगिता** : तुषार पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया।

**कविता लेखन** : दीपिका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साहित्यिक क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी।

**सामूहिक नृत्य** : परमवीर अल्बर्ट एक्का की टीम ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया।

**सांस्कृतिक गीत (एकल)** : वीणा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**विज्ञान मेला (एकल)** : सूरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विज्ञान क्षेत्र में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

### झारखंड में समेटिव असेसमेंट-1: डिजिटल परीक्षा प्रणाली ने बढ़ाई परेशानियां

# शिक्षकों व छात्रों को उठानी पड़ी मशक्कत

- *पहली बार डिजिटल प्रश्न पत्रों के माध्यम से हुई परीक्षा*
- *प्रश्न पत्र तैयार करने में ब्लैकबोर्ड, प्रिंटआउट व फोटो कॉपी का सहारा*

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में समेटिव असेसमेंट-1 के अंतर्गत पहली बार डिजिटल प्रश्न पत्रों के आधार पर परीक्षा प्रणाली लागू की गई। सोमवार को कक्षा 1 से 7 तक के लिए परीक्षा प्रारंभ हुई जो बुधवार तक जारी रहेगी। जे-गुरुजी ऐप के माध्यम से उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्रों के कारण परीक्षा संचालन में बड़े पैमाने पर कठिनाइयां सामने आईं। गुमला जिले सहित राज्य के अन्य जिलों में शिक्षकों और छात्रों को संसाधनों की कमी के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ा। पहले दिन कक्षा 1 से 5 के लिए अंग्रेजी और कक्षा 6-7 में अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान के पेपर आयोजित किए गए। परीक्षा में कई जगहों पर प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी करानी पड़ी, जबकि कुछ स्थानों पर शिक्षकों को मजबूरी में ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न लिखकर परीक्षा करानी पड़ी। कई स्कूलों में तो सवालों की प्रतिलिपि निकालने के लिए छात्रों से शुल्क लिया गया, जिससे डिजिटल व्यवस्था की खामियां उजागर हो गईं।

**प्रश्नों की अधिक संख्या से शिक्षकों को भारी कठिनाई :** शिक्षकों ने बताया कि परीक्षा के प्रश्न पत्रों में प्रश्नों की संख्या काफी अधिक थी, जिससे समय सीमा में प्रश्न लिखकर छात्रों से हल कराना लगभग असंभव हो गया। उदाहरण के लिए, बहु-विकल्पीय प्रश्नों की संख्या एक पेपर में 30 तक थी। इन सवालों को ब्लैकबोर्ड पर लिखना और फिर उन्हें समझाना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ।

**परीक्षा प्रणाली में बदलाव :** बिना तैयारी किए डिजिटल प्रक्रिया लागू इस वर्ष प्रश्न पत्र मुद्रित रूप में भेजने के बजाय डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से दिए गए। जे-गुरुजी ऐप का यह पहला प्रयोग शिक्षकों के लिए सिरदर्द बन गया। ज्यादातर स्कूलों में प्रिंटिंग और अन्य तकनीकी संसाधनों की कमी स्पष्ट दिखी। प्रिंटिंग व्यवस्था के अभाव में कुछ स्थानों पर केवल एक प्रश्न पत्र हर बेंच पर रखने की स्थिति बनी। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर बिना तैयारी के अचानक नया सिस्टम लागू कर दिया गया। एक शिक्षक ने कहा, यह व्यवस्था विद्यालयों के लिए अप्रत्याशित साबित हुई। हमारे पास पर्याप्त संसाधन ही नहीं हैं, और परीक्षा को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराना अत्यंत कठिन हो गया।

**छात्रों पर आर्थिक बोझ बढ़ा :** कुछ स्कूलों में प्रश्न पत्रों की फोटो कॉपी के लिए छात्रों से पैसे लिए गए, जिससे अभिभावक भी नाराज दिखे। छात्रों ने कहा कि डिजिटल प्रणाली के कारण पढ़ाई के साथ-साथ आर्थिक परेशानियां भी बढ़ गई हैं।

**विभागीय कदमों पर उठ रहे सवाल :** पूर्व में समेटिव असेसमेंट परीक्षाओं में विभाग प्रश्न पत्र मुद्रित कर स्कूलों को भेजता था। लेकिन इस बार डिजिटल माध्यम पर निर्भरता ने प्रणालीगत खामियों को उजागर कर दिया। गुमला के एक स्कूल के प्रधानाध्यापक ने कहा, ₹सरकार द्वारा तकनीक आधारित शिक्षण एक बेहतर पहल है, लेकिन इसे लागू करने से पहले तैयारी सुनिश्चित करना आवश्यक था।

**समाधान के लिए सुझाव :** शिक्षकों ने मांग की कि परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए डिजिटल प्रक्रियाओं को लागू करने से पहले आवश्यक संसाधन मुहैया कराए जाएं। स्कूलों में प्रिंटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और प्रश्न पत्रों की संख्या में कमी लाने की मांग प्रमुखता से उठी। राज्य शिक्षा विभाग को शिक्षकों और छात्रों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डिजिटल प्रक्रिया को व्यवस्थित और प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि यह लाभकारी साबित हो।

**जिला शिक्षा पदाधिकारी का बयान :** जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण समय पर टेंडर नहीं हो सका, जिससे मुद्रित प्रश्न पत्र उपलब्ध कराना संभव नहीं हुआ। इसलिए जे-गुरुजी ऐप के जरिए डिजिटल प्रश्न पत्र भेजे गए।

गुरु और शिष्य के बीच की मित्रता शाश्वत होती है। जब कोई शिष्य गुरु के प्रशिक्षण को स्वीकार करता है तो वहाँ केवल पूर्ण आत्मसमर्पण होता है, किसी भी प्रकार की विवशता नहीं होती। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'मानव की निरन्तर खोज'



संपादकीय

# प्रभावशाली नहीं बन पाई गांव की सरकार

लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक और सबसे बुनियादी इकाई कही जाने वाली ग्राम सभाओं का अस्तित्व धीरे-धीरे क्षरित होता जा रहा है। पंचायती राज व्यवस्था के इस प्राथमिक निकाय के लिए पांच वर्ष में एक बार चुनाव होते हैं, जिसमें ग्राम प्रधान और उसके सदस्य चुने जाते हैं। लेकिन ग्राम सभाओं का ढांचा पूरी तरह प्रभावशाली नहीं है। किसी परियोजना अथवा गांव के विकास के लिए ग्राम सभा के सदस्यों की बैठक की औपचारिकता निभाई जाती है। ग्राम पंचायत सचिवालयों/भवनों का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन उनके दरवाजे खुलते नहीं, न ही वहां ग्राम विकास अथवा ग्रामवासियों की किसी समस्या पर विमर्श संभव है। कई ग्राम सभाओं में निर्मित ऐसी इमारतों का ग्राम प्रधान की मनमर्जी से दुरुपयोग हो रहा है। कहीं कहीं वे ताश और जुआ खेलने के अड्डों अथवा निठल्लों की बैठक के केंद्रों में तब्दील हो चुके हैं। ग्राम सभाओं का कार्य गांव के विकास और उसके वाशिंदों के कल्याण के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाना और समस्याओं को हल करना है। उनका यह भी दायित्व है कि वे गांव के लोगों के आपसी विवादों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर करें, जिससे ऐसे मामले पुलिस और अदालतों तक न पहुंचे और गांव का वातावरण सुखद बना रहे। लेकिन गांवों में आपसी विवाद इस कदर बढ़ गए हैं, जिनका समाधान न तो तहसील के राजस्व अनुभाग से संभव है और न ही कोई पुलिस या न्यायालय उनका निपटारा कराने में सक्षम हैं। अनेक ग्राम सभाएं नितांत निष्क्रिय और अकर्मण्य हो चुकी हैं। ग्राम लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक और सबसे बुनियादी इकाई कही जाने वाली ग्राम सभाओं का अस्तित्व धीरे-धीरे क्षरित होता जा रहा है। पंचायती राज व्यवस्था के इस प्राथमिक निकाय के लिए पांच वर्ष में एक बार चुनाव होते हैं, जिसमें ग्राम प्रधान और उसके सदस्य चुने जाते हैं। लेकिन ग्राम सभाओं का ढांचा पूरी तरह चरमरा गया है। किसी परियोजना अथवा गांव के विकास के लिए ग्राम सभा के सदस्यों की कोई बैठक नहीं बुलाई जाती। ग्राम पंचायत सचिवालयों/भवनों का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन उनके दरवाजे खुलते नहीं, न ही वहां ग्राम विकास अथवा ग्रामवासियों की किसी समस्या पर विमर्श संभव है। कई ग्राम सभाओं में निर्मित ऐसी इमारतों का ग्राम प्रधान की मनमर्जी से दुरुपयोग हो रहा है। वे ताश और जुआ खेलने के अड्डों अथवा निठल्लों की बैठक के केंद्रों में तब्दील हो चुके हैं। ग्राम सभाओं का कार्य गांव के विकास और उसके वाशिंदों के कल्याण के साथ उनकी सुविधाओं को बढ़ाना और समस्याओं को हल करना है। उनका यह भी दायित्व है कि वे गांव के लोगों के आपसी विवादों का निपटारा सुलह-समझौते के आधार पर करें, जिससे ऐसे मामले पुलिस और अदालतों तक न पहुंचे और गांव का वातावरण सुखद बना रहे। लेकिन गांवों में आपसी विवाद इस कदर बढ़ गए हैं, जिनका समाधान न तो तहसील के राजस्व अनुभाग से संभव है और न ही कोई पुलिस या न्यायालय उनका निपटारा कराने में सक्षम हैं। ग्राम सभाएं नितांत निष्क्रिय और अकर्मण्य हो चुकी हैं। ग्राम सभाओं पर उन सरकारी परियोजनाओं के क्रियान्वयन और उनकी निगरानी की भी जिम्मेदारी है, जिन्हें ग्रामवासियों की उन्नति के लिए बनाया गया है। ग्राम सभा का प्राथमिक प्रबंध ग्राम प्रधान और सरकारी सेवक कहे जाने वाले सचिव के नियंत्रण में होता है। यही कारण है कि ग्राम सभाओं की उन्नति और विकास के लिए आवंटित होने वाली सरकारी धनराशि को खर्च करने में ये दोनों संलग्न रहते हैं।

# यात्रा वृतांत : मधुवन शिविर की मधुर स्मृति


आलोक तुलस्यान
रांची।

24 मई 2024 की अहले सुबह रानीखेत एक्सप्रेस से हम काठगोदाम स्टेशन पहुंचे। खूबसूरत, साफ-सुथरा छोटा सा स्टेशन। कुली भाई सहृदय और संतोषी भी मिले । बाहर टैक्सी तैयार खड़ी है हमारे लिए। सामान टैक्सी में रखकर, बैठने से पहले हम चारों मैं, पुष्पा, रमेश और विनोद, काठगोदाम स्टेशन के साथ फोटो लेते हैं। काठ यानी लकड़ी का वृहद् व्यापार होता रहा होगा सो इस स्थान का नाम पड़ा - काठगोदाम, ऐसा अनुमान हम लगाते हैं। हमारी टैक्सी पहाड़ी मार्ग पर सरपट थी। आधे घंटे की यात्रा के बाद एक सुन्दर स्पॉट पर चाय के लिए रुकते हैं। पहाड़, मौसम और गर्मागर्म चाय बहुत मनभावन है। पुनः पहाड़ियों की ऊंचाई, घाटियों की गहराई, और प्रतिपल नूतन प्रकृति से चित्त को प्रफुल्लित करते हुए लगभग ढाई घंटे की यात्रा कर हम पहुंचे मधुबन। हिमालय की कुमायूं श्रृंखला में एक सुरम्य गांव, 5000 फीट की ऊंचाई पर। मुख्य सड़क से ऊपर अलग निजी रास्ता है मधुवन के लिए। ड्राइवर जानता है, और ऊपर तक पहुंचाता है। अब यहां से भी थोड़ा ऊपर जाना है, गाड़ी नहीं जा सकती। सहायक का नंबर है, उन्हें फोन करते हैं। सहृदयता से उत्तर मिलता है सामान वहीं छोड़कर आप सब ऊपर आ जाएं; आपका सामान ऊपर पहुंचा देंगे। हम सब धीरे-धीरे चढ़ाई चढ़ते हैं, मंत्रमुग्ध छटा पसरी है। हम पहुंचे तबतक अमर सिंह जी सामान ला देते हैं। ऊपर के दृश्य का मनमोहक नजारा है। हिमालय-कुमाऊं की पर्वत श्रृंखला, चटकीले रंगों की, असंख्य फूलों की शुभ्र घाटी। मझौले कद के वृक्षों का उपवन - आड़ू, प्लम, नाशपाती, अखरोट, और भी सुवासित मधुवन। ऊपर विराट, सामने सघन और नीचे घुप-खोह - अंतहीन कारीगरी। घुमावदार रास्तों से ही ऊंचाई पर चढ़ा जाता है। समयबद्ध व्यवस्था है। शीघ्रता से कमरे में पहुंचते हैं। साफ-स्वच्छ सामान्य कमरा। चौकी पर पतले गद्दे, सफेद चादर। दीवार पर श्री अरविंद श्री मां की तस्वीर। कमरे के साथ बालकनी - विस्तृत वन छटा। मौन, विशुद्ध शांति। लंगूरों या बंदरों की छप-छप के अलावा कोई ध्वनि नहीं। सोलर सिस्टम की सुविधा है। पानी ठंढा-गर्म मिलाकर काम चलता है। कोई भी रूम सर्विस नहीं है। शीघ्रता से तैयार होकर डाइनिंग स्पेस पहुंचना है। संतुलित समयबद्ध दिनचर्या का पालन करना अनिवार्य है।




उपयोग के बर्तनों पर क्रमांक अंकित है। और हर एक साधक को एक अलग संख्या आबंटित कर दी जाती है। उपयोग के उपरांत अपने बर्तन को स्वयं साफ कर यथास्थान यथावत रखना है। पर्वत श्रृंखला की ओर मुखरित खाने का टेबल अत्यंत आकर्षक है यहां पर। अनुमान से बहुत अधिक मनोरम, मनभावन। 'श्री अरविन्द का का काव्यलोक' केन्द्रीय विषय है इस शिविर का। डॉ. चरण सिंह जी केदारखंडी (जोशीमठ) एवं डॉ. ऋतम उपाध्याय (रतलाम) मुख्य समन्वयक तथा व्याख्याता हैं। श्री केदारखंडी जी मूलतः भारतीय अध्यात्म और विचार परंपरा के गहरे अध्येता और विचारक हैं। आप कई पुस्तकों के लेखक हैं तथा विभिन्न विषयों पर 500 से अधिक शोधपूर्ण आलेख के रचयिता हैं। डॉ. केदारखंडी जी का मैं प्रशंसक रहा हूं तथा कई अवसरों पर वातार्लाप का अवसर भी मिला है; परन्तु व्यक्तिगत रूप से मिलना नहीं हुआ था। इस शिविर में उनसे मिलना साथ रहने का भी एक आकर्षण मुझमें रहा है। डॉ. ऋतम उपाध्याय जी से भी वातार्लाप हुआ है पर मिलना शिविर में ही हुआ। आप बहुत ही उच्च कोटि की पेंटिंग्स करती हैं। 24 मई 2024 से 30 मई 2024 एक सप्ताह के इस शिविर में हम सब चालीस लोग हैं। महर्षि श्री अरविन्द के काव्यलोक से जिन कविताओं पर चर्चा हुई व व्याख्यान हुए, वे कविताएं हैं :-निमंत्रण, अग्निवधू, कौन, मौन सबकुछ है, समर्पण, स्वर्णिम प्रकाश, कृष्णा, रूपांतरण, जीवन, देवता का श्रम। श्री अरविन्द की स्वीकारोक्ति है, मैं सबसे पहले कवि हूं। उनकी प्रथम कविता प्रकाश 1883 में छपी थी। प्रकाश से प्रारम्भ काव्य-यात्रा सवित्री से पूर्ण हुई प्रकाश से परम प्रकाश की यात्रा ।ललित कलाओं में वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत और काव्य पांच कलाओं को माना जाता है । कलाओं में सर्वोच्च है काव्य और काव्य किसका, अतिमानस के अवतार और पूर्ण योग के प्रणेता श्री अरविन्द का।यह दुनिया अपने अज्ञान के प्रेम-पाश में है। और जो भी अंधकार में है वह अंधा है। धरती पर वहीं प्रकाश है जो हिस्सा सूर्य के समक्ष है। अपनी-अपनी गृहस्थी में हमें अति मानसिक चेतना का विस्तार करना चाहिए। हमें कठोर स्वयं के लिए तथा उदार अन्य के लिए रहना होगा, हर तरह की संकीर्णता व क्षुद्रता से दूर रहकर जो चेतना की ऊंचाई चढ़ेगा वहीं जिंदगी की सच्चाई रचेगा। तृप्ति और तृष्णा में अंतर समझना होगा। कलंकित हास्य से हमें बचना होगा। किसी के विषाद अथवा पीड़ा से उत्पन्न हास्य कलंकित हास्य होता है।भगवान की भक्ति को हमें लपलपाती लौ से पुकारते रहना होगा। परमात्मा की पुकार में तंगदिल न रहें हम। ट्रेवलिंग एजेंसी वाला निमंत्रण न हो। असहमति भी प्रेम और नाजुकता से हो। फूल को घर ले आना है, बिना तोड़े। नम्र बनकर लेना होगा। मधुवन के इस शिविर में मेरे स्व की स्थिति ऐसी बनी जैसे एक बालक खिलौने में धनुष की इच्छा करे और उसे इन्द्रधनुष मिल जाए। जैसे एक जिज्ञासु कमल की कल्पना करे और उसे ब्रह्मकमल मिल जाए। याने आगे और आगे की समझ न हो, दृष्टि न हो पर अनुभूति हो जाए। आत्मसंतुष्टि से लांघने का सुअवसर। अपने अंदर के ईश्वर की आवाज को सुनने का सुअवसर।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

देश की बात

# आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ा संविधान पर चर्चा का सत्र


ललित गर्ग

सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा संजीदा बहस की जगह हंगामे का केंद्र बनती जा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है। जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर सार्थक बहस की जगह शोर शराबा, हंगामा और सदन का स्थगित होना ही आम होता जा रहा है। यही बात लोकसभा में संविधान को लेकर हुई दो दिनों की बहस की चर्चा के दौरान देखने को मिली। संविधान निर्माण के 75वें वर्ष पर हुई यह चर्चा भी छिछालेदार, आरोप-प्रत्यारोप एवं उच्छृंखलता का माध्यम बनी, जबकि संविधान पर इस चर्चा से जनता को एवं देश को सही दिशा मिलनी चाहिए थी, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी जानी चाहिए थी। संविधान जैसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण विषय पर सार्थक बहस न होना लोकतंत्र को कमजोर करने एवं लोकतंत्र रूपी उजालों पर कालिख पोतना ही है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने संविधान पर चर्चा के बहाने एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने का काम करके आकाश पर पैबंद लगाने एवं सछिद्र नाव पर सवार होकर संविधान रूपी सागर की यात्रा करने का ही संकेत देकर देश की जनता को निराश ही किया है। भले ही अपने तर्कों एवं तथ्यों से पक्ष एवं विपक्ष ने अतीत के प्रसंगों और विषयों को अधिक रेखांकित किया गया हो। निश्चित ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलग-अलग नजरियों को स्पष्ट करने वाली यह बहस न केवल समकालीन राजनीतिक मुद्दों पर बल्कि लोकतंत्र, समाज और इतिहास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने वाली रही, लेकिन इस बहस में आरक्षण, सावरकर, मनुस्मृति और अदाणी को शामिल करना विपक्ष की बुद्धि का दिवालियापन ही कहा जा सकता है। इनमें से अनेक प्रसंग और विषय ऐसे थे, जिन पर पहले भी किसी न किसी बहाने संसद के भीतर या बाहर चर्चा होती रही है। यह पहले से दिख रहा था कि विपक्ष संविधान पर चर्चा के बहाने यह बताने की कोशिश करेगा कि संविधान खतरे में है। लेकिन यह समझाने के लिए विपक्षी नेताओं के पास कोई मजबूत तर्क नहीं थे, वे यह स्पष्ट करने में विफल रहे कि आखिर संविधान को खतरा कैसे है? कांग्रेस संविधान पर चर्चा करते समय यह भी भूल गई कि वह यदि मोदी सरकार के एक दशक के कार्यकाल की गलतियां गिनायेगी तो उसे भी अपने चार दशकों के कार्यकाल की गलतियों हिसाब देना होगा। संविधान पर चर्चा के दौरान जैसे विपक्ष ने सत्तापक्ष पर आरोपों की झड़ी लगाई वैसे ही सत्तापक्ष ने भी विपक्ष पर आरोपों की बौछार की। लेकिन यह सब करते हुए पक्ष एवं विपक्ष ने संविधान की विशेषताओं को उजागर करने की सकारात्मकता की बजाय विध्वंसात्मक नीति का ही सहारा लिया। जहां विपक्ष ने आरक्षण विरोधी आरोपों को दोहराते हुए कहा कि सत्ता पक्ष मूल रूप से आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और जब-तब दबे-छुपे ढंग से उसकी यह अंदरूनी इच्छा संघ और पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं के बयानों से जाहिर होती रहती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात

# चले गए तबले के फनकार उस्ताद जाकिर हुसैन


डॉ श्रीगोपाल नारसन

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का 73 साल की उम्र में अमेरिका के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया है। जाकिर हुसैन के दिल का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में उपचार चल रहा था। वही इस गंभीर बीमारी के कारण उनकी मौत हो गई। मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद अमेरिकी शहर सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी जो कि अपने जमाने के मशहूर तबला वादक थे, ने तबले के यही बोलधाति धागे नधा तिरकिट धाति धागे धिना गिना, ताति ताके नता तिरकि धाति धागे धिना गिनाअपने डेढ़ दिन के बेटे जाकिर हुसैन के कान में कहे थे,उन्होंने कहा था कि मैं तबले की ही इबादत करता रहा हूं, यही एक बंदगी मैं जानता हूं और यही मेरा आशीर्वाद भी है जाकिर हुसैन के लिए। उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी का यह बेटा तबले के उस्ताद के नाम से मशहूर हुआ। शायद पैदाइशी के समय कान में जो मंत्र रूपी ताल फूंकी गई, वही उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान बन गई। सन 1990 के दशक में दूरदर्शन पर अमर गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा और दूसरा एक चाय का विज्ञापन बहुत मशहूर रहा, जिसमे यमुना नदी का किनारा, ताजमहल का बैकग्राउंड और मुहब्बत की निशानी के सामने बैठा एक नौजवान, जिसकी उंगलियां तो तबलों पर थिरकती ही थीं, बाल भी उसी गति से हवा से बातें करते हुए, क्या ही गजब लहराते थे, ये विज्ञापन भले ही चाय का रहा हो, लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन साहब इसके जरिए हर घर में मशहूर हो गए थे। तबले की थाप से भारतीय शास्त्रीय संगीत को पूरी दुनिया में एक नई पहचान दिलाने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम हर संगीत प्रेमी के दिल में बसा है। 9 मार्च सन 1951 को मुंबई में जन्मे जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपनी अनोखी छाप छोड़ी। बचपन से ही वे अपने पिता के साथ तबले की साधना में जुट गए थे। जाकिर हुसैन ने सेंट माइकल्स हाई स्कूल मुंबई से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। वे पढ़ाई के साथ-साथ संगीत साधना में भी लगे रहे।जाकिर हुसैन ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन में भी पढ़ाई की। यहां वे संगीत और विश्व सांस्कृतिक धरोहर के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

मित्रता ईश्वर के प्रेम का शुद्धतम रूप है, क्योंकि यह हृदय के स्वतन्त्र चयन से उत्पन्न होती है और पारिवारिक सहज-वृत्ति के द्वारा हम पर थोपी नहीं जाती है। आदर्श मित्र कभी जुदा नहीं होते; कुछ भी उनके भ्रातृवत सम्बन्धों को पृथक नहीं कर सकता।

# अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना


श्री श्री परमहंस योगानंद

प्रतिदिन प्रातःकाल और विशेषकर रात्रि में एक साथ बैठ कर ध्यान करें।...एक छोटा-सा पारिवारिक पूजा स्थल बनाएँ जहाँ पर पति-पत्नी, और बच्चे, ईश्वर के प्रति गहन भक्ति अर्पित करने एवं अपनी आत्माओं को हमेशा के लिए नित्य-आनन्द पूर्ण ब्रह्माण्डीय चेतना... में मिलाने के लिए एकत्र हो सकें। जितना अधिक आप एक साथ बैठ कर ध्यान करेंगे, उतना ही अधिक गहरा आपका एक दूसरे के लिए प्रेम पनपेगा। मित्रता ईश्वर का आह्वान है जो आत्मा को इसे सभी अन्य आत्माओं तथा ईश्वर से पृथक करने वाली अहं-चेतना के विभाजनों को नष्ट करने के लिए आदेश देता है। मित्रता ईश्वर के प्रेम का शुद्धतम रूप है, क्योंकि यह हृदय के स्वतन्त्र चयन से उत्पन्न होती है और पारिवारिक सहज-वृत्ति के द्वारा हम पर थोपी नहीं जाती है। आदर्श मित्र कभी जुदा नहीं होते; कुछ भी उनके भ्रातृवत सम्बन्धों को पृथक नहीं कर सकता। मित्रता का खजाना आपकी सबसे समृद्ध सम्पदा है, क्योंकि यह इस जीवन से परे भी आपके साथ जाती है। आपने जो सभी सच्चे मित्र बनाए हैं उन्हें आप परमात्मा के घर में पुनः मिलेंगे, क्योंकि सच्चा प्रेम कभी नष्ट नहीं होता। जब दो हृदयों में अथवा अनेक हृदयों के समूह में आध्यात्मिक सम्बन्ध से पूर्ण मित्रता विद्यमान होती है, तो ऐसी मित्रता प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण बना देती है। आपके हृदय में एक ऐसा चुम्बक है जो सच्चे मित्रों को आकर्षित करेगा।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




आज का दोहा

**लगे तुम्हारे बाग में, बिना बौर के आम।।**
**बतलाओ कैसे हुआ, यह अनहोना काम।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

रचना भेजिए


समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आपकी बात

# भारतीय शेयर मार्केट पुनः अपने आधारभूत कारकों पर चलने को तैयार


शशांक भारद्वाज

भारतीय शेयर मार्केट में पिछले सप्ताह के अंतिम व्यापारिक सत्र शुक्रवार को जैसी पुनर्वापसी देखी गई,वैसी संभवतः कभी नहीं देखी गई होगी क्योंकि यह कोई कारण विशेष के कारण नहीं आयी थी। घटनाक्रम विशेष में इस प्रकार की चाल देखी गई है परंतु शुक्रवार को तो कोई विशेष घटनाक्रम भी नहीं हुआ। ऐसे में यदि अगले सप्ताह निफ्टी 25000 के ऊपर व्यापार करने लगती है तो फिर अधिकांशों को आश्चर्यचकित कर भारतीय शेयर मार्केट धीरे धीरे बहुत अच्छी तेजी दिखा सकते हैं। शुक्रवार को निचले स्तरों से एक बड़ी तेजी में एक अच्छी बात यह भी रही कि उस दिन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी क्रय किया।नकद संभाग में उन्होंने 2335 करोड़ रूपए के शेयर खरीदे तो स्टॉक फ्यूचर में 7759 करोड़ रुपए की खरीद की। अतः शुक्रवार की तेजी मात्र सटोरियों की खरीदारी की तेजी नहीं थी। निफ्टी ने निचले स्तर से 588 अंकों की वृद्धि दिखाई। नवंबर में भी म्यूचुअल फंड की एसआईपी में मासिक निवेश 25300 करोड़ रुपए पर बना हुआ है। भारत में म्यूचुअल फंड एसआईपी के खाते 10.23 करोड़ हैं। भविष्य में यह 30 करोड़ के आसपास होने चाहिए ताकि प्रतिमाह 1 लाख करोड़ से ऊपर का एसआईपी का निवेश आए।यह मार्केट के स्थायित्व के लिए आवश्यक है क्योंकि मार्केट का विस्तार हो रहा है,विस्तार हुआ भी है, आकार बड़ा हो गया है। ऐसे में घरेलू निवेशकों का म्यूचुअल फंड तथा शेयरों में सीधे निवेश का आकर बड़ा होने से बड़ी बिकवाली आने पर भी किसी बड़ी गिरावट से रक्षा हो पाएगी। भारतीय शेयर मार्केट का पूंजीकरण जीडीपी का 150 प्रतिशत है जो अधिक ही है।इसको ऊंची वृद्धि दर से ही न्यायोचित बनाया जा सकता है। छोटे घरेलू निवेशकों का आत्मविश्वास तथा क्रय पुनः मार्केट में बढ़ता दिख रहा है। आरबीआई में नए गवर्नर संजय मल्होत्रा आये हैं।भारत में भी ब्याज दरों में कटौती प्रारंभ हो सकती है।इसकी आवश्यकता भी है। ईसीबी ने लगातार चार बार ब्याज दरों में कटौती की है। सीरिया में उथल पुथल के से तो कच्चे तेल का मूल्य नहीं बढ़ा था परंतु सऊदी अरब द्वारा 100 डॉलर प्रति बैरल के भाव ले जाने की बात आयी है जिससे सप्ताहांत में यह 74.49 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यद्यपि मात्र सऊदी अरब के चाहने से यह 100 डॉलर प्रति बैरल नहीं हो जायेगा। नवंबर में एफआईआई ने अभी तक नकद संभाग में 11706 करोड़ का क्रय किया, साथ ही डीआईआई ने 4672 करोड़ का क्रय किया।अर्थात दोनों का सम्मिलित क्रय 16378 करोड़ रुपए हुआ तथा इतनी राशि के शेयर खुदरा हाथों से इन शक्तिशाली हाथों में गए। यह अच्छा संकेत है। नवंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3.5 लाख रही जो किसी एक महीने में सर्वाधिक है। भारत की सर्वोच्च 100 कंपनियों का मार्केट पूंजीकरण पिछले पांच वर्षों में 138 लाख करोड़ रुपए बढ़ा है अर्थात इतनी बड़ी राशि की संपत्ति का सृजन हुआ है ।इसका एक बड़ा भाग जन सामान्य के मध्य भी सृजित,वितरित हुआ है। परंतु फिर भी भारत में प्रति व्यक्ति आय निचले स्तरों पर ही है।



इसमें वृद्धि के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास,उपाय किए जाने चाहिए। डाउ में पिछले सप्ताह लाभ ले लेने की प्रवृत्ति दिखी ,नीचे आया परंतु नैस्डेक अच्छा रहा। भारतीय शेयर मार्केट पुनः अपने आधारभूत कारकों पर चलने को तैयार हो रहें हैं। अभी बहुत अधिक शेयर विशेष में निवेश करना ही उचित लग रहा है। रिलायंस तथा कुछ अन्य ब्लू चिप कंपनिया जो अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही थी,उनमें अब परिवर्तन के संकेत आये हैं। यह मार्केट में तेजी की अवधारणा को शक्तिशाली बना सकते हैं। म्यूचुअल फंड के पास 1.80 लाख करोड़ रुपए की नकद राशि होने का अनुमान है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एक ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया है। इस वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही अप्रैल सितंबर में 42.1 डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह भारत में विदेशी कंपनियों के विश्वास को दशार्ता है। जिन कंपनियों में अच्छे समाचार हैं,उनके शेयर खरीद सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### आधुनिक जियो ट्यूब तकनीक से ट्रीट होंगे प्रयागराज के सभी 22 अनटैप्ड नाले

# गंगा जल स्वच्छता के मानकों के अनुरूप होगा निर्मल और अविरल



## 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होना है महाकुंभ 2025

**महाकुंभनगर (आईएएनएस)।** प्रयागराज में 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक दुनिया के सबसे बड़े मानवीय समागम 'महाकुंभ 2025' का आयोजन होने जा रहा है। इसे लेकर प्रयागराज में तैयारियां अपने अंतिम दौर में हैं। सीएम योगी की प्रेरणा से इस बार महाकुंभ को दिव्य-भव्य के साथ स्वस्थ और सुरक्षित महाकुंभ बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है।

इस दिशा में ही यूपी जल निगम, नगरीय ने प्रयागराज के सलोरी में जियो ट्यूब तकनीक आधारित ट्रीटमेंट प्लांट लगाया है, जो शहर के सभी अनटैप्ड 22 नालों के अपशिष्ट जल का शोधन करेगा, ताकि सीएम के निर्देशों के मुताबिक गंगा नदी में किसी भी नाले का पानी बिना ट्रीट किए नहीं डाला जाएगा। इससे गंगाजी के जल को स्वच्छता के मानकों के अनुरूप निर्मल और अविरल बनाने में मदद मिलेगी।

महाकुंभ में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान करने आते हैं।

लेकिन, 2019 के पहले के माघ और कुंभ मेलों में संगम के दूषित जल में स्नान करने के लिए उन्हें बाध्य होना पड़ता था। सीएम योगी के स्पष्ट निर्देशानुसार इस बार महाकुंभ में किसी भी नाले या सीवेज से अनट्रीटेड अपशिष्ट जल का दूषित पानी पवित्र नदियों में नहीं गिराया जाएगा। उनके निर्देशों के मुताबिक जल निगम, नगरीय ने प्रयागराज के सभी अनटैप्ड 22 नालों के ट्रीटमेंट के लिए जियो ट्यूब तकनीक आधारित ट्रीटमेंट प्लान, सलोरी में लगाया है। इसके बारे में अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि 55 करोड़ रुपये की लागत से बने इस ट्रीटमेंट प्लांट का अभी ट्रायल रन चल रहा है, जो 1 जनवरी से अपनी पूरी क्षमता से कार्य करने लगेगा। जियो ट्यूब सीवेज वाटर ट्रीटमेंट की आधुनिक तकनीक है। इसमें सीवेज वाटर की 40 से 50 फीसदी बीओडी लेवल और लगभग 80 प्रतिशत टीएसएस जियो ट्यूब्स में ही ट्रीट कर लिया जाता है। इसके बाद इस ट्रीटेड पानी को हाइड्रोजन पैरॉक्साइड से शोधित कर उसका ओजोनाइजेशन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस ट्रीटमेंट प्लांट में क्लोरीनाइजेशन की जगह ओजोनाइजेशन किया जाता है, क्योंकि ट्रीटेड पानी में अधिक मात्रा में घुला क्लोरीन जलीय जीवों के लिए नुकसानदेह होता है। ओजोनाइजेशन से सभी तरह के फीकल बैकटीरिया मर जाते हैं, फिर इस ट्रीटेड पानी को नदियों में छोड़ा जा सकता है। इसकी चौबीसों घंटे ओसीईएमएस तकनीक से ऑनलाइन मॉनिटरिंग होती रहती है।

ज्ञात हो कि सीएम योगी ने 12 दिसंबर के अपने प्रयागराज दौरे पर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया था और महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की समस्या उत्पन्न नहीं होने के निर्देश भी दिए थे।

# छत्तीसगढ़ के बालोद में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत

- सात घायल, सभी की हालत गंभीर

**बालोद(हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में रविवार की देर रात को बड़ा सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। सात लोग घायल हुए हैं और उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ।

इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी ) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देर रात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी 8049) को दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।



### राज्यसभा में संविधान पर बहस में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

# कांग्रेस ने कभी अपनी आलोचना बर्दाश्त नहीं की, किए कई संविधान संशोधन

- सीतारमण ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्यसभा में सोमवार को संविधान की 75 साल की यात्रा पर बहस की शुरुआत करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संविधान में कई संशोधनों के लिए कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी अपनी आलोचना को बर्दाश्त नहीं की। इमरजेंसी के दौरान गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी और अभिनेता बलराज साहनी की गिरफ्तारी का हवाला देते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मुद्दे पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर निशाना साधा।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए पहला संविधान संशोधन 1951 में नेहरू लाए थे। अपनी बात को पुष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी को 1949 में जेल डाला गया था। 1949 में मिल मजदूरों की एक बैठक के दौरान मजरूह सुल्तानपुरी ने जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लिखी एक कविता सुनाई। उन्होंने इसके लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया और उन्हें जेल भेज दिया गया। सीतारमण ने यह भी कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित करने का कांग्रेस का रिकॉर्ड सिर्फ इन दो लोगों तक ही सीमित नहीं है। 1975 में माइकल एडवर्ड्स द्वारा लिखी गई राजनीतिक जीवनी 'नेहरू' पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। उन्होंने 'किस्सा कुर्सी का' नामक फिल्म पर भी प्रतिबंध लगा दिया, क्योंकि इसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बेटे पर सवाल उठाए गए थे। सीतारमण ने कहा कि नेहरू के उत्तराधिकारी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी 'परिवार और वंशवाद की मदद' के लिए संविधान में संशोधन करते रहे।

सीतारमण ने कांग्रेस को महिला विरोधी बताया और राजीव गांधी के शासनकाल में शाह बानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने मुस्लिम महिलाओं के तलाक पर अधिकार संरक्षण अधिनियम 1986 पारित किया, जिसने मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने के उनके अधिकार से वंचित कर दिया। दूसरी ओर हमारी पार्टी ने नारी शक्ति अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के पास लोकसभा में 426 सदस्य थे, राज्यसभा में 159 सदस्य थे, लेकिन महिला आरक्षण विधेयक पारित करने का दृढ़ विश्वास नहीं था। वे महिला विरोधी थे।सीतारमण ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने लालू यादव की बेटी मीसा भारती का हवाला देते हुए कहा कि मैं ऐसे राजनीतिक नेताओं को जानती हूं, जिन्होंने उन काले दिनों को याद करने के लिए अपने बच्चों का नाम मीसा के नाम पर रखने का फैसला किया है और अब उन्हें उनके साथ गठबंधन करने में भी कोई आपत्ति नहीं होगी।



निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

## 'झूठा' बोलने पर भड़कीं निर्मला सीतारमण बोलीं, जयराम रमेश लिखित में मांगें माफी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राज्यसभा में सोमवार को संविधान के 75 गौरवशाली वर्ष पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा के दौरान संविधान संशोधन को लेकर कांग्रेस की गलतियां गिनवाईं। इस बीच केंद्रीय मंत्री सीतारमण और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के बीच तीखी नोकझोंक हुई । जीएसटी के मुद्दे पर कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने केंद्रीय मंत्री पर झूठ बोलने का आरोप लगाया, जिस पर निर्मला सीतारमण भड़क गईं और उनसे लिखित में माफी देने की मांग की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी का कांग्रेस ने विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा शासित प्रदेश गुजरात ने सबसे पहले इसका विरोध किया था। इस पर जयराम रमेश ने उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।

## जब संविधान लागू हुआ, तब विरोध किया था आरएसएस ने : खड़गे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जो लोग राष्ट्रीय ध्वज और संविधान का अपमान करते हैं, वे हमें संविधान का पाठ पढ़ा रहे हैं। राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने अपने संबोधन में कहा, 1949 में आरएसएस नेताओं ने भारत के संविधान का विरोध किया, क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं था।

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम ने जाकिर हुसैन के निधन पर किया शोक व्यक्त

**नई दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को विश्व विख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और तबले को वैश्विक मंच पर ले जाने में जाकिर हुसैन के योगदान को याद करते हुए उन्हें सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया। ज्ञात हो कि सुप्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। वह 1970 के दशक में मुंबई से मैरिन काउंटी चले गए थे।राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, तबला के जादूगर उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मुझे उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। मैं उनके परिवार के सदस्यों और उनके अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

उपराष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, दिग्गज तबला वादक पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन



किया। उनके परिवार, दोस्तों और वैश्विक संगीत समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन का समाचार बेहद दुखद है। उनका जाना संगीत जगत के लिए बड़ी क्षति है।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा, विश्व विख्यात तबला वादक, पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी का निधन अत्यंत दुखद एवं संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं उनके शोकाकुल परिजनों और शोक संतप्त प्रशंसकों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक जाहिर करते हुए लिखा, प्रसिद्ध उस्ताद और सभी समय के महानतम तबला वादकों में से एक उस्ताद जाकिर हुसैन की असामयिक मृत्यु से मैं बहुत स्तब्ध और दुखी हूं। यह देश और दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के निधन से हमारी संस्कृति की दुनिया और भी क्षीण हो गई है। संगीत के एक दिग्गज, रचनात्मकता के एक दिग्गज जिनके काम ने उन्हें पीढ़ियों तक लोगों के बीच लोकप्रिय बनाए रखा। उनके जाने से एक ऐसा शून्य पैदा हो गया है जिसे भरना मुश्किल होगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, जाकिर हुसैन जी के तबले की तान ने सीमाओं, संस्कृतियों और पीढ़ियों को पार करते हुए एक सार्वभौमिक भाषा बोली।

## पूरे आत्मविश्वास के साथ चुनाव में उतरेगी 'आप' : सिसोदिया

**दिल्ली (आईएएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपने दफ्तर का उद्घाटन किया। उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि पार्टी पूरे आत्मविश्वास के साथ आगामी चुनावों में उतरेगी। हमारे पास दिल्ली के लिए एक मजबूत एजेंडा है और हम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में लगातार लोगों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि भाजपा का आत्मविश्वास टूट चुका है, क्योंकि न तो उनके पास कोई मजबूत नेतृत्व है, न ही मुद्दे और न ही दिल्ली के लिए कोई ठोस एजेंडा। 'आप' की टीम दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और पार्टी का नेतृत्व अरविंद केजरीवाल के रूप में है, जो जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम कर रहे हैं। 'आप' की ओर से महिला अदालतों के आयोजन पर सिसोदिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। इनमें



किराया माफ करना, बसों में मार्शल लगाना, सीसीटीवी कैमरे लगवाना और लड़कियों को शिक्षा देने जैसे कदम शामिल हैं। इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल अब एक और बड़ा कदम उठा रहे हैं, जिसके तहत महिलाओं के बैंक अकाउंट में 2,100 रुपये हर महीने भेजे जाएंगे। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह महिलाओं की आर्थिक स्थिति को और सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखे जाने पर सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा को यह जिम्मेदारी दी थी कि वह कानून-व्यवस्था को ठीक करेंगे, लेकिन वह इस जिम्मेदारी को निभाने में विफल रही। दिल्ली के लोग अब जवाब मांग रहे हैं।

## नेहरू की चिट्ठियों पर भाजपा ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की चिट्ठियों पर अब विवाद शुरू हो गया है। दरअसल, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय सोसाइटी के सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिख कर नेहरू की चिट्ठियों को वापस करने को कहा है। इसके साथ ही इस मामले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस से पूछा है कि वह आखिर जवाहर लाल नेहरू की चट्ठियों को क्यों छुपा रही है। सोमवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने लोकसभा में भी यह मुद्दा उठाया और प्रेसवार्ता करके भी कांग्रेस पार्टी से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जवाहर लाल नेहरू के पत्राचार 1971 में जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय को दिए गए थे। इन सभी पत्रों को उस समय के जवाहर लाल नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय के डॉयरेक्टर से स्वीकृति लेकर करीब 51 डिब्बों में भर कर 5 मई, 2008 को सोनिया गांधी के घर भेज दिया गया। जवाहर लाल नेहरू ने ये पत्र एडविना माउंटबेटन, एल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, बाबू जगजीवन राम और गोविंद बल्लभ पंत आदि को लिखे थे।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**वृष :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**मिथुन :** व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**सिंह :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें।

**तुला :** लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**मकर :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

## शून्य काल में प्रियंका गांधी ने उठाया बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों का मुद्दा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को लोकसभा में शून्य काल में 1971 की भारत-पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत पर देश को नमन किया और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार तथा सैन्य मुख्यालय से विजय दिवस से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटाए जाने का मुद्दा उठाया। शून्य काल में प्रियंका गांधी ने कहा कि इंदिरा गांधी के महान नेतृत्व में आज ही के दिन भारतीय जनता के समर्थन से देश की सेना ने बांग्लादेश में पाकिस्तान का शासन खत्म किया। इस अवसर पर वे मुद्दे उठाना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर भारत सरकार को आवाज उठानी चाहिए और बातचीत करनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सैन्य मुख्यालय से पाकिस्तानी सेना के समर्पण से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटाए जाने का मुद्दा उठाया। हालांकि उनको मिले 2 मिनट का समय पूरा हो जाने पर उन्हें बातचीत नहीं रखने देने को लेकर कांग्रेस सदस्यों ने शोर-शराबा किया और सदन से बहिर्गमन किया। इससे पहले प्रियंका गांधी के नेतृत्व में संसद के मकर द्वार पर कांग्रेस नेताओं ने सैन्य मुख्यालय से पाकिस्तानी सेना के समर्पण से जुड़ी आईकॉनिक तस्वीर हटाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## केंद्रीय गृह मंत्री ने अमर जवानों को दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर/रायपुर (हि.स.)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने बस्तर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को जगदलपुर स्थित अमर बलिदान (शहीद) वाटिका पहुंचकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अमर जवान स्तम्भ में पुष्प चक्र अर्पित कर नक्सल अभियान के दौरान बलिदानी जवानों के बलिदान को नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

### संभल के मंदिर परिसर में हुई खुदाई

# कुएं से मिलीं तीन खंडित मूर्तियां

- जिला प्रशासन अब खुदाई की जिम्मेदारी एएसआई को देने की तैयारी में


वर्ष 1978 से बंद था संभल का शिव मंदिर

**संभल (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुएं की करीब 20 फुट तक खुदाई की गई। इस दौरान तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की हैं। जिला प्रशासन अब कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी में है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि शिव मंदिर के बगल में एक कुआं मिला है, जिसकी करीब 20 फुट तक खुदाई की जा चुकी है। खुदाई के दौरान कुएं में तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां- भगवान गणेश, कार्तिकेय और मां पार्वती की हैं। मूर्तियां मिलने के बाद प्रशासन ने खुदाई का काम रुकवा दिया है। संभावना है कि कुएं में और मूर्तियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है।

वहीं, श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी है। भीड़ को देखते हुए कुएं के पास पीएसी और पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, प्रशासनिक सूत्रों ने यह भी बताया है कि मस्जिद के पास से भी एक कुआं मिला है, जिसे ढक दिया गया था। अब उस कुएं की भी खुदाई शुरू होगी।संभल में यह शिव मंदिर वर्ष 1978 से बंद था। करीब 46 साल बाद 14 दिसंबर 2024 को प्रशासन द्वारा मंदिर का द्वार खोला गया। इस दौरान मंदिर में कई मूर्तियां मिलीं, जिसमें शिवलिंग और हनुमान जी की प्रतिमा शामिल है। इसके बाद प्रशासन ने मंदिर को साफ किया और 15 दिसंबर को विधि-विधान के साथ मंदिर में पूजा शुरू हुई। सोमवार को स्थानीय लोगों ने मंदिर पर प्राचीन संभलेश्वर महादेव लिखा।

# ममता इंडी गठबंधन की नेता बनने के लिए सबसे योग्य : अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इंडी गठबंधन के नेता के तौर पर दावेदारी का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि ममता सबसे वरिष्ठ नेता हैं एवं भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराकर आगे बढ़ी हैं। तृणमूल सांसद ने सोमवार को संसद परिसर में कहा कि ममता बनर्जी की दावेदारी पर इंडी एलायंस बैठक कर विचार करेगा। वे सबसे वरिष्ठ हैं, तीन बार की मुख्यमंत्री और तीन बार की सांसद हैं। केंद्र सरकार में कई मंत्री पद संभाल चुकी हैं। ममता के क्षेत्रीय पार्टी से होने के कांग्रेस के बयान पर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भले ही तृणमूल क्षेत्रीय पार्टी है लेकिन पार्टी भाजपा और कांग्रेस दोनों से लड़कर आगे बढ़ी है। जनता से समर्थन मिला है। भाजपा से इस बार 6 सांसद तृणमूल ने छीने हैं। हमारा भाजपा के खिलाफ स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है।

# जनता से मिलने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करोड़ों खर्च कर रहे हैं : तेजस्वी यादव

**सहरसा (आईएएनएस)।** बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित 'महिला संवाद यात्रा' को लेकर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी 15 दिन की यात्रा पर 2 अरब 25 करोड़ 78 लाख रुपये खर्च कर रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आखिर कौन ऐसा मुख्यमंत्री होगा, जो जनता से मिलने के लिए इतने रुपये खर्च करेगा।



उन्होंने बताया कि इतने रुपये में बिहार में बहुत सारा काम हो जाता, आखिर वह किस बात की यात्रा कर रहे हैं? यह सिर्फ अधिकारियों की लूट की छूट की यात्रा है। पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपने 'कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा' को लेकर सहरसा पहुंचे थे।

उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का विरोध करते हुए कहा कि आज पूरे देश में उपचुनाव भी एक तिथि को संभव नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर कम खर्च होने का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन आज विज्ञापन पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

# भारत 51/4, मैच बचाने के लिए बारिश का बचा सहारा

एजेंसी



● खराब रोशनी के कारण अंपायर्स ने स्टंप्स का फैसला ले लिया है

● कल और परसों भी लगातार बारिश की संभावना है

**ब्रिस्बेन।** भारत बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को अपने चार विकेट मात्र 51 रन पर गंवाकर गहरे संकट में फंस गया है। भारत अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 445 रन से 394 रन पीछे है। भारत की मैच बचाने की सारी उम्मीदें अब बारिश पर टिकी हुई हैं। वर्षा प्रभावित तीसरे दिन मौसम और खराब रौशनी के कारण अंपायर्स ने स्टंप्स का फ़ैसला ले लिया है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होता है। भारतीय टीम मुश्किल में ज़रूर है लेकिन कल अगर वे कम से कम 60 ओवर की भी बल्लेबाज़ी कर लेते हैं तो उनके पास यह मैच बचाने का अच्छा ख़ासा मौक़ा होगा। सबसे ज़रूरी बात - कल भी बारिश की संभावना है। उससे भी ज़रूरी बात -परसों भी बारिश की संभावना है। बारिश के कारण चाय के समय भारत ने 14.1 ओवर में 48/4 रन बनाए थे। लगातार बारिश के कारण लंच जल्दी ले लिए जाने के बाद, 11 गेंदों पर पंत और केएल राहुल ने स्ट्राइक रोटेट की, लेकिन फिर से बूंदाबांदी शुरू हो गई। खेल फिर से शुरू होने के बाद, पंत और राहुल ने 4.3 ओवर तक खेला, लेकिन फिर से बारिश ने उन्हें मैदान से बाहर जाने पर मजबूर कर दिया। बारिश के रुकने के बाद, राहुल ने कमिंस की गेंद पर शानदार ड्राइव लगाकर चौका लगाया। लेकिन कमिंस ने वापसी की और पंत को नौ रन बनाकर एलेक्स कैरी को कैच देने के लिए मजबूर किया। यह तीसरी बार था जब कमिंस ने इस श्रृंखला में पंत को आउट किया, इससे पहले टेस्ट मैचों में उनका विकेट नहीं लिया था। राहुल ने स्टार्क पर कवर के ऊपर से चौका लगाया, इससे पहले कि वह निराश दिखें और स्टार्क निराश दिख रहे थे क्योंकि बारिश फिर से आ गई और चाय का ब्रेक लेना पड़ा। स्टंप्स के समय केएल राहुल 64 गेंदों में 33 और कप्तान रोहित शर्मा छह गेंदों में खाता खोले बिना क्रीज पर थे। इससे पहले मिशेल स्टार्क और जोश हेज़लवुड ने भारत के शीर्ष क्रम को एक बार फिर ध्वस्त कर दिया और मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया।

बारिश के कारण जल्दी लिए गए लंच तक भारत ने 7.2 ओवर में 22/3 रन बना लिए थे। भारत की पारी की शुरुआत मिशेल स्टार्क की गेंद पर यशस्वी जायसवाल के बल्ले के बाहरी किनारे पर चौका लगने के साथ हुई। लेकिन अगली ही गेंद पर जायसवाल ने हाफ-वॉली को सीधे स्क्वायर लेग पर फ्लिक किया और चार रन बनाकर आउट हो गए। इस सीरीज में यह तीसरा मौका है जब जायसवाल बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क का शिकार हुए।

## कार्लसन नॉर्वे शतरंज 2025 में गुकेश से भिड़ेंगे



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** शतरंज की दुनिया एक असाधारण लड़ाई के लिए तैयार हो रही है, क्योंकि दुनिया के सबसे उच्च श्रेणी के खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन आगामी नॉर्वे शतरंज 2025 में खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन 18 वर्षीय गुकेश डोमाराजू से भिड़ेंगे। गुकेश ने पिछले गुरुवार को तब सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने सिंगापुर में 14 गेम के मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराया, विश्व चैम्पियनशिप का खिताब हासिल किया और 2013 में चेन्नई में कार्लसन द्वारा विश्वनाथन आनंद के शासन को समाप्त करने के बाद पहली बार इसे भारत वापस लाया। 26 मई से 6 जून तक स्टावेंजर में होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, कार्लसन और नए चैंपियन के बीच शतरंज के इतिहास में सबसे अधिक प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक होने का वादा करता है। गुकेश ने इस साल उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, टाटा स्टील मास्टर्स जीतकर, शतरंज ओलंपियाड में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के सबसे कम उम्र के विजेता बने और आखिरकार शास्त्रीय शतरंज में अंतिम पुरस्कारः विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

## रिया शिरीष ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में जीता पहला राष्ट्रीय खिताब



**नई दिल्ली।** औरंगाबाद की युवा निशानेबाज रिया शिरीष तट्टे ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज (डीकेएसएसआर) में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता (एनएससीसी) की महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। रिया ने पंजाब की सिमरनप्रीत कौर बरार को 7-2 से शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों निशानेबाज 8 सीरीज (प्रत्येक में 5 शॉट) में 31 हिट्स के साथ बराबरी पर थीं। ओलंपियन और पूर्व एशियाई खेल चैंपियन राही सरनोबत ने 25 हिट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत ने दिन में जूनियर महिला खिताब जीतकर अपने सीनियर रजत पदक के साथ एक शानदार साल का समापन किया। उन्होंने हरियाणा की पायल को 5-2 के शूट-ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों निशानेबाज 34 हिट्स के साथ बराबरी पर थीं। इस श्रेणी में रिया ने 30 हिट्स के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

## ईसा गुहा ने बुमराह पर 'नस्लीय' टिप्पणी करने के लिए माफी मांगी



**ब्रिस्बेन।** इंग्लैंड की पूर्व महिला क्रिकेटर ईसा गुहा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे तीसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में कमेंट्री करते हुए भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्राइमेट' कहने के कारण हुई किसी भी ठेस के लिए माफ़ी मांगी है। गाबा में दूसरे दिन के खेल के पहले सत्र के दौरान, बुमराह अपने धमाकेदार स्पैल के बीच में थे, जब ईसा ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा, "ठीक है, वह एमवीपी है, है न? सबसे मूल्यवान प्राइमेट, जसप्रीत बुमराह। वह वह है जो भारत के लिए सारी बातें करने वाला है, और इस टेस्ट मैच की तैयारी में उस पर इतना ध्यान क्यों दिया गया, और क्या वह फिट होगा। 2008 के मंकीगेट कांड के दौरान दोनों क्रिकेट टीमों के बीच तनाव को देखते हुए 'प्राइमेट' शब्द के इस्तेमाल ने काफी हलचल मचाई। गाबा में तीसरे दिन के खेल से पहले, ईसा ने तीसरे दिन के खेल की तैयारी में माफ़ी मांगी। "कल कमेंट्री में मैंने एक ऐसे शब्द का इस्तेमाल किया, जिसका कई अलग-अलग तरीकों से मतलब निकाला जा सकता है। सबसे पहले, मैं किसी भी तरह की ठेस के लिए माफ़ी मांगना चाहती हूं। जब दूसरों के लिए सहानुभूति और सम्मान की बात आती है।

## खो-खो को वैश्विक स्तर पर देख कोच सुमित भाटिया ने कहा हमारा सपना पूरा हो रहा है

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कोच सुमित भाटिया 13-19 जनवरी, 2025 को होने वाले खो खो विश्व कप के पहले संस्करण के लिए पूरी तरह से उत्साहित हैं। भाटिया, जो दो बार एशियाई चैम्पियनशिप जीतने वाले एकमात्र मुख्य कोच होने का एक अलग रिकॉर्ड रखते हैं, का मानना है कि यह ऐतिहासिक कदम खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने और इसे वैश्विक मान्यता दिलाने में मदद करने के सपने के साकार होने का संकेत है। दिल्ली सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के बाद, भाटिया 2016 और 2023 एशियाई खो खो चैम्पियनशिप जीत सहित विभिन्न भारतीय टीमों की सफलता का हिस्सा रहे हैं, और उन्होंने नसरीन शेख और सारिका सुधाकर काले जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया है। वे दोनों अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। नसरीन, जो विश्व कप शिविर का भी हिस्सा हैं, एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो एशियाई चैंपियनशिप में खेला है और स्वर्ण पदक जीता है। कोच-छात्र की जोड़ी अब वैश्विक आयोजन के लिए कमर कस रही है। खो खो विश्व कप की शुरुआत की यात्रा के बारे में बताते हुए, कोच ने कहा, "हमने 2020 में कोविड से पहले यहां एक अंतरराष्ट्रीय शिविर का आयोजन किया था। 16 देशों के कोच और खिलाड़ी यहां आए और हमने उन्हें प्रशिक्षण दिया। अब वे विश्व कप के लिए यहां आएंगे, लेकिन यह अभियान उसी शिविर में शुरू हुआ। उन्होंने आगे कहा, "करीब 30-35 देश टूर्नामेंट खेलने के इच्छुक थे, लेकिन हमने पुरुष और महिला दोनों के लिए सर्वश्रेष्ठ 20 टीमें चुनीं। कुछ देशों में एकल टीमें हैं जबकि कुछ में दोहरी टीमें हैं, लेकिन कुल 24 देश टूर्नामेंट में भाग लेंगे। खो खो को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना हमारा सपना था और अब हम देख सकते हैं कि हमारा सपना पूरा हो रहा है।" उन्होंने अल्टीमेट खो-खो लीग की शुरुआत की भी सराहना की और बताया कि कैसे फ्रेंचाइज -आधारित मॉडल ने खिलाड़ियों और कोचों को पहचान दिलाने में मदद की है, साथ ही जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को भी आगे लाया है। भाटिया ने कहा, ''जब अल्टीमेट खो-खो लीग शुरू हुई, तो मैं भी तेलुगु योद्धा के मुख्य कोच के रूप में शामिल हुआ और हमने फाइनल भी खेला। खिलाड़ियों को लीग के माध्यम से पहचान मिली है और यह सिर्फ वित्तीय नहीं है। पहले हम खो-खो कोच होने से हिचकिचाते थे, लेकिन आज हमारे खिलाड़ी हमें अपना कोच बताते हैं।

उन्होंने कहा, "लीग को इतनी कवरेज मिली कि हम जहां भी जाते हैं, खिलाड़ियों से ऑटोग्राफ के लिए संपर्क किया जाता है। इसलिए लीग के मंच ने कोचों और खिलाड़ियों दोनों के लिए एक नई दुनिया शुरू की और अब न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया हमें जानती है। पहले हम लोगों को अपने खेल के बारे में बताते थे, लेकिन अब वे जानते हैं कि खो-खो और अल्टीमेट खो-खो लीग क्या है और तीसरे सीज़न का भी इंतज़ार कर रहे हैं।

## जिम्बाब्वे पर अफगानिस्तान के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

एजेंसी

**दुबई।** जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों पर शनिवार को हरारे में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, "आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट ने समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए जिम्बाब्वे को लक्ष्य से दो ओवर कम होने का दोषी पाए जाने के बाद जुर्माना लगाया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपराध के लिए दोषी होने की बात स्वीकार की और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर इकोनो चाबी और फोर्स्टर मुटिज़वा, तीसरे अंपायर पर्सीवल सिज़ारा और चौथे अंपायर लैंग्टन रुसेरे ने आरोप तय किए। ज़िम्बाब्वे वर्तमान में सभी प्रारूपों के दौरे के लिए अफ़ग़ानिस्तान की मेज़बानी कर रहा है, जिसकी शुरुआत दोनों पक्षों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज़ से हुई। पहला टी20 मैच चार विकेट से हारने के बाद, अफ़ग़ानिस्तान ने जोरदार वापसी की और क्रमशः 50 रन और तीन विकेट से जीत दर्ज करके सीरीज़ 2-1 से अपने नाम कर ली।

## सीनियर बैडमिंटन नेशनल्स 18 दिसंबर से बेंगलुरु में

**बेंगलुरु।** एक रोमांचक घरेलू सत्र, जिसमें युवा चुनौती देने वाले उभरे और कुछ अनुभवी खिलाड़ियों ने किस्मत आजमाई, का समापन 77वीं इंटर-जोनल और 86वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के साथ होगा, जो 18-24 दिसंबर तक बेंगलुरु में कर्नाटक बैडमिंटन एसोसिएशन कोर्ट में खेली जाएगी। चैंपियनशिप की शुरुआत इंटर-जोनल टीम स्पर्धाओं से होगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसमें मौजूदा पुरुष एकल चैंपियन चिराग सेन और महिला एकल विजेता अनमोल खरब बेहद प्रतिस्पर्धी मैदान के बावजूद अपने-अपने खिताब बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

## गिलेस्पी ने बताया, उन्होंने पाकिस्तान के कोच के पद से क्यों दिया इस्तीफा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** जेसन गिलेस्पी ने खुलासा किया है कि मैच से पहले प्लेइंग इलेवन के बारे में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ उनका कोई स्पष्ट संवाद नहीं था और उन्होंने कहा कि रेड-बॉल कोच के रूप में उनकी भूमिका केवल कैचों को मारने तक सीमित रह गई थी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने अप्रैल में दो साल के लिए पाकिस्तान के रेड-बॉल कोच का पद संभाला था और अक्टूबर में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 2-1 से जीत दर्ज की थी। लेकिन गिलेस्पी ने पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान की टेस्ट श्रृंखला से पहले अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अकीब जावेद को अब पाकिस्तान का अंतरिम टेस्ट कोच नियुक्त किया गया है और अक्टूबर में गैरी कर्स्टन के पद से हटने के बाद वह व्हाइट-बॉल की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। "मुझे लगा कि मैं मूल रूप से कैच पकड़ रहा हूं, और मैच की सुबह बस इतना ही था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेले गए तीसरे टेस्ट के दौरान एबीसी ग्रैंडस्टैंड शो में गिलेस्पी ने कहा, "आप सभी हितधारकों, उदाहरण के लिए चयनकर्ताओं के साथ स्पष्ट संवाद करने में सक्षम होना चाहते हैं, ताकि मैच से पहले या कम से कम मैच से एक दिन पहले मुख्य कोच के रूप में टीम के बारे में अच्छी तरह से पता चल सके। उन्होंने यह भी कहा कि उनके और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच संवाद स्पष्ट नहीं था।



## महंगाई से बड़ी राहत

# थोक मुद्रास्फीति दर नवंबर में घटकर 1.89 फीसदी रही

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) या थोक मुद्रास्फीति दर नवंबर में घटकर 1.89 प्रतिशत रह गई है, जो कि अक्टूबर में 2.36 प्रतिशत थी। इसकी वजह खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आना है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को दी गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य महंगाई दर नवंबर में 8.29 प्रतिशत पर रही है, जो कि अक्टूबर में 11.59 प्रतिशत थी। इसकी वजह सब्जियों में महंगाई दर का कम होना है। नवंबर में प्याज में महंगाई दर अक्टूबर के 39.25 प्रतिशत के मुकाबले 2.85 प्रतिशत रही है। बीते महीने ईंधन की कीमतों में महंगाई दर -5.83 प्रतिशत थी। इसके कारण थोक महंगाई की रफ्तार में कमी आई है। थोक महंगाई दर का खुदरा महंगाई दर से सीधा संबंध होता है। थोक महंगाई दर में कमी आने का असर खुदरा कीमतों पर भी होता है। पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत की खुदरा मूल्य मुद्रास्फीति या खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत रह गई।

इसमें कमी आने की वजह महीने के दौरान खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि कम हुई। खुदरा महंगाई दर में कमी लगातार दो महीने की बढ़त के बाद देखने को मिली थी। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तय किए गए महंगाई के बैंड 2 से 6 प्रतिशत के ऊपर निकलने के बाद एक बार फिर से खुदरा मुद्रास्फीति काबू में आ गई है। आरबीआई द्वारा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे आने का इंतजार किया जा रहा है, जिससे ब्याज दरों में कटौती कर वृद्धि दर को बढ़ाया जा सके। आरबीआई ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति में वृद्धि दर और महंगाई में बैलेंस रखते हुए कैश रिजर्व रेशियो (सीआरआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे बैंकिंग सिस्टम में तरलता में इजाफा हुआ है।

## वर्ष 2025 में टियर 2 और 3 शहरों पर रहेगा फोकस



● भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर पर कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली)।** रेजिडेंशियल, ऑफिस और इंडस्ट्रीयल सेक्टर में वर्ष 2024 में बंपर तेजी देखने को मिली है और वर्ष 2025 में कंसोलिडेशन रह सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, रेजिडेंशियल और ऑफिस बाजार लगातार उच्च स्तर पर रहने के बाद संभावित रूप से स्थिर हो सकते हैं। लेकिन, इंडस्ट्रीयल और वेयरहाउस की मांग में वृद्धि देखी जा सकती है, जिसे मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि और बढ़ती हुई लॉजिस्टिक्स इंडस्ट्री का फायदा मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि बढ़ता हुआ शहरीकरण, बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का पूरा होना और इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के विकास से वर्ष 2025 में वृद्धि की नई संभावनाएं विशेषकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में उबरेंगी। वहीं, वर्ष 2024 में शीर्ष छह शहरों में वार्षिक सकल पट्टे चालू वर्ष की तीसरी तिमाही तक 47 मिलियन वर्ग फुट तक पहुंच गए हैं।

## रेलवे स्टेशनों पर ओएसओपी आउटलेट्स की संख्या बढ़ी

### महिला कारीगरों को मिल रहा फायदा

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्र सरकार ने वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) स्कीम का विस्तार देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर कर दिया गया है और इसके तहत 1,854 आउटलेट्स पर विभिन्न स्थानीय उत्पादों को बेचा जा रहा है। इस स्कीम का उद्देश्य महिला कारीगरों को सशक्त बनाना है। भुसावल मंडल के रेल प्रबंधक, इति पांडे ने कहा कि अकेले सेंट्रल रेलवे में इन आउटलेट्स में से 157 हैं। सेंट्रल रेलवे में भुसावल मंडल में 25 से ज्यादा ओएसओपी आउटलेट्स हैं और सभी स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। पांडे ने आगे कहा कि महिला उद्यमी भुसावल और जलगांव में पैठणी साड़ियों और पर्स से लेकर पैक्ड रोस्टेड उत्पादों और अकोला में बांस क्राफ्ट जैसे स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी ओएसओपी स्कीम के जरिए कर रही हैं। मार्च 2022 में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू की गई।

## भारत में स्मार्टफोन निर्यात में 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि

### नवंबर माह में एप्पल रहा रेस में सबसे आगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में इस साल नवंबर में स्मार्टफोन निर्यात में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, जो पहली बार एक महीने में 20,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। स्मार्टफोन निर्यात को लेकर सबसे ज्यादा वृद्धि एप्पल को लेकर देखी गई। इंडस्ट्री के आंकड़ों के अनुसार, स्मार्टफोन निर्यात 20,300 करोड़ रुपये को पार कर गया, जो पिछले साल की समान अवधि से 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। पिछले महीने निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा, उसके बाद सैमसंग का स्थान रहा। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल नवंबर में देश से स्मार्टफोन निर्यात 10,600 करोड़ रुपये से अधिक था। देश में स्मार्टफोन बाजार के वर्ष 2024 तक एकल अंकों की वार्षिक वृद्धि के साथ बाहर निकलने की उम्मीद है।

## सेंसेक्स 81,748 पर लाल निशान में बंद




**मुंबई।** मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी के मेटल, आईटी, कमोडिटीज, एनर्जी, एफएमसीजी और फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 384.55 अंक या 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,748.57 पर बंद हुआ और निफ्टी 100.05 अंक या 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,668.25 पर बंद हुआ। जानकारों ने कहा कि शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था, जबकि रियल्टी क्षेत्र ने बढ़ती मांग और 2025 में संभावित ब्याज दरों में कटौती चक्र की उम्मीद में बेहतर प्रदर्शन किया। विनिर्माण और सेवा पीएमआई में वृद्धि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही की आय में सकारात्मक बदलाव का संकेत देती है, जो वित्त वर्ष 2025 की आय में और गिरावट को सीमित कर सकती है। उन्होंने कहा, अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड पर बढ़ती यील्ड और डॉलर में मजबूती के कारण निवेशक आगामी अमेरिकी फेड पॉलिसी और 2025 की दरों के लिए इसकी टिप्पणियों पर नजर बनाए हुए हैं।


## एक नजर

### सीआईपी और चाईल्ड फंड इंडिया के बीच एमओयू

**रांची।** भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत चाईल्ड फंड इंडिया और केंद्रीय मनोचिकित्सक संस्थान (सीआईपी), रांची के बीच सोमवार को एमओयू हुआ। इसके तहत झारखंड में बच्चों और किशोरों की देखभाल करने वालों और समुदाय के सदस्यों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और मनो सामाजिक समर्थन को मजबूत किया जाएगा। सीआइपी के निदेशक डॉ वीके चौधरी, चाईल्ड फंड इंडिया के कंट्री डायरेक्टर राजेश रंजन सिंह मौजूद थे।

### कृषि अर्थशास्त्री डॉ आरके मिश्र नहीं रहे

**रांची।** प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री



एवं योजनाकार तथा बिरसा कृषि विवि के अवकाशप्राप्त निदेशक (योजना एवं विकास) डॉ राधाकांत मिश्र का सोमवार की शाम कृषि बिहार, अरसंडे, कांके स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 92 वर्ष थी। बीएयू में उपनिदेशक और निदेशक (पीआईएम) के रूप में उन्होंने 1983 से 1993 तक कार्य किया। इसके पूर्व वह बिहार सरकार में योजना पदाधिकारी के रूप में पटना में कार्यरत थे।

### वैश्य मोर्चा के सदस्यों ने पीला झंड़ा लगाया

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से सोमवार को झंड़ा लगाओ अभियान की शुरूआत की गई। संगठन से जुड़े सदस्यों एवं समाज के लोगों ने अभियान के क्रम में अपने आवास व प्रतिष्ठान पर पीला झंड़ा लगाया। संगठन के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि पीला झंड़ा वैश्यों का सुरक्षा कवच है। बताया कि यह अभियान 31 दिसम्बर तक चलेगा। कहा, जल्द ही संगठन के कार्यकताओं की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। संगठन के मोहन साव, उपेन्द्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, अनिल वैश्य समेत अन्य के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में झंड़ा लगाया गया।

### दुग्ध उत्पादन में आ रही चुनौतियों से कराया अवगत

**रांची।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ मीनेश शाह रांची दौरे पर पहुंचे। उन्होंने झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ (जेएमएफ) के ग्रामीण दुग्ध उत्पादकों की उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सराहना की। बैठक में दुग्ध उत्पादकों के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ शाह को वर्तमान में दुग्ध उत्पादन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया। डॉ शाह ने समस्याओं का संज्ञान लेते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने चुनौतियों से निपटने की भी सलाह दी, ताकि झारखंड का अपना ब्रांड मेधा हर घर तक पहुंच सके।

### सदस्यता अभियान के लिए महानगर भाजपा ने की बैठक

**रांची।** भाजपा रांची महानगर कार्यालय में संगठन महापर्व के अवसर पर सदस्यता अभियान के लिए सोमवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने की। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने भाजपा को जन जन से जुड़ी पार्टी बतायी। युवाओं, महिलाओं को पार्टी के मूल्यों को जानकारी होने, जुड़ने और मूल्यों को आत्मसात करने की बात कही। संगठन को और मजबूत बनाने पर उन्होंने जोर दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि पार्टी सबका साथ, सबका विकास चाहती है और ये तभी संभव है, जब अधिक से अधिक लोग पार्टी की विचारधारा से जुड़ें। बैठक में मुख्य रूप से मनोज सिंह, सत्यनारायण सिंह, बलराम सिंह, जीतेंद्र वर्मा, राजू सिंह, रोमित नारायण सिंह एवं अन्य मौजूद थे।

डोरंडा स्थित मछली पार्क व धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का कृषि मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

# सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में अब पंचायत के लोगों का होगा दावा : शिल्पी

- *अव्यवस्था देख हुई नाराज, 10 दिनों में आवश्यक सुधार लाने का निर्देश*
- *महिला स्वयं सहायता समूह को मछली पालन से जोड़ने का मंत्री ने दिया निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार की शाम डोरंडा स्थित मत्स्य निदेशालय केंद्र मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कुव्यवस्था को देख कर काफी नाराज हुई। उन्होंने कहा झारखंड में अब सरकारी तालाब की बंदोदस्ती का दायरा पंचायत स्तर तक ही सीमित रहेगा। पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब में अब उसी पंचायत के लोगों को बोली लगाने और उसके बाद मछली पालन का मौका मिलेगा। अब दूसरे जिले के लोग किसी पंचायत में सरकारी तालाब की बंदोबस्ती में भाग नहीं ले पाएंगे। बहुत जल्द इसको लेकर नियमावली बनाई जाएगी। मछली पार्क में फैली गंदगी, पॉलीथिन के इस्तेमाल, आगंतुकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 10 दिनों के अंदर इसमें सुधार लाने का निर्देश दिया है। औचक निरीक्षण के क्रम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उपस्थिति पंजी की भी जांच की। काम के समय में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को अपने कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश भी दिया गया है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर में सरकारी तालाब का जिलावार आंकड़ा विभागीय अधिकारियों से मांगा है।

राज्य में 12 हजार 580 के करीब सरकारी तालाब है। जिसमें करीब 1 हजार सरकारी तालाब रांची में है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब ऐसा नियम बनाए जिसमें पंचायत के अधीन पड़ने वाले सरकारी तालाब को उसी पंचायत के कॉपरेटिव सोसाइटी को दिया जा सके। तालाब की बंदोबस्ती में किसी दूसरे जिले को मौका नहीं मिलना चाहिए। ऐसा करने से स्थानीय स्तर पर लोगों को मछली पालन के साथ जोड़ कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जा सकता है। कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए जरूरी 300 लोगों की अनिवार्यता में भी संशोधन करने का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। मंत्री ने छोटे - छोटे कॉपरेटिव सोसाइटी बना कर गांव के लोगों को लाभ देने को कहा है। औचक निरीक्षण के क्रम में ये जानकारी मिली की इस साल 25 सौ लाख मछली जीरा छोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य के एवज में 16 सौ 46 लाख जीरा का वितरण किया जा सका है। सबसे कम लोहरदगा में 60 लाख जीरा का वितरण हुआ है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसको बढ़ाने के साथ- साथ जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। मछली पालन में खरछढर से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह को जोड़ने की भी तैयारी है। रांची और हजारीबाग जिला के महिला स्वयं सहायता समूह को सबसे पहले मछली पालन से जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

## झारखंडी भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

गिरिडीह सांसद ने लोकसभा में शून्य काल में उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र



प्रकाश चौधरी ने सोमवार को संसद में झारखंड में बोली जाने वाली कुड़माली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, खोरठा पंचपरगनिया व नागपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची व जनगणना कॉलम में शामिल करने की मांग की। उन्होंने यह मांग शून्य काल में की। उन्होंने सदन में कहा कि झारखंड राज्य में पांच जनजातीय व चार क्षेत्रीय भाषाएं जैसे संथाली, कुडुख, मुंडारी, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, पंचपरगनिया व नागपुरी लोगों द्वारा बोली जाती है। इसमें से सिर्फ संथाली भाषा को आठवीं अनुसूची मे शामिल किया गया है जबकि आठ अन्य जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने पूछा कि किन कारणों से इन भाषाओं को छोड़ा गया है और भारतीय भाषा संस्थान का इस पर क्या शोध हुआ है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन भाषाओं को कैसे बढ़ावा देने की योजना है।



*केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।*

## पांच जिलों के प्रतिभागियों ने किया कला की कई विधाओं का प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और नेहरू युवा केंद्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप सहायक समाहर्ता आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि परियोजना पदाधिकारी डॉ ऋतू राज, शिक्षाविद कमल बोस उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमंडल के पांच जिला जिसमे रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा के जिला स्तर युवा उत्सव पर प्रथम विजेताओं, लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में लोहरदगा की राधिका कुमारी, कहानी लेखन में रांची की शिवम कुमार प्रजापति, विज्ञान मेला में सिमडेगा जिला की टीम, सामूहिक लोकगीत में रांची की निशा रानी समूह, एकल गीत में रांची के अजय महतो, कविता लेखन में गुमला की दीपिका कुमारी, एकल नृत्य में खूंटी के मनीष अलोक, समूह नृत्य खूंटी की संतज जोसफ कॉलेज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता गुमला से तुषार पांडे थे।

सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं सभी निर्णायक मंडली के सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रमंडल स्तरीय विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार, वीवाई एफ चेयरमैन गौरव अग्रवाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक कौशल किशोर, पर्यटन विशेषज्ञ रौशन, जिला खेल समन्वयक आशीष बनर्जी, मुकेश समेत अन्य लोगों ने भूमिका निभाई।

## एनएसयूआई ने की सीनेट और सिंडिकेट सदस्यों के चयन की मांग

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई की राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो को ज्ञापन सौंपा। वहीं मांग किया कि रांची यूनिवर्सिटी समेत राज्य के चार विश्वविद्यालयों में सीनेट और सिंडिकेट के सदस्यों का चयन किया जाये। विदित हो कि कई वर्षों से सीनेट और सिंडिकेट के सदस्यों का चयन नही हुआ है। महागठबंधन की सरकार होने के बाद एनएसयूआई के लोगों को उम्मीद है कि इस सरकार में उन्हें जगह मिलेगी और छात्रों के मुद्दों को उठा कर उसका निवारण करेंगे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव ने कहा कि एनएसयूआई कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। हम पूरा प्रयास करेंगे की एनएसयूआई के लोगों को सीनेट व सिंडिकेट में जगह मिले। मौके पर राष्ट्रीय संयोजक आरुषी वंदना, प्रदेश अध्यक्ष विनय ओरांव, एव प्रदेश के तमाम पदाधिकारी गण मौजूद थे।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150वें वर्ष उत्सव, बोले राज्यपाल

# मौसम विज्ञान विभाग की भविष्यवाणियों से प्राकृतिक आपदाओं में आयी है कमी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को रांची स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्ष उत्सव में सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इनके समर्पण और तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपनी सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं, जैसे वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है, क्योंकि इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूर्वानुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है। राज्य में समय पर मौसम की चेतावनियां दी गईं, जिससे स्थानीय समुदायों और आपदा प्रबंधन दलों को प्रभावी सहायता मिल सकी।

राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मौसम पूर्वानुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी बताया कि झारखंड को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दर्शाता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है, जिसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रयासों के माध्यम से समय पर मौसम जानकारी प्राप्त कर समाज को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाया जा सकता है।

राज्यपाल ने मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों के निरंतर समर्पण और प्रयासों की सराहना की, जो निरंतर मौसम पूर्वानुमान प्रसारण में लगे रहते हैं। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि समय पर जानकारी और चेतावनियां संबंधित हितधारकों तक पहुंचें, ताकि आपदाओं का प्रभाव कम किया जा सके। राज्यपाल ने इस क्षेत्र में सभी हितधारकों से सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की, ताकि आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सके और समाज को बेहतर ढंग से आपदा प्रबंधन के लिए तैयार किया जा सके।

## न्यूज बॉक्स

### एआईटीयूसी का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को एआईटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि एवं अन्य प्रतिनिधियों ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री गिरि ने बताया कि झारखंड के कई ट्रेड यूनियनों को अविभाजित बिहार सरकार द्वारा रद्द कर दिया गया था, लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस आदेश को अनुचित बताते हुए निरस्त कर दिया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से श्रम एवं नियोजन विभाग द्वारा इन ट्रेड यूनियनों को पुनः मान्यता प्रदान करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

### पूर्व सैनिक महासम्मेलन के लिए राज्यपाल गंगवार आमंत्रित



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को कर्नल एआर सिन्हा (सेवानिवृत), अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल राजभवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने राज्यपाल को आगामी 11-12 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाले पूर्व सैनिक महासम्मेलन में आमंत्रित किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**जेएसएससी का घेराव करने...**

ओर से ली गई सीजीएल परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को घेराव और प्रदर्शन की घोषणा की थी। छात्रों के ऐलान को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने जेएसएससी दफ्तर और उसके आसपास के इलाके को पहले से छावनी में तब्दील कर दिया था। सोमवार को दिन में करीब 01:30 बजे छात्रों के एक समूह ने नामकुम सदाबहार चौक पर इकट्ठा होकर जेएसएससी दफ्तर की तरफ बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोका। जेएलकेएम नेता देवेंद्र महतो प्रदर्शनकारी छात्रों की अगुआई कर रहे थे। छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कई छात्रों को चोटे भी आई हैं। हजारों की संख्या में छात्र पहुंचे और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे। छात्रों के नेता देवेंद्र नाथ महतो पर भी पुलिसकर्मियों ने लाठी बरसाई और उन्हें घसीटकर पुलिस की गाड़ी में बिठा लिया। उनके दो अन्य को भी हिरासत में ले लिया गया। इधर, प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि जेएसएससी कार्यालय के एक किलोमीटर के बाद हम सभी विरोध कर रहे हैं, वह भी पुलिस को नहीं पच रहा है। छात्रों का कहना है जिस तरह से प्रशासन झारखंड की युवाओं के साथ खेल रहा है, यह गलत है। झारखंड के युवा ही यहां की शक्ति हैं। वहीं, मौके पर वज्र वाहन और वाटर कैनन से लेकर 2500 जवान तैनात किए गए थे। बता दें कि प्रशासन ने नामकुम के सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में और जेएसएससी कार्यालय के भी 500 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू कर दिया है। धारा 163 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक लागू है। ज्ञात हो कि रांची और हजारीबाग सहित राज्य के कई शहरों में छात्रों ने प्रदर्शन किए हैं। 10 दिसंबर को हजारीबाग में आंदोलित छात्रों ने करीब चार घंटे तक हाईवे जाम कर दिया था। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। आयोग ने छात्रों के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी, जिसने जांच के बाद दावा किया था कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हालांकि, दो दिन पहले सीएम हेमंत सोरेन ने गड़बड़ी के आरोपों की जांच सीआईडी से कराने की घोषणा की थी।

**मांगे पूरी न होने पर अनशन और...**

आलोक चौरसिया ने चालकों की समस्याओं की समीक्षा की और आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया। उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि वह संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे और ठोस पहल करेंगे। चालकों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर से मिलकर समस्याओं को सामने रखा। आनंद शंकर ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से बात की, जिन्होंने एक-दो दिनों में समाधान का भरोसा दिया। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू महासचिव विवेक सिंह ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को पत्र और वीडियो भेजकर जिला प्रशासन की दमनकारी नीति से अवगत कराया। चिराग पासवान ने समस्या समाधान और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ऑटो चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि 17 दिसंबर तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन आमरण अनशन में बदल जाएगा और पलामू में अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा। आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन पर होगी। इस मौके पर अनुज मिश्रा, बिट्टू खान, यासीन अंसारी, मुन्ना, संतोष शुक्ला, प्रेम तिवारी, गुड्डू शुक्ला समेत हजारों चालक शामिल रहे।

**हाथियों के आतंक से परेशान...**

गोपाल चंद्रा से बीडीओ सुबोध कुमार ने फोन पर बात करने पर वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने बीडीओ से उचित व्यवहार नहीं किया। बीडीओ ने कहा कि वन क्षेत्र पदाधिकारी की बातों को डीसी के पास लिखित रूप में शिकायत दर्ज करायी जायेगी। बताते चले कि हाथियों के लगातार आतंक के बावजूद भी एक दिन भी क्षेत्र में हाथियों के निजात के लिए वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा कोई पहल नहीं किया गया और न ही किसी भी पीड़ित के घर पहुंचे। मौके पर सड़क जाम कर रहे सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

**ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला को मिला....**

रेहला के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी को प्रदान किया। इस मौके पर ग्रासिम, रेहला के पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा और एनर्जी मैनेजर सूरज पांडे भी उपस्थित थे। इस पुरस्कार के लिए देशभर की 752 औद्योगिक इकाइयों ने आवेदन किया था, जिनमें से ग्रासिम, रेहला ने क्लोर अल्कली श्रेणी में पहले स्थान पर आकर यह सम्मान हासिल किया। यह उपलब्धि ग्रासिम, रेहला की ऊर्जा संरक्षण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो औद्योगिक क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण से संबंधित सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक माना जाता है। इधर, ग्रासिम, रेहला कारखाना परिसर में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में ग्रासिम, रेहला की वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने इस पुरस्कार से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया और कंपनी द्वारा ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हम ऊर्जा, पर्यावरण, जल संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहे हैं, और इसमें सभी कर्मचारियों का सहयोग मिल रहा है। यही कारण है कि ग्रासिम, रेहला को यह प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। हम आगे भी इस प्रयास को जारी रखेंगे और सभी की सहभागिता से नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।

### भारतीय सशस्त्र बलों ने मनाया 1971 के युद्ध में पाकिस्तान से जीत का प्रतीक 'विजय दिवस'

# सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम : राजनाथ

**राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बल सोमवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मना रहे हैं। मुख्य समारोह सेना की पूर्वी कमान ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में मनाया। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुखों ने 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को सलाम किया। विजय दिवस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी तथा पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज विजय दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्र भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता है। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारत उनके बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार देने के साथ ही नए राष्ट्र बांग्लादेश को ज न म दिया। केवल 13 दिनों में भारतीय सशस्त्र बलों ने रणनीतिक प्रतिभा और असाधारण बहादुरी से 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को पूरी तरह से परास्त करके अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण कराया। यह तिथि भारत की अपने मित्रों देशों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने दुश्मनों के लिए एक दृढ़ चेतावनी के रूप में कार्य करती है।

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। सीडीएस ने राष्ट्र के प्रति समर्पण, संकल्प और स्थायी प्रतिबद्धता के लिए सभी सेवारत कर्मियों, दिग्गजों और वीर नारियों को भी अपनी बधाई दी। इसके अलावा, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। वाइस नौसेना प्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने कहा कि इस विजय दिवस पर हम 1971 के युद्ध में बांग्लादेश को आजाद कराने और निर्णायक जीत हासिल करने के लिए उनके असाधारण साहस और रणनीतिक प्रतिभा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम करते हैं।



## प्रधानमंत्री मोदी ने रणबांकुरों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विजय दिवस पर 1971 की ऐतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने एक्स हैंडल पर मां भारती के सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं।

## भारत और बांग्लादेश ने मनाया विजय दिवस

**कोलकाता।** भारत और बांग्लादेश ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर दोनों देशों के युद्धवीरों और सैन्य अधिकारियों ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में 1971 के युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी धर्मों के गुरुओं ने प्रार्थना की और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना के अनुसार, भारत से आठ युद्धवीर और दो सैन्य अधिकारी बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए ढाका पहुंचे, जबकि बांग्लादेश के आठ मुक्ति योद्धा और दो सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अमीनुर रहमान के नेतृत्व में कोलकाता में आयोजित विजय दिवस समारोह में भाग लेने भारत आए।

**1971 के भारत-पाक युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर भारत बांग्लादेश ने विजय दिवस मनाया**

### मोदी ने कहा, हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं

# अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे : दिसानायके

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिसानायके ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान भारत के 'अत्यधिक समर्थन' के लिए आभार जताया और कहा कि श्रीलंकाई जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है।

श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने बातचीत के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा, मैंने भारत के प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया है कि हम अपनी जमीन को किसी भी तरह से भारत के हितों खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे। भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से बढ़ेगा और मैं भारत के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं। पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर रविवार शाम को भारत पहुंचे दिसानायके ने समर्थन और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया उनकी यात्रा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में पीएम मोदी ने श्रीलंका के विकास में भारत के मजबूत समर्थन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत ने अब तक श्रीलंका को पांच बिलियन डॉलर की ऋण सहायता और अनुदान सहायता प्रदान की है। श्रीलंका के सभी 25 जिलों में हमारा सहयोग है और हमारी परियोजनाओं का चयन हमेशा साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अगले वर्ष से जाफना और पूर्वी प्रांत के विश्वविद्यालयों में 200 छात्रों को मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। अगले पांच वर्षों में श्रीलंका के 1500 सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



- भारत के पीएम और श्रीलंका के राष्ट्रपति ने जारी किया संयुक्त वक्तव्य

**अगले पांच वर्षों में श्रीलंका के 1500 सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा**

- रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा

# दिल्ली में प्रदूषण से बढ़ती जा रही फेफड़े, हृदय, आंख की बीमारी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी है दिल्ली। यहां देश चलाने वाले सर्वोच्च सत्ताधारी नेता व नौकरशाह रहते हैं। लेकिन, प्रदूषण व गंदी हवा की हालत यह है कि दिल्ली व उससे जुड़े शहर, जिसे एनसीआर कहते हैं, सांस लेने लायक नहीं रह गए हैं। अस्पतालों में दमा के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। लोग सांस लेने में तकलीफ होने की शिकायत लेकर डॉक्टर के पास जा रहे हैं। कई लोग ब्लड प्रेशर बढ़ने व कई लोग आंखों में जलन आदि के कारण डाक्टर के यहां जाने को मजबूर हो रहे हैं। लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने में परेशानी होने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार सांस लेने लायक हवा नहीं होने पर व्यक्ति जब सांस लेता है, तो उसमें ऐसे-ऐसे जहरीले पदार्थों के कण होते हैं, जिससे कैंसर, दमा, हृदय रोग, किडनी रोग, आंख रोग, मस्तिष्क रोग, तंत्रिका रोग सहित बहुत सारे रोग हेने लगते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार यहां की हवा बेहद खराब श्रेणी में है। यह हालत आगामी छह दिनों तक रह सकती है।

रविवार को लोगों ने खराब हवा में सांस ली। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 294 दर्ज किया। रविवार को हवाएं उत्तर-पूर्व दिशा से छह किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलीं। शाम को हवा की गति चार किलोमीटर प्रतिघंटे हो गई। ऐसे में प्रदूषक संघन हो गए। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार व वजीरपुर सहित 20 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि, नरेला, आया नगर, डीटीयू समेत 10 इलाकों में खराब श्रेणी में हवा रही। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक वेंटिलेशन इंडेक्स एक हजार वर्ग मीटर रही।

यह औसत से कम है। वहीं, अगले 24 घंटे में यह 500 वर्ग मीटर दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा मिक्सिंग डेप्थ 700 मीटर रही। आईआईटीएम के मुताबिक, सोमवार को हवा उत्तर-पूर्व दिशाओं से चली। इसकी गति 04 किमी प्रति घंटा रही। मंगलवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा से 04 किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी। बुधवार को दक्षिण-पूर्व से पूर्व दिशाओं से हवा आने की संभावना है, जिसकी गति 06 किमी प्रति घंटा होगी। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में फरीदाबाद का एक्यूआई सबसे कम रहा। यहां एक्यूआई 143 रहा, जोकि मध्यम श्रेणी में है। स ा थ ही, ग्रेटर नोएडा में 262, गुरुग्राम में 239, नोएडा में 213 और गाजियाबाद में 224 एक्यूआई रहा।

**जब देश की राजधानी की यह हालत, तो अन्य शहरों का हाल क्या होगा**



## संतान कोई संपत्ति नहीं बालिग बेटी की शादी को स्वीकार करें : सुप्रीम कोर्ट



**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना व जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने विवाह के समय एक लड़की के नाबालिग रहने के आधार पर उसके 'पार्टनर' के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई के लिए दायर याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि 'संतान कोई संपत्ति नहीं है।' याचिका युवती के माता-पिता ने दायर की थी।

पीठ ने कहा कि विवाह के समय लड़की नाबालिग नहीं थी और व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई, क्योंकि उसके (लड़की के) माता-पिता को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। पीठ ने कहा कि आपको कैद करने का अधिकार नहीं है। आप अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार नहीं करते हैं। आप अपनी संतान को एक संपत्ति मानते हैं। संतान कोई संपत्ति नहीं है। पीठ ने महिला के माता-पिता द्वारा कोर्ट में जमा किए गए जन्म प्रमाण पत्र में विसंगतियों का हवाला दिया और कहा कि वह मामले को आगे नहीं बढ़ा रहा है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 16 अगस्त को, नाबालिग के कथित अपहरण और यौन उत्पीड़न मामले में महीदपुर निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी थी। नाबालिग के पिता ने अपहरण और अन्य अपराधों से संबंधित प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी लापता है। यह आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति ने उनकी बेटी को बहला-फुसला कर उसका अपहरण कर लिया। हाई कोर्ट ने इस तथ्य पर गौर करते हुए प्राथमिकी रद्द कर दी कि लड़की बालिग थी और उसकी सहमति से यह शादी हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने हाई कोर्ट के फैसले को निरस्त करने से इनकार कर दिया।

# अब सीरिया में जड़ें जमाने की कोशिश में आईएसआईएस

### हमला कर 88 लोगों की जान ली, कई घायल, कई लापता

**एजेंसी**

**दमिश्क।** सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद शासन के पतन के बाद आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) जड़े जमाने की कोशिश कर रहा है। इस्लामिक स्टेट ने पूर्वोत्तर सीरिया में गतिविधियां तेज कर दी है। आतंकी समूह के हमले में कम से कम 88 लोग मारे गए हैं। अरबी न्यूज बेवसाइट '+963' के अनुसार, सैन्य सूत्रों ने रविवार को कहा कि मौजूदा स्थिति का फायदा उठाते हुए आईएसआईएस ने पूर्वोत्तर सीरिया के इलाकों में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। आतंकी संगठन ने पिछले दिनों इस क्षेत्र में कई हमले किए। इन हमलों केवल 24 घंटों में 88 लोग मारे गए और अन्य घायल हो गए। बहुत से लोग लापता हैं। साथ ही, आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट अब अपने लड़ाकों को फिर सक्रिय कर रहा है। वह अराजकता और विभिन्न दलों के बीच चल रहे संघर्षों का फायदा उठाने की रणनीति पर काम कर रहा है। आईएसआईएस ने अपने कुछ महत्वपूर्ण सामरिक ठिकानों का पुनर्निर्माण किया है।



'+963' की खबर के अनुसार सीरिया के भविष्य को लेकर जॉर्डन के अकाबा में अरब मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन में इस विषय (कुछ आतंकी समूहों की बढ़ती गतिविधियों) पर चर्चा की गई। आधिकारिक बयानों में सीरिया की एकता को बरकरार रखने वाले एक आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में अमीरात, बहरीन और कतर के मंत्रियों और अरब राज्यों के लीग के महासचिव के अलावा जॉर्डन, सऊदी अरब, इराक, लेबनान और मिस्र के विदेशमंत्रियों ने हिस्सा लिया। इस बीच विद्रोहियों के नेता और सीरिया में संयुक्त संचालन कमान के कमांडर अहमद अल-शरा उर्फ अबू मोहम्मद अल-जुलानी ने कहा कि कुर्द मातृभूमि का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। उन्होंने एक पत्रकार के सवाल के जवाब में एक वीडियो क्लिप में कहा, बशर अल-असद के शासन को उखाड़ फेंकने के बाद सभी सीरियाई लोग कानून के दायरे में रहेंगे। विस्थापितों को वापस लाया जाएगा। अब कुर्दों के लिए सीरिया के निर्माण में भागीदार बनने का समय आ गया है।

# बांग्लादेश में यूनुस ने किया राष्ट्रीय आम सहमति आयोग के गठन का ऐलान

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रो मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को राष्ट्रीय आम सहमति आयोग के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस आयोग में मौजूदा सुधार आयोगों के प्रमुख शामिल होंगे। साथ ही, अगला आम चुनाव 2025 के अंत या 2026 की पहली छमाही में कराना संभव हो सकता है। बीडीन्यूज24डॉटकॉम के अनुसार अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने विजय दिवस के अवसर पर दिन में 10:00 बजे राष्ट्र के नाम संबोधन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार ने छह सुधार आयोगों का गठन किया है। उम्मीद है यह आयोग जल्द ही अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेंगे। यूनुस ने कहा कि अब देश छह आयोगों के अध्यक्षों के साथ एक राष्ट्रीय आम सहमति आयोग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों से परामर्श के बाद सिफारिशें तैयार करेगा। नए आयोग का पहला काम आम चुनाव के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णयों पर शीघ्रता से आम सहमति स्थापित करना होगा।



### इंफोसिस के सह-संस्थापक ने फिर दोहराई 70 घंटे काम की बात

# युवा कड़ी मेहनत करें, देश को नंबर एक बनाएं : नारायण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने एक बार फिर सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात दोहराते हुए युवाओं से देश के विकास के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील की है। मूर्ति ने सबसे पहले वर्ष 2023 में देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए 70 घंटे काम करने के विचार का सुझाव दिया था। हालांकि, कई लोगों और कुछ डॉक्टरों ने उनकी आलोचना की, लेकिन ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल सहित कई लोगों ने इसकी सराहना भी की थी। मूर्ति ने हाल ही में कोलकाता में एक कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी को यह एहसास होना चाहिए कि उन्हें 'कड़ी मेहनत करनी है और देश को नंबर एक बनाने की दिशा में काम करना है।' उन्होंने भारतीयों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

नारायण मूर्ति ने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के शताब्दी समारोह में आरपीएसजी ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका के साथ बातचीत में कहा, इंफोसिस में, मैंने कहा था कि हम सर्वश्रेष्ठ बनेंगे और अपनी तुलना सर्वश्रेष्ठ वैश्विक कंपनियों से करेंगे। एक बार जब हम अपनी तुलना सर्वश्रेष्ठ वैश्विक कंपनियों से करेंगे, तो मैं आपको बता सकता हूं कि हम भारतीयों के पास करने के लिए बहुत कुछ है। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपनी आकांक्षाएं बड़ी रखनी होंगी, क्योंकि 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन मिलता है। इसका मतलब है कि 80 करोड़ भारतीय गरीबी में हैं। अगर हम कड़ी मेहनत करने की स्थिति में नहीं हैं, तो कौन कड़ी मेहनत करेगा? मूर्ति ने कहा कि उन्होंने 'यह महसूस किया कि एक देश गरीबी से केवल तभी लड़ सकता है, जब वह ऐसे रोजगार सृजित करे, जो खर्च करने लायक आय दें। उद्यमिता में सरकार की कोई भूमिका नहीं है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि उद्यमी धन और रोजगार का सृजन कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा, उद्यमी राष्ट्र का निर्माण करते हैं, क्योंकि वे रोजगार के अवसर पैदा करते हैं, वे अपने निवेशकों के लिए धन सृजन करते हैं और वे करों का भुगतान करते हैं। इसलिए, यदि कोई देश पूंजीवाद को अपनाता है, तो वह अच्छी सड़कें, ट्रेनें और अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार करेगा।

नारायण मूर्ति की यह टिप्पणी युवा भारतीयों द्वारा कार्यस्थल पर झेले जाने वाले तनाव की चिंताओं के बीच आई है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भी लंबे समय तक काम करने के गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है, जो न केवल कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक संबंधों पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं।



**बोले मूर्ति**

- हमें अपनी आकांक्षाएं बड़ी रखनी होंगी
- हम मेहनत नहीं करेंगे तो कौन करेगा